डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 07 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-290, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे पहले ही ...

**सेंसेक्स**
78,593.07 -166.33

**डॉलर**
83.931 -0.066

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 68,910
01 किलो 78,660

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।



राज्य के पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही अपने गांव केतार प्रखंड के बत्तो कला कधवन गांव में गांव की महिलाओं के साथ धान रोपनी किया। उन्होंने बताया कि वह किसान परिवार से संबंध रखते हैं। किसान पुत्र होने के कारण धान रोपनी करने में गर्व महसूस करते हैं।

## बाल संरक्षण अधिनियम को ठेंगा दिखाता बाल तस्कर

**डालटनगंज स्टेशन से बच्चों को नोएडा (यूपी) ले जाया जा रहा था बाल तस्कर**

**कूलर कंपनी में काम दिलाने के लिए 12 बच्चों को नोएडा ले जा रहा बाल तस्कर गिरफ्तार**

**सभी बच्चे बिहार के गया जिला के सलैया के रहने वाले हैं। बच्चों की उम्र 10-14 वर्ष के बीच**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ठेकेदार द्वारा तस्करी के लिए बाहर ले जाये जा रहे 12 को बच्चों को तस्करी के साथ हिरासत में लिया। सभी बच्चे बिहार के गया जिले के सलैया के रहने वाले हैं। तस्कर भी सलैया का रहने वाला है। आरपीएफ व पुलिस की टीम गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर रही है। मामले में सीडब्ल्यूसी को सूचना दी गई है। बता दें कि मंगलवार को रेलवे सुरक्षाबल के जवान डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर गश्ती के दौरान उनकी नजर बच्चों पर पड़ी।



आरपीएफ जवानों ने जब पूछताछ की तो पता चला कि बच्चों की तस्करी कर नोएडा ले जाया जा रहा है। बच्चों से पूछताछ के आधार पर मौके से ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि बच्चों को नोएडा के एक फैक्ट्री में ले जाया जा रहा था। आरपीएफ ने सभी बच्चों को रेस्क्यू किया और पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की है। बच्चों को उत्तर प्रदेश के नोएडा के इलाके में एक कूलर फैक्ट्री में ले जाया जाना था। बच्चों को प्रति महीने सात हजार रुपए की मजदूरी देने की बात बोली गई थी। सभी बच्चों की उम्र 10 से 14 वर्ष के बीच की है।

## एक नजर

### आडवाणी दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ गई है। उन्हें मंगलवार को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपोलो अस्पताल के मुताबिक 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी को न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। चिकित्सकों की टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर के पास दो मकान धराशायी, एक की मौत

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप येलो जोन में सोमवार देर रात को दो पुराने मकान धराशायी हो जाने से नौ लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा से फोन कर घटना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने मंडलायुक्त को सभी घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक एनडीआरएफ और पुलिस की टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकाल कर कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां एक महिला ने दम तोड़ दिया।

### नौकरी के दिलाने के नाम पर 1.66 करोड़ की ठगी

**रांची।** न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर झारखंड के लोगों से 1.66 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई है। इस मामले की जांच को लेकर चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिकायत की है।

## आज | कल





# बरही में स्टील प्लांट की चिमनी में विस्फोट, एक श्रमिक की मौत

**पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलसे, चार रांची रेफर**

**हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में हो रहा एक का इलाज**

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बरही में पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट की चिमनी में मंगलवार को हुए जोरदार ब्लास्ट में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। सभी झुलसे श्रमिकों को तत्काल हजारीबाग शहर के आरोग्यम अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चार श्रमिकों को रांची के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार प्लांट की चिमनी में दोपहर में करीब 12:00 बजे धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि वहां काम कर रहे मजदूर हवा में दूर तक उछल गए। सभी 80 से 90 फीसदी झुलस गए थे। एक मजदूर जितेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रेफर किए गए घायलों में राजू, राजेश, शैलेश और रामदेव हैं। एक मजदूर नरेंद्र कुमार का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है।





बरही में झारखंड इंडस्ट्रीयल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) की ओर से इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। यहां कई उद्योग लगने शुरू हुए हैं। जिस पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय कंपनी के प्लांट में विस्फोट हुआ है, वह करीब दो साल पहले यहां स्थापित हुआ है। अस्पताल में मजदूरों का स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव भी पहुंचे।

इधर, ब्लास्ट की वजह से फैक्टरी को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट कैसे हुआ, इसके बारे में फिलहाल प्लांट की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित बरही घटनास्थल पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया।

## मंईयां योजना आवेदन में हो रही परेशानी शीघ्र दूर होगी : कल्पना सोरेन



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का 21 से 50 उम्र तक सभी वर्गो की महिलाओं-बहनों को लाभ दिलाने के लिए प्रखंडों की पंचायतों व गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। योजना को लेकर जिलेभर की महिलाएं-बहनें शिविर में बढ़-चढ़कर का भाग ले रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वे स्वयं भी आवेदन कर रही हैं और अन्य को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। शनिवार से ही शहरी क्षेत्र सहित पूरे जिले भर में लाभुकों से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत

**रांची।** दल-बदल मामले में झारखंड विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले मांडू क्षेत्र के पूर्व विधायक जयप्रकाश

**दल-बदल मामले में गंवाई है झारखंड विधानसभा की सदस्यता**

पटेल को झारखंड हाई कोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं मिल पाई है। झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्र नाथ महतो के ट्रिब्यूनल ने 25 जुलाई को जयप्रकाश पटेल की विधायकी रद्द कर दी थी। पटेल ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर फिलहाल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हसीना को ब्रिटेन से अब तक शरण के लिए नहीं मिला ग्रीन कार्ड

**बाहर जाने की सुरक्षित व्यवस्था होने तक भारत में रहेंगी**

**विदेश मंत्री जयशंकर ने सर्वदलीय बैठक में बताया**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में भले ही अन्य देशों के जरूरतमंद राजनयिकों, अन्य क्षेत्र के जाने -माने लोगों को सुरक्षा देने का बेहतरीन रिकॉर्ड है, जिनको राजनीतिक कारणों से इसकी बहुत जरूरत होती है।लेकिन वहाँ आव्रजन नियमों के तहत किसी को शरण लेने या अस्थायी शरण लेने के लिए यात्रा करने की अनुमति देने का कोई नियम नहीं है।लेकिन इधर तो शेख हसीना अपने विरूद्ध बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर छात्र आंदोलन व हिंसा के चलते 5 अगस्त को देश छोड़ भारत भाग आईं हैं। और अज्ञात स्थान पर हैं। हालांकि उन्होंने ब्रिटेन से पनाह मांगी है , उनके परिवार के लोग व रिश्तेदार वहाँ हैं। उनके एक रिश्तेदार वहाँ सांसद भी हैं। वे लोग हसीना के ब्रिटेन जाने में जो अड़चन आ रही हैं , उसको दूर करने के लिए प्रयासरत भी हैं। उनके एक रिश्तेदार सांसद ने 5 अगस्त को ही ब्रिटिश सरकार व संबंधित मंत्री से मिलकर इसके लिए कहा व लिखा है। लेकिन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है सरकार : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश के हालात पर मंगलवार को लोकसभा में बयान देते हुए कहा है कि बांग्लादेश में कार्यरत राजनयिक मिशनों के माध्यम से सरकार बांग्लादेश में रह रहे भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में है। लोकसभा में बांग्लादेश के हालात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने बताया कि जनवरी 2024 में हुए चुनाव के बाद से, बांग्लादेश की राजनीति में भारी तनाव, गहन विभाजन और बढ़ता ध्रुवीकरण देखा गया। इस अंतर्निहित परिस्थिति ने इस वर्ष जून में शुरू हुए छात्र आंदोलन को और उग्र बना दिया। हिंसा में वृद्धि होती रही, जिसमें सार्वजनिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने संसद भंग की, खालिदा जिया रिहा

एजेंसी



**ढाका।** हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी। ढाका से प्रकाशित ट्रिब्यून के अनुसार, एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और छात्र आंदोलन के नेताओं के साथ राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की बैठक के निर्णय के आधार पर, राष्ट्रीय संसद को भंग कर दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## क्यों ब्रिटेन में शरण लेना चाहती है शेख हसीना?

**शेख हसीना की छोटी बहन रेहाना की बेटी तुलिप ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद है इसलिए हसीना व रेहाना दोनों ही लंदन में शरण लेना चाहती हैं।**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शेख हसीना को ब्रिटेन में शरण नहीं मिला तो फिनलैंड या जर्मनी या आयरलैंड या अमेरिका में भी शरण लेने की कोशिश सकती हैं। शेख हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी विदेश शरण लेने जाएँगी। शेख रेहाना, शेख हसीना की छोटी बहन हैं। वर्ष 1975 में भी बांग्लादेश में ऐसा विद्रोह हुआ था जिसमें प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान , उनकी मां व तीन बेटों की हत्या कर दी थी। उस समय शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां तथा छोटी बहन शेख रेहाना के साथ जर्मनी में थीं, सो वे बच गईं। वरना पूरा परिवार खत्म हो गया होता। रेहाना का जन्म

**वहाँ नहीं मिला तो फिनलैंड, जर्मनी, आयरलैंड में भी कोशिश कर सकती हैं।**

13 सितंबर 1955 में हुआ था और वो बांग्लादेश के पिता कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान के परिवार की सबसे छोटी बेटी हैं। शेख रेहाना की शुरूआती पढ़ाई लिखाई शाहीन स्कूल से हुई। 1971 में जब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी की हो व्यापक दृष्टि



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम में से अनेक लोग चाहते हैं कि विदेशों की तरह स्वर्गिक सुविधाएं हमें मिलें सरकारी नौकरी पक्की मिले पर हमें निजी कंपनी की तरह काम न करना पड़े। हमारे व्यवसाय में दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति हो पर टैक्स न देना पड़े। विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प चुनौतीपूर्ण है। इसके लिए भारत को मध्य आय के जाल से निकलना होगा और लगातार 7 से 10 प्रतिशत की विकास दर से वृद्धि करनी होगी। मौजूदा विकास दर की गति से अमेरिका के चौथाई जीडीपी तक पहुंचने में भारत को 75 साल लग जाएंगे। 27 जुलाई को नीति आयोग के शासी निकाय की बैठक में भी इस रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय उद्योग परिसंघ के सम्मेलन में कहा था कि अब विकसित भारत के लिए उद्योगों की अहम भूमिका है। ऐसे में अब सरकार से विकसित भारत के स्पष्ट रोडमैप की अपेक्षा की जा रही है। नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित देश बनाने के लिए कई अनुकूलताएं भारत के पास हैं। चूंकि यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है, अतएव भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा और ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आए। प्रधानमंत्री ने गांवों से गरीबी समाप्त करने का लक्ष्य तय करने और जिलों को विकास के वाहक बनाने का आह्वान किया है।नीति आयोग के दृष्टिपत्र में कहा गया है कि 'जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और विविधता' के तीन स्तंभों पर विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले 70 वर्षों में मुश्किल से एक दर्जन मध्यम आय वाले देश ही उच्च आय वाले विकसित देश बन पाए हैं। ऐसे में कई बड़े लक्ष्य की चुनौतियों के बीच भारत को



विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा। भारत को एक विकसित देश बनने के लिए 18,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय के साथ 2047 तक करीब 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आवश्यकता है। विकसित भारत के लिए देश में प्रत्येक नागरिक के पास गुणवत्तापूर्ण आवास, 24 घंटे शुद्ध पेयजल और बिजली आपूर्ति, हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड और बैंकिंग सुविधाओं सहित उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरूरी होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2024-25 का आम बजट महत्वपूर्ण है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी, फिच आदि ने वित्त वर्ष 2024-25 के भारत के बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा कम करने की प्रतिबद्धता दिखाई गई है।शेष 23 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं है। 2047 तक 18,000 डॉलर वार्षिक प्रति व्यक्ति आय के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए दो अंकों की वृद्धि लगातार बनाए रखनी होगी। सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान, जर्मनी जैसे देशों ने दशकों तक ऊंची विकास दर से विकसित देश का सम्मान पाया है। इन देशों के विकसित देश बनने में संस्थागत और सामाजिक बदलावों से भी बड़ी मदद मिली है। सिंगापुर ने अफसरशाही में सुधार किया, कोरिया ने अभिनव निजी-सार्वजनिक भागीदारी विकसित की है, तो जापान ने अपने सार्वजनिक क्षेत्र में नियमन और न्यायपालिका में पूरी तरह पश्चिमी उदारवादी मॉडल अपनाने की रणनीति अपनाई।भारत को इनके अलावा ऊर्जा क्षेत्र की मांग पूरी करनी होगी। औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ानी होगी। ग्रामीण व शहरी? असमानता दूर करनी होगी। इन सबके साथ-साथ इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि देश में इस समय जिस तरह पुरातन व्यवस्थाओं और सख्त अफसरशाही ढांचे की वजह से निर्णय प्रक्रिया में देरी होती है, उसमें व्यापक सुधार लाया जाए। विकसित भारत के लिए जरूरी होगा कि कृषि के अतिरिक्त श्रम बल के लिए उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजित किए जाएं। देश में न्यायिक प्रक्रिया और कानून के प्रवर्तन में सुधार और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं को श्रम शक्ति में अधिक भागीदारी देने और अन्य सामाजिक बदलावों को लागू करने जैसे अभियानों के लिए प्रबल राजनीतिक और सामाजिक सहमति बनानी होगी।इसमें बड़ी बाधा वोट बैंक की भेदभाव वाली राजनीति सबसे बड़ी आबादी और भ्रष्टाचार है।

### लोहरदगा में आटा चक्की फटने से एक की मौत, दो बच्चे घायल

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा जंगल मुहल्ला के समीप मंगलवार को आटा चक्की ब्लास्ट होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सेन्हा जंगल मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय असफाक अंसारी घर पर मंगलवार को आटा पिसाई कर रहा था। इस दौरान चक्की ब्लास्ट कर गया, जिससे वह घायल हो गया। साथ ही, वहां खड़े 6 वर्षीय तंजील अंसारी और 3 वर्षीय साकिब अंसारी भी गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सेन्हा स्थित सामुदायिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

डॉ. शशि भूषण मेहता ने विधायक मद की राशि से जेएसएलपीएस महिला समूह के बीच बांटे सिलाई मशीन

# महिलाएं सिलाई कटाई करके रोजगार उत्पन्न कर स्वावलंबी बनें : विधायक

» 288 महिला स्वयं सहायता समूह को सिलाई मशीन वितरण किया गया





**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता द्वारा विधायक मद की राशि से जेएसएलपीएस महिला समूह के पांकी प्रखंड के अम्बाबार ,पगारखुर्द, डंडार कला,एंव पकरिया पंचायत के लिए अपने मौर्या फार्म हाउस पर सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 288 महिला स्वयं सहायता समूह को सिलाई मशीन वितरण किया गया। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत पांकी विधायक डॉक्टर मेहता द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर उन्होंने कहा कि हमने आप सभी से यह वादा किया था कि सबकी सत्ता में भागीदारी एवं विकास में हिस्सेदारी होगी। उस वादे को पूरा करते हुए महिलाओं को सिलाई मशीन देने का काम किया हूं। अभी एक समूह पर एक सिलाई मशीन एवं समूह के सभी सदस्यों को एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया जा रहा है, लेकिन आने वाले समय में समूह के सभी सदस्यों के लिए सिलाई मशीन दूंगा । ताकि महिलाएं सिलाई कटाई कर रोजगार उत्पन्न करके अपने आप में स्वावलंबी बन सके और परिवार का जिम्मेवारी उठा सके। मोदी जी ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। आने वाले समय में इसका भी लाभ आप लोगों को मिलेगा। सिंचाई परियोजना पर उन्होंने कहा की अगर सरकार सिंचाई परियोजनाओं पर ध्यान देती तो आपका विधानसभा सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर होता है। अगर आज डबल इंजन की सरकार होती तो पांकी विधानसभा क्षेत्र का हर गांव सिंचाई के मामले में अग्रणी हो जाता।

**कार्यक्रम की शुरूआत विधायक ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की**

### आजीविका संकुल संगठन भवन का निर्माण किया जाएगा : विधायक

विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने कहा कि आने वाले समय में पूरे पांकी विधानसभा के सभी प्रखंड जिनमें पांकी के 5, तरहसी 3 ,नीलाम्बर- पीतांबरपुर 3, मनातू 3, सतबरवा के 1 सहित पूरे पांकी विधानसभा में 15 जेएसएलपीएस के समूह के लिए आजीविका संकुल संगठन भवन का निर्माण किया जाएगा। भवन सारी सुविधाओं से लैस होगी। जहां वे अपने दैनिक कार्यक्रमों को कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अम्बाबार पंचायत का मुखिया राजेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अजय पासवान ,कमेश यादव, सुनील कुशवाहा, भागेश्वर राम, दिलीप कुशवाहा, सुनील कुशवाहा समेत काफी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## न्यूज बॉक्स

### प्लस टू स्कूल की जमीन अतिक्रमण से मुक्त होगी : सीओ



**पाटन।** अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन का औचक निरीक्षण कर विद्यालय से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा स्कूल के जमीन का अतिक्रमण कर रहे थे। इसकी जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल संतोष कुमार ने अंचलाअधिकारी को दी। सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने स्कूल में पहुंच कर इस मामले को संज्ञान में लेकर अतिक्रमण कर रहे लोगों को अतिक्रमण से मुक्त करने को कहा।

### बीडीओ ने विद्यालय में बच्चों को पढ़ाया



**पाटन।** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी के प्रखण्ड कॉलोनी, विद्यालय में पाटन के बीडीओ अमित कुमार झा ने वर्ग 1, 2 एवं 7 वर्ग के बच्चों को पढ़ाया। इससे बच्चों में खुशी का मौहाल देखा गया। उन्होंने बच्चों को अनुशासन मे रहने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के संग उनकी कार्यशैली के बारे में जानकारी प्राप्त की । इसी दौरान साथ में प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार, बीएफटी ब्रजेश कुमार और विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

### वार्ड दो व तीन में जल जमाव से जन जीवन अस्त-व्यस्त



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड-तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड 3 के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है।जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण के लिए खुदाई किये जाने से सड़क अवरुद्ध हो गया है। अभी वर्तमान में आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से लोगों का आवागमन चालू किया गया है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड तीन के अलावा दो वार्ड विशुनपुर, दरुआ,रामाबांधी और फातमा चक मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड अनुमंडल रोड ,स्टेशन रोड, विधायक आवास से मुनि सिंह चौक रोड सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जीयों की फसल बर्बाद हो गई है। जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं।

### काजीनगर में किसान पाठशाला का आयोजन

**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत के काजीनगर गांव में मंगलवार को बीटीएम परवीन जहां ने एनएमएईटी योजना अंतर्गत किसान पाठशाला का आयोजन किया। इसमें मडुआ की वैज्ञानिक पद्धति से खेती पर कार्यशाला में चर्चा की गई। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कृषि करने की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पारंपरिक कृषि के अलावा अन्य फसल उगाकर अधिक कमाई की जा सकती है। इसके अलावा, फसलों में देशी खाद का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने मडुआ खेती के लिए किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि इसकी खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक होता है। साथ ही, मडुआ कुपोषण को दूर करने में काफी मददगार है। इसमें प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व होते हैं। कार्यक्रम में किसान सुधीर सिंह, सुरज पासवान, जगदीश मेहता, अवधेश मेहता, शत्रुघ्न कुमार, सनोज कुमार, ममता देवी, आशा देवी, नेहा देवी, कलावती देवी, पुष्पा देवी, संध्या देवी सहित समस्त किसान उपस्थित थे।

## शिविर के चौथे दिन, चार आवेदन ऑनलाइन अपलोड के साथ खाता खुला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत पंचायत सचिवालयों में लगाये जा रहे शिविर के चौथे दिन मंगलवार को हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में लाभुकों के आवेदन ऑनलाइन अपलोड करने की पहली बार खाता खुला है। मुखिया कमलकुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि इस पंचायत के लोगों को शिविर में पहली बार खुशी मिली कि चौथे दिन मात्र चार आवेदन ऑनलाइन अपलोड किये जा सके हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड में पंचायत की सूची में परता नंबर वन से शुरू होता है। पर अन्य पंचायतों की अपेक्षा पहली बार साइट खुलने के बाद काम हो सका है। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना से महिलाओं का सम्मान नहीं, बल्कि अपमान करने पर तुली है। प्रतिदिन शिविर में आयीं मईया उदास होकर घर लौट रही हैं।

## मुखिया पर मनमानी तरीके से कार्य किए जाने का लगाया आरोप

• पलामू उपायुक्त के नाम नावाबाजार बीडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड स्थित राजहारा पंचायत के उप मुखिया सहित सभी वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पलामू उपायुक्त के नाम लिखे गए आवेदन नावाबाजार बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी को सौंपा। साथ ही पंचायत की योजनाओं की जांच करते हुए मुखिया के ऊपर समुचित कार्रवाई की मांग की है। सभी सदस्यों का आरोप है कि अबुआ आवास योजना को लेकर योग्य लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा किया जाना, लेकिन मुखिया के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया। ग्रामसभा पंजी मुखिया के द्वारा अपने घर में रखा गया है। जहां अयोग्य लाभुकों से पैसा वसूल कर सूची तैयार करने का खेल खेला जा रहा है। लोगों का आरोप है कि इसके पहले भी मुखिया और पंचायत सचिव के मिलीभगत से अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है। आवेदन में उल्लेखित है कि मुखिया पद पर रहते हुए अपनी पत्नी रेणु देवी के नाम प्रधानमंत्री आवास (जेएच136253368) योजना का लाभ इनके द्वारा लिया गया। जबकि मुखिया के साथ-साथ पूर्व से भी सक्षम व्यक्ति रहे हैं। गांव में इनका पूर्व से भी सुव्यवस्थित आवास भी है। जो बिना कार्य कराए पैसों की निकासी कर ली गई है। लोगों का आरोप है कि पेयजल व स्वच्छता



विभाग से कराए जाने वाले चापाकल को लेकर कार्यकारिणी की बैठक नहीं की गई। मुखिया मनमानी तरीके से सार्वजनिक जगहों को छोड़कर अपने खुद के जमीन और अपने लोगों के घर के पास कराया। इतना ही नहीं बिना कार्यकारिणी की सहमति 15वे वित आयोग की राशि से अपनी घर के पास पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया। जिसका उपयोग केवल और केवल उनके द्वारा किया जाता है। जो सरकारी राशि का दुरुपयोग है। शिकायत पत्र में उल्लेखित किया है कि पंचायत सचिवालय में बिना कार्यकारिणी बैठक व सदस्यों की सहमति एक हीं वर्ष में दो बार रंग-रोगन का कार्य कराया गया। यह सब सरकारी राशि का दुरुपयोग है। उप मुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने बताया कि मुखिया के मनमानी के खिलाफ जब भी आवाज उठाने को आगे बढ़ना चाहते है तो उनके द्वारा एससी एसटी एक्ट केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। मुखिया के द्वारा पंचायत के उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों को अपमानित किया जाता है। साथ हीं कहा जाता है कि इस पद का कोई काम नहीं है। नावाबाजार बीडीओ से शिकायत करने पहुंचे उप मुखिया अशोक चौहान सहित वार्ड सदस्य सुप्रिया देवी, रौशन शुक्ला, रागिनी देवी, सत्या देवी, ऊषा कुमारी, सुखराही देवी, बिजय चौहान, अनीता देवी, सुषमा देवी, संगीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन देकर मुखिया पर कार्रवाई की मांग की है।

> उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। हम पंचायत के सभी प्रतिनिधियों का सम्मान करते हैं। राशि का कहीं दुरुपयोग नहीं किया गया है।
> **चंदन कुमार, मुखिया, राजहारा पंचायत, नावाबाजार।**

## एक नजर

### नियमित बिजली नहीं मिलने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**पाटन।** पाटन में जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह के द्वारा लोईंगा गाँव के हुसनी टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान हुसनी टोला के ग्रामीणों ने अध्यक्ष उमेश सिंह को बताया कि बिजली के समस्या से हम लोग जूझ रहे है। 50 लोग विद्युत कनेक्शन धारी है। हमलोगो को 1 किलोमीटर की दूरी पर सुठा पंचायत में ट्रांसफार्मर लगाया गया है। 11000 के तार जर्जर अवस्था में हैं। नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने पर विद्युत कार्यालय के पास तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष उमेश सिंह ने विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार सुपर प्रतिलिपि देकर अवगत कराया है।

### लाभार्थी इस योजना को लेकर परेशान : मुखिया

**पाटन।** मंगलवार को सगुना पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर लगाया गया। शिविर मे मुखिया मंजू देवी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, पंचायत सेवक अहमद हुसैन उपस्थित थे। शिविर में मुखिया मंजू देवी ने बताया कि इस योजना मे फॉर्म को ऑनलाइन करने के लिए सर्वर डाउन चल रहा है। योग्य लाभार्थी इस योजना को लेकर परेशान हैं, तीन दिनों मे सिर्फ दो लोगों का ऑनलाइन फॉर्म प्राप्त किया गए हैं। जबकि ऑफलाइन पांच सौ फॉर्म जमा किए गए हैं। यह झारखंड सरकार की योजना पूरी तरीका से फेल साबित होता दिख रही है। इस संबंध में सुगना पंचायत के युवा समाज सेवी रंजीत कुमार सिंह ने कहा सरकार सिर्फ लोगों को ठगने का काम कर रही है। इस योजना के तहत लोग परेशान हो रहे हैं।

### पंसा-हैदरनगर पथ निर्माण की आस जगी

## केन्द्रीय मद से स्वीकृति मिलने की बात सामने आई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** अंतर्राज्यीय संपर्क का महत्वपूर्ण मार्ग प्रखंड क्षेत्र का पंसा-हैदरनगर पथ अपनी बदहाली पर आठ-आठ आसूं बहा रहा है। जो क्षेत्रीय ग्रामीणों के लिए दशकों से संघर्ष का मुद्दा बना हुआ है। इसमें बातें और आश्वासन मिलते रहे हैं। मगर धरातल पर स्थिति अबतक जस की तस बनी रही। अब केंद्रीय मद से स्वीकृति मिलने की बात सामने आई है, जिसके कार्य रूप में धरातल पर उतरने की बाट ग्रामीण जोह रहे हैं। ग्रामीणों ने संघर्ष के दौर में इसे लेकर लोस चुनाव के बहिष्कार का भी ऐलान किया था। इससे पहले जिला पार्षद अंजू देवी, रामबांध व पंसा पंचायत के मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विकास सिंह, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, शुभम कुमार सिंह के नेतृत्व में युवा से बुजुर्गों तक ने मानव श्रृंखला बनाकर मांग पर बल दिया था। इससे पहले भी कोसियारा गांव के समीप सांकेतिक रूप से जाम कर आवाज बुलंद किया था। इसमें कई दलीय नेताओं ने भी शिरकत किया था। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात बाद उनके अनुकूल इस पथ के निर्माण की दिशा में सार्थक परिणाम सामने नहीं आया, तो विस चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। बताते चलें कि इस पथ के सरपट बनने के बाद दंगवार-जपला मुख्य सड़क से बिहार से चलकर हैदरनगर के समीप पंसा मोड़ से होकर 12 किमी की सफर के साथ कोयल नदी पुल से गढ़वा जिले में पहुंचना आसान हो सकता है। वहीं गढवा से एमपी छत्तीसगढ़ यूपी पहुंचना भी सुगम हो सकता है।

## सांसद प्रतिनिधि ने 'मंईयां सम्मान' योजना का चुनावी झुनझुना बताया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को चुनावी झुनझुना बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसका लाभ पहुंचाने से अधिक इसके प्रचार-प्रसार से सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का स्वांग कर रही है। अब तक जो स्थिति देखने को मिल रही है, उसमें इसे लेकर महिलाओं को परेशानी के सिवाय कुछ हासिल होती नहीं नजर आती है। उनको आवेदन ऑनलाइन कराने के लिए खेतीबाड़ी के मौसम में सारे कामकाज छोड़कर कैंपों में समय की बर्बादी के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाया है। केवल निराशा ही हाथ लगी है। तकनीकी खराबी तो एक बहाना है। दरअसल, इसके पीछे का मकसद महिलाओं को बरगलाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना को आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं का महज वोट हासिल करने के लिए लाया है। जबकि राज्य की महिलाएं मुख्यमंत्री के इस झांसे में आने वाली नहीं हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर ही उनके कल्याण का भरोसा है। इस बार राज्य में इंडिया महागठबंधन का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक में कई निर्णय

## समाज को फाइलेरिया मुक्त होना बहुत जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग हेतु प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सेवाराम साहू के द्वारा फाइलेरिया संबंधित विषय पर चर्चा में कहा गया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छर के काटने से फैलती है। भारत सरकार ने इस बीमारी के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की है। जो प्रखंड क्षेत्र में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सभी को दवा खिलाने की शुरूआत की जायेगी।

इस कार्य में आप सभी जागरूकता फैलाने और दवा वितरण में सक्रिय रूप से भूमिका निभायेंगे। सभी ने मिलकर फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए कड़ी मेहनत करने का भी संकल्प लिया। साथ ही फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर अनूप तिवारी ने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत खुद भी फाइलेरिया रोधी दवा खानी है और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके उपयोग के लिए समझाना है। एमडीए अभियान के दौरान दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवाएं फाइलेरिया बीमारी की नहीं, बल्कि इससे बचाव की दवा है। इसे हर स्वस्थ व्यक्ति को खाना चाहिए, क्योंकि इस बीमारी से बचने के लिए दवा का सेवन ही एक मात्र विकल्प है।

**अपने सामने ही दवा खिलायें: प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी :** वही प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि जब भी वो दवा खिलाने जायें तो सामने में ही दवा खिलाए। किसी को सिर्फ उपलब्ध कराकर छोड़ने का कार्य नहीं करें। लगातार पांच साल खाने से फाइलेरिया नामक बीमारी के झंझट से ही मुक्ति मिल जायेगी। समाज के उत्थान और उन्नति के लिए समाज को फाइलेरिया मुक्त होना बहुत जरूरी है। फाइलेरिया मुक्त समाज से ही हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। देश में अपंगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण फाइलेरिया है। यह जितनी जटिल बीमारी है, उतना ही सरल इसका निदान भी है। बस सिर्फ इसके लिए हमें तत्पर रहकर अपनी सहभागिता निभानी होगी।

### 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलेगा : आलोक

वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलेगा। जिसमे सहिया घर-घर परिभ्रमण कर अपनी उपस्थिति में फाइलेरिया की दवा सभी लोगो को खिलाएंगी। प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता पूरी तत्परता के साथ सभी लोगो को दवा खाने हेतु जागरूक करेंगे एवम दवा का सेवन कराएंगे। यह बीमारी फाइलेरिया जिसका दूसरा नाम हाथी का पांव भी है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है इससे बचाव हेतु प्रतिवर्ष जो फाइलेरिया की दवा है ,उसे सभी को खाना बहुत जरूरी है। बैठक मे जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, बीपीएम राजकुमार सिंह , बीडीएम निलेश कुमार पांडे, डीएलटीएफ विजय पांडे ,बीटीटी अनिल कुमार गिरी ,सीसी अनीता देवी, दिलीप तिवारी, दयाशंकर प्रसाद ,संजीव सिंह आदि कई पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

## 'मंईयां सम्मान योजना' अब 'मईया परेशान योजना' बन गई है : कमलेश सिंह

• हड़बड़ी में लिया गया यह फैसला महिलाओं के लिए मुसीबत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड की महिलाओं के लिए शुरू की गई 'मंईयां सम्मान योजना' अब 'मइयां परेशान योजना' बन गई है। हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक और एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने इस योजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकार का हड़बड़ी में लिया गया यह फैसला महिलाओं के लिए मुसीबत बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं अपना घर- बार छोड़कर पंचायत सचिवालयों का चक्कर लगा रही हैं, फिर भी उनका आवेदन अपलोड नहीं हो पा रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि अगर मुख्यमंत्री इस योजना को ईमानदारी के साथ लागू करना चाहते हैं तो उन्हें सर्वजन पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना एवं सावित्री बाई फुले योजना की तर्ज पर ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था करनी चाहिए। आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव या मुखिया के द्वारा आवेदन लेने की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए, ताकि महिलाओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। विधायक ने सरकार की ऑनलाइन नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार हर काम ऑनलाइन करना चाहती है, लेकिन इसके मुताबिक व्यवस्था नहीं करती। उन्होंने सुझाव दिया कि जागरूकता रथ चलाने और बड़े बड़े विज्ञापन देने की जगह बेहतर पोर्टल का निर्माण कराना चाहिए था। मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए गांव और शहर की महिलाएं आवेदन के साथ शिविरों में दिन गुजार रही हैं और शाम होने के बाद निराश होकर अपने घर वापस लौट रही हैं। विधायक ने कहा कि जिस उद्देश्य से हेमंत सोरेन ने इस योजना को आनन-फानन में लॉन्च किया था, वह विफल हो गया है। खेती-बाड़ी का समय होने की वजह से उनका काफी नुकसान भी हो रहा है।

### इस स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाने का आग्रह

कमलेश सिंह ने सरकार से आग्रह किया है कि वह अविलंब इस स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाए। ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया को लागू कर महिलाओं को राहत पहुंचाए और योजना के असली उद्देश्य को पूरा करें। इस प्रकार, 'मंइयां सम्मान योजना' ने महिलाओं के जीवन में सम्मान के बजाय परेशानी और निराशा का भाव ला दिया है। सरकार को जल्द से जल्द इस स्थिति का समाधान निकालना चाहिए। ताकि महिलाओं को राहत मिल सके और योजना का सही लाभ उन तक पहुंच सकें।

# पलामू सांसद ने सदन में क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मामलों को उठाया

## रांची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन को डालटनगंज से होकर सप्ताह में 6 दिन चलाने की मांग की

**पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव कराने का मामला सदन में रखा**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मामलों को उठाया। उन्होंने सदन में रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव कराने और कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने, का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने वन्दे भारत ट्रेन को टाटा नगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने के अलावे पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव और पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव कराने का मामला सदन में रखा। इसके अलावे गरीब रथ ट्रेन का मोहम्मदगंज पर ठहराव कराने की और रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को डालटनगंज होकर सप्ताह में चार दिन चलाने की मांग की। सांसद ने कहा कि सदन के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मॉग करता हूँ कि उपरोक्त मागों को पूरा करने की कृपा करेंगे। ताकि यात्रियों का रेलवे की यात्रा सुगम हो सके।

**रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को गोरखपुर तक विस्तार करने की मांग**

यात्रियों के लिए रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन को सप्ताह में 6 दिन चलाने की मांग की। राम ने रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को गोरखपुर तक विस्तार करने और रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलाने का आग्रह रेल मंत्री से किया। उन्होंने कहा कि डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। इसलिए ट्रेन कोरोना काल में चली थी। उसे बंद कर दिया गया है उसे पुनः चालू किया जाए।

# प्रभारी औषधि निरीक्षक का केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस फेडरेशन ने किया स्वागत



**दवा व्यवसायियों को नारकोटिक्स ड्रग के विक्रय पर सावधानी बरतने का सलाह दी एवं इसका विक्रय नियम संगत करने की बात कहीं**

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मंगलवार को स्थानीय औषधि प्रशासन कार्यालय में पलामू जिले के जोन वन एवं जोन 2 के नवनियुक्त प्रभारी औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस फेडरेशन मेदिनीनगर के द्वारा किया गया। समारोह में अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर औषधि निरीक्षक के प्रति सम्मान प्रकट किया गया । औषधि निरीक्षक ने अपने संबोधन में दवा व्यवसाईयों को प्रतिदिन कैश मेमो काटने का निर्देश दिया । साथ ही शेड्यूल एच वन रजिस्टर रखने का निर्देश दिया। दवा व्यवसायियों को नारकोटिक्स ड्रग के विक्रय पर सावधानी बरतने का सलाह दी एवं इसका विक्रय नियम संगत करने की बात कहीं। फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल में मृत्युंजय शर्मा, अमिताभ मिश्रा, सतीश तिवारी, रमाकांत पांडे, गौरीशंकर मिश्रा, विपुल भूषण, जितेंद्र कुमार ,संजय कुमार ,प्रिंस कुमार एवं साथ में कार्यालय कर्मी विवेकानंद सिंह ,उमेश कुमार एवं विनय कुमार जी उपस्थित थे ।

## एक नजर

### वाहन जांच अभियान चलाया गया



**मेदिनीनगर।** छह मुहान पर सघन जांच अभियान चलाया गया । इसके तहत चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गई। बगैर हेलमेट एवं बिना लाइसेंस गाड़ी चला रहे थे वाहन चलकों के वाहन को जब्त कर शहर थाना में रखा गया, जिसमें 11 दो पहिया वाहनों को सीजीएम कार्यालय डाल्टनगंज फाइन हेतु भेजा गया है।

# गो विज्ञान केंद्र जाने वाली सड़क टूटी, गोवंशों का चारा पानी भी बंद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पारंपरिक गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र में आने जाने वाली सड़क टूट जाने से 150 गोवंश एवं अन्य जीव जंतुओं का जीवन खतरे उत्पन्न गया है। लगातार वर्षा के कारण बगल में बनाया गया चेक डैम भी टूट गया है। चेक डैम टूट जाने से गौ माता की जलापूर्ति होती थी वह भी बंद हो गई है। सतबरवा थाना पुलिस द्वारा पकड़े गए 32 गोवंश के लिए भोजन व चारा कुटी के लिए उपायुक्त से मांग की गई थी। वह भी अभी उपायुक्त स्तर से आदेश नहीं दिया गया है। इस कारण गोवंश को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुट्टी भूसा के अभाव में गोवंश को कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव हो कि झारखंड गौ सेवा आयोग द्वारा यह संस्था निबंधित है। सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजकर संस्थापक हीरानंद पाठक ने राज्य के मुख्यमंत्री से व जिले के अधिकारियों से अपने स्तर से गोवंशों के लिए चारा पानी आदि की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

# लक्ष्मीकांत तिवारी के जनसंपर्क यात्रा का 29वां दिन

## बढ़गढ़,मदगड़ी ,चेमो ,सनेया सहित कई गांवों का किया दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत तिवारी ने जनसम्पर्क यात्रा के तहत बढ़गढ़,मदगड़ी ,चेमो ,सनेया मरदा खजुरी, करचाली, सरैडीह, जनेवा , लीला पत्थर बीन्दा परसवार आदि अनेक गांवों में सम्पर्क किया। सम्पर्क के दौरान उनके साथ पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन उर्फ बिट्टू पाठक, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओवैदुल्ला हक अंसारी, प्रदेश सचिव रामाशीष पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय ,बिश्राम दुबे, राजेश चौरसिया, विद्या सिंह चेरो, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद मिश्रा ,सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश अमन, बिनोद कुमार पाठक, सागर दास, गिरिजा राम, मुकेश कुमार सिंह, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष निर्मल कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक कुमार केशरी, बढ़गढ़ के जीतेन्द्र चन्द्रवंशी सहित अनेक लोगों ने जनसंपर्क यात्रा में शिरकत की। साथ ही भंडरिया में जनसभा के पश्चात जनसंपर्क यात्रा के प्रथम चरण का समापन किया गया। नदी में बाढ़ के कारण नीलाम्वर-पीताम्बर जी के वंशज देवनारायण सिंह का सम्मान नहीं हो सका।

## न्यूज बॉक्स

### शहर में लगातार चोरी बनी परेशानी का सबब

**मेदिनीनगर।** अगर आप मेदिनीनगर शहर में रहते हैं तो सतर्क हो जाएं। चोरों का सक्रिय गिरोह आपके घर को भी निशाना बना सकता है। यहां तक कि आप अपने घर में मौजूद होंगे फिर भी आपको भनक नहीं लगेगी और आपके लाखों रुपए के सामान गायब हो जाएंगे। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर इन दोनों लगातार बड़े पैमाने पर हो रही चोरी की घटनाओं से गुजर रहा है। लगातार बड़े पैमाने पर हो रही चोरी आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं पुलिस के लिए बड़ा सिर दर्द। हैरत की बात यह भी है कि पहले चोर उन घरों को निशाना बनाते थे जिस घर में कोई मौजूद नहीं होता था, परंतु अब वे आसानी से घर में सो रहे लोगों की मौजूदगी में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और उन्हें इसका आभास भी नहीं होता। चोरी के लिए वे खिड़की में लगे ग्रिल को काटकर सभी घरों में एक ही अंदाज में चोरी कर रहे हैं, जिससे पूरे शहर में डर का माहौल है। दो दोनों पूर्व हुई चोरी की घटना में कुम्हार टोली में राजेंद्र प्रसाद एवं उदयनाथ पाठक तथा बी एन कॉलेज रोड स्थित बंगाली मोहल्ले में संतोष कुमार के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया और लाखों रुपए समेत लाखों के जेवरात उड़ा डाले। इनमें उदयनाथ पाठक का परिवार कहीं बाहर गया था, जबकि बाकी दोनों घरों में रहने वाले लोग अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे। इसके पूर्व 7 जुलाई को भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष लवली गुप्ता और वहीं ठीक इसके एक हफ़्ते बाद रेड़मा निवासी ठेकेदार प्रदीप तिवारी के यहां भी चोरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब तक यह भी नहीं पता लगा सकी कि चोर स्थानीय है या बाहरी। इन सब घटनाओं का विश्लेषण करें तो यह प्रतीत होता है कि चोरों के मन में पुलिस का कोई खौफ ही नहीं है और वह बेधड़क लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने कई लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लिया, परंतु उन्हें साक्ष्य आधार पर छोड़ दिया गया।

### करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

**सगालीम।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के हुरलौंग गांव में बिजली के करंट लगने से पिता व पुत्र की मौत हो गई। पिता-पुत्र दोनों धनरोपनी के लिए खेत में मोटर पंप से पानी डालने जा रहे थे। बताया जाता है कि मोटर पंप चलाने के लिए खेत तक बिछाई गई तार के चपेट में आने से यह हादसा हुआ है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नागेंद्र चंद्रवंशी व उनका पुत्र पिंटू चंद्रवंशी उर्फ अश्विनी चंद्रवंशी मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे धान के खेत तैयार करने के लिए मोटर पंप चलाने गए थे। इस दौरान खेत तक खींची गई तार के चपेट में आने से दोनों पिता-पुत्र की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि नागेंद्र चंद्रवंशी ने पटवनी करने के लिए अलग से खेत तक लकड़ी के खंभे के सहारे दो फेस तार लें गए थे। एक फेस का तार खेत में झूल रहा था। जब पिता-पुत्र धान के खेत तैयार करने के लिए मोटर पंप चलाने गए तो देखा कि एक फेस का तार खेत में झूल रहा है। दोनों ने उक्त तार को ऊपर उठाने के लिए जैसे ही पकड़े, वैसे ही दोनों करंट के चपेट में आ गए। घटना स्थल सुनसान जगह होने के कारण दोनों करीब डेढ़ घंटे खेत में ही पड़े रहे। करीब साढ़े सात बजे गांव के एक मजदूर महरंग भुइयां मृतक के मजदूरी करने खेत में जाने के क्रम में देखा कि दोनों पिता-पुत्र तार पकड़े हुए हैं व अचेत अवस्था में गिरे हैं। महरंग भुइयां ने घटना के जानकारी गांव वालों के साथ साथ मृतक के परिजनों को दिया। इसके बाद बिजली विभाग को फोन कर लाइन को कटवाकर किसी तरह तार को हटाया गया। साथ ही दोनों पिता-पुत्र को उनके परिजनों ने एमएमसीएच मेदिनीनगर इलाज के लिए ले गए। वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक पिंटू चंद्रवंशी उर्फ अश्विनी चंद्रवंशी रोजगार सेवक थे। वे पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत में कार्यरत थे। मृतक रोजगार सेवकअपने पत्नी और बच्चों के साथ मेदिनीनगर में रहते थे। दो दिन पहले अश्विनी चंद्रवंशी उर्फ पिंटू चंद्रवंशी अपने पैतृक निवास हुरलौंग अकेले आए थे। मेदिनीनगर टाउन थाना के पुलिस ने दोनों के शव को एक साथ पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद पिता-पुत्र का शव गांव आते ही कोहराम मच गया। घटना की खबर सुन कर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, पांकी विधान सभा के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह,आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी विधानसभा के युवा नेता ओंकार नाथ जायसवाल, पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, पकरिया मुखिया प्रतिनिधि मिंटी वर्मा समेत कई नेता दाह संस्कार में शामिल हुए।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने अनशनकारियों का हौसला बढ़ाया

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अजय के नेतृत्व में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले राजधानी रांची राजभवन के समक्ष चल रहे आमरण अनशन में उपस्थित हुए । साथ ही शिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाकर सरकार की विभेदनकारी नीति एवं सौतेले व्यवहार के खिलाफ एक आवाज उठाई और शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एक शिक्षक जो दिन-रात एक करके हर मौसम में केवल और केवल राष्ट्र को मजबूत करने वाले सक्षम नागरिक का निर्माण करता है। समाज में समरसता लाता है उन शिक्षकों के भविष्य को सरकार नजरअंदाज कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द अन्य विभागों के कर्मचारियों के भांति सभी संवर्गों के शिक्षकों को जल्द से जल्द उनके बहूप्रतिक्षित मांगों को पूर्ण करें अन्यथा झारखंड राज्य के सभी संबंध के शिक्षक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के लिए तैयार हैं । अनशन में संगठन की ओर से संगठन सचिव राहुल कुमार, सचिव त्रिपुरारी गहलोत, प्रमंडलीय संरक्षक प्रदीप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष अशरफ अली, जितेंद्र कुमार तिवारी एवं चंद्रदेव कुमार उपस्थित रहे।

# रात्रि समकालीन अभियान के तहत 15 वारंटियों को भेजा गया जेल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर जिले में पांच और छह अगस्त को रात्रि समकालीन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई अपराधिक मामलों में कुल 15 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसमें शहर थाना से सिक्की खुर्द,थाना पाटन निवासी मुकेश सिंह, कटवल खुर्द चैनपुर थाना निवासी सकेन्द्र विश्वकर्मा, छोटकी सिक्की, थाना पाटन निवासी गणेश सिंह, सदर थाना से सदर थाना के चियांकी निवासी कैइल भुइयां उर्फ शंकर भुइयां को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सतबरवा थाना के गांव झाबर , थाना सतबरवा निवासी एकबाल हुसैन,पीढ़ीया गांव , थाना सतबरवा निवासी बंसत उरांव और पीढ़ीया गांव, थाना सतबरवा निवासी कर्मदेव उरांव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उंटारी रोड थाना से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला निवासी शेख सद्दाम को गिरफ्तार किया है। जिसका वर्तमान पता मो. सकील उर्फ अहिया के घर में किरायेदार, सुलभ शौचालय के सामने राजुनगर थाना सुपैला जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया गया है। वही चैनपुर थाना के कल्याणपुर गांव,थाना चैनपुर निवासी कामेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि रेहला थाना से मायापुर निवासी सतीश विश्वकर्मा और उरसुला गांव के महेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। वही पाटन थाना से गहर पथरा निवासी नन्द मोची को गिरफ्तार किया गया है। जबकि हुसैनाबाद थाना से ग्राम टोंगरा, थाना हुसैनाबाद निवासी पवन राम को और हैदरनगर थाना से ग्राम भदुआ , थाना हैदरनगर निवासी बलेश राम को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

# प्रमंडलीय आयुक्त -सह- मतदाता सूची प्रेक्षक ने दिए कई निर्देश

**आला अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि थे उपस्थित**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत पुनरीक्षण गतिविधियां निर्धारित समय सीमा के अंदर संपादित किया जाना आवश्यक है। एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसका ख्याल रखते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मतदाताओं का फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पहचान पत्र निर्गत किये जाने की दिशा में कार्य करें। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त -सह- मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा ने कही। वे मंगलवार को पलामू के समाहरणालय सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पलामू जिले के डालटनगंज, पांकी, छतरपुर, हुसैनाबाद एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का समयबद्धता के साथ निष्पादन करने का निदेश दिया। वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं त्रुटियों को सुधारने संबंधी कार्रवाई ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम विलोपन पर विशेष ध्यान रखने का भी निर्देश दिया।

**कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहेः बाल किशुन मुंडा**

उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक जो अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं करा सके हैं, वे प्रपत्र- 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाज के जागरूक व्यक्तियों को समन्वय के साथ कार्य करने का निदेश दिया। साथ ही निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदाता सूची में नाम निबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु प्रपत्र 6, 6क, 7 एवं 8 में प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधी प्रपत्रों के निष्पादन की गति को बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निष्पादन का निदेश दिया। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग की अपील करते हुए बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) को नामित करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में पहल करने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिए गए। इस दिशा में पदाधिकारियों को नियमानुकूल कार्य करने का निर्देश दिया।

# कॉस्टिक सोडा का अवैध कारोबारी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र दुलसुलमा महेंद्र लाइन होटल समीप भारत भूषण के गोडाउन से कॉस्टिक सोडा लै का अवैध कारोबार कर रहे मुकुल मंडल 49 वर्ष पिता माघाराम मंडल तानसेन रोड बी जोन दुगार्पुर पश्चिम बंगाल निवासी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पलामू कप्तान को मिली गुप्त सूचना के अधार पर सतबरवा पुलिस ने दुलसुलमा महेंद्र लाइन होटल के समीप भारत भूषण के गोडाउन में छापामारी की गई तो वहां देखा कि बहुत सारे ड्राम थे। वहां पर एक व्यक्ति पुलिस देखकर भागने लगा। पुलिस बल के जवानों ने उस व्यक्ति को दौड़कर पकड़ा। उसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में उसने पुलिस को अपना नाम मुकुल मंडल उम्र 49 वर्ष और पिता का नाम माघाराम मंडल तथा पता तानसेन रोड बी जोन दुगार्पुर पश्चिम बंगाल बताया। उसने आगे बताया कि 15 ड्राम में कास्टिक सोडा लै है। कागज की मांग की तो उसने बताया कि जो ड्राम में कास्टिक सोडा हैं। वह रेहला स्थित प्लांट का है । हमारा सेटिंग रेहला प्लांट के चालक से रहता है जो प्लांट से कास्टिक सोडा लै को वंहा के टैंकर चालक मेरे गोडाउन में आते हैं, फिर हम कॉस्मेटिक सोडा लै को निकाल लेते हैं और कास्टिक सोडा लै के बदले टैंकर में पानी डाल देते हैं फिर हमारे पास जो कास्टिक सोडा लै होता है। उसका जाली कागज बनवाकर आसनसोल के फैक्ट्री में बेच देते हैं। थाना पभारी अंचित कुमार ने बताया कि यह पहले भी दुगार्पुर एवं बोकारो में कास्टिक सोडा के धंधे में जेल जा चुका है। छापामारी में 15 ड्राम भरा हुआ कास्टिक सोडा, 16 पिस खाली ड्राम, 2000 लीटर का तीन टंकी, 1000 लीटर का एक टंकी जो चारों खाली, ड्राम का 60 पिस कैप तथा एक आइक्यू कंपनी का मोबाइल जब्त किया गया।

## प्रतिभा सम्मान

## दसवीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया

# डीएवी का गौरवशाली इतिहास रहा हैः नानकचंद

**डीएवी संस्थाएं 138 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सहभागिता देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग कर रही हैं**




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के कोषाध्यक्ष एवं एमके डीएवी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्रबंधक नानक चंद आए थे। इस अवसर पर सत्र 2023-24 के दसवीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को नानक चंद द्वारा स्मृति चिन्ह देखकर पुरस्कृत किया। मौके पर छात्रों के माता-पिता भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामना भी दी। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉ. जी.एन खान ने नानक चंद का स्वागत करते हुए परिचय कराया। डॉक्टर खान ने बताया कि नानकचंद भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त निदेशक पद से सेवानिवृत्ति के उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग में व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं दी। तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्रिका 'समाज कल्याण' के संपादक रहे। प्राचार्य ने कहा कि डीएवी संस्थाएं 138 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सहभागिता देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग कर रही हैं। इसके पूर्व छात्रों में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी, नयन मोंगिया, नीरज चोपड़ा से लेकर पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर जैसी हस्तियां सम्मिलित हैं, जो हमारे इन बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ये मेधावी बच्चे भी आगे चलकर डीएवी का नाम रोशन करेंगे और देश के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित करेंगे। यही मेरी शुभकामना है। उन्होंने अभिभावकों एवं छात्रों को बधाई देते हुए शुभकामना दी। इस अवसर पर डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे, एवं लातेहार के प्राचार्य जी. के. सहाय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मीनाक्षी करण एवं श्रीमती सुदेशना राय ने किया।

**छात्र शहीद-ए-आजम के पदचिन्हों पर राष्ट्र के विकास में सहभागिता निभाएं**

डीएवी का गौरवशाली इतिहास रहा है एवं देश के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। ये छात्र शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएं। यही उनका फर्ज एवं हम सभी की अपेक्षा भी है।

# कैलान पंचायत के युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के युवाओं ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी की बैठक शक्ति सिंह खरवार ने की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव कमलेश यादव उपस्थित थे। इस दौरान संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कैलान पंचायत के युवा ने कहा कि वह सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होकर पार्टी को मजबूत बानाने का काम करेंगे। जिन लोगों ने झामुमो का दामन थामा उनमें हरिदास सिंह, श्याम सुंदर यादव, राम प्रयाग कोरवा, ओम प्रकाश सिंह, राहुल सिंह, चिखुरी महतो, प्रमुख यादव, जितेंद्र सिंह, सुशील यादव, विकास सिंह, चंदन यादव, शंकर कोरवा, शिवपूजन सिंह, विदेशी कोरवा, रामकुमार सिंह, विशाल सिंह, रामआशीष भुइयां, संतू भुइयां, उदय यादव, प्रभु सिंह, विक्की सिंह, छोटू कुमार सिंह, रजनीश यादव, दिलीप सिंह, पप्पू सिंह खरवार का नाम शामिल है।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने रविवार को एक युवती से भवनाथपुर-नगर उंटारी मुख्य पथ पर कड़िया धाम के समीप मोबाइल फोन व 15 सौ रूपये लूट के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। यह जानकारी मंगलवार को भवनाथपुर थाना में प्रेंस कान्फ्रेंस कर बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को श्री बंशीधर नगर से संतोष मेहता के पुत्र आकाश कुमार मौर्य पड़ोसी युवती टाउनशिप निवासी को अपने स्कूटी से छोड़ने आ रहा था। इस बीच कड़िया धाम के पास लाठी व पत्थर का भय दिखाकर दो लोग स्कूटी लूटने का प्रयास किया, जिसमें वह असफल रहे। इस बीच युवती के पर्स से 15 सौ रूपये नकद ए एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल फोन लूट लिया। घटना के बाद युवती द्वारा भवनाथपुर थाना में अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर रत्नेस कुमार के निर्देश पर टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में संजय चंद्रवंशी के पुत्र दिलीप चंद्रवंशी, वीरेंद्र सिंहके पुत्र नवीन कुमार सिंह दोनों मकरी कड़िया निवासी को चिन्हित किया गया।

## अपराधियों ने अपराध किया स्वीकार

दोनों ने गिरफ्तारी के बाद अपना अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों ने पुलिस को बताया की पैसा के लालच में घटना को अंजाम दिया था। लूटे गए पैसा में खर्च के बाद 720 रु बचा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी दिलीप चंद्रवंशी लूटपाट के केस में जेल जा चुका है। उन्होंने कहा की उद्भेदन टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। गठित पुलिस टीम में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, एसआई प्रदीप उरांव ,नारायण प्रसाद, एएसआई संतोष सिंह शामिल थे।

## एक नजर

### शिव भक्त बाबा धाम रवाना

**सगमा।** प्रखण्ड के बीरबल पंचायत के विभिन्न गांव से एकत्रित बाबा धाम जाने वाले कांवरिया दल को पूजा पाठ के बाद शिव तांडव नृत्य के मनमोहक झांकी के दर्शन करते हुए बाबा धाम जाने के लिए मंगलवार को शिव भक्त रवाना हुए। इस क्रम में गेरुआ वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं ने डीजे की धुन पर भक्ति गीत पर नाचते-गाते बीरबल के मालिया नदी तट स्थित सूर्य मंदिर, देवीधाम, डीहवार धाम का भ्रमण किया। मौके पर अतिथि के रूप में मौजूद प्रखण्ड प्रमुख अजय गुप्ता, पूर्व प्रमुख उषा देवी,मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा व पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव ने शिव पार्वती के गणवेश धारण कर शिव तांडव नृत्य के झांकी को पूजा पाठ कर सभी श्रदालुओं को शुभाकामना दिया। प्रमुख अजय गुप्ता ने कहा कि बीरबल पंचायत ही नहीं पूरा प्रखण्ड इस समय भगवा रंग में सराबोर है। बाबा धाम के लिए जा रहे लोगों से अपील करते हैं कि देवघर जाकर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए बाबा बैद्यनाथ से आशीर्वाद लें। श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से अरुण जयसवाल, आशीष जायसवाल, रामचंद्र विश्वकर्मा, नागेंद्र प्रजापति, शिव कुमार गुप्ता, अजय यादव सहित अन्य के नाम का शामिल है।

## सदर अस्पताल में दवा का टोटा, मरीजों को हो रही परेशानी

# अस्पताल के बाहर से दवा खरीदने को विवश हैं मरीज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल से लेकर जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी से मरीजों का हाल बेहाल है। अस्पताल में गैस, दर्द की सामान्य दवा से लेकर विटामिन व जिंक समेत कई अन्य दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है। अस्पताल में लिखे पर्ची की आधे से अधिक दवा मरीजों को बाहर के दुकानों से खरीदना पड़ रहा है। परेशानी का सबब यह कि चिकित्सक अस्पताल की पर्ची पर बाहर की दवा भी नहीं लिख सकते। डाक्टरों द्वारा लिखी दवा की पर्ची लेकर मरीज दवा काउंटर पर जाते हैं, लेकिन वहां से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। सदर अस्पताल के आउटडोर में 76 प्रकार की जीवन रक्षक दवाओं की सूची टांगी गई है। सरकार द्वारा इन दवाओं की उपलब्धता को ले निर्देश भी दिया गया है। लेकिन वर्तमान में सदर अस्पताल में दवाएं उसकी आधी ही उपलब्ध है। जो दवाएं उपलब्ध भी है उनमें से कई का स्टॉक भी बहुत कम मात्रा में है। वह भी आने वाले दिनों में समाप्त होने की कगार पर है। स्थिति ऐसी ही रही तो कई महीनों से दवाओं का टोटा झेल रहा सदर अस्पताल महज दिखावा बन कर रह जाएगा। अस्पताल के अधिकारियों की मानें तो ओपीडी में 76 प्रकार की दवाओं में से महज एक दर्जन विभिन्न प्रकार के दवा, इंजेक्शन उपलब्ध है। शेष दवाओं के लिए सिविल सर्जन से अनुरोध किया गया है।



### आवंटन के लिए सरकार को लिखा गया है : डीएस

सदर के डीएस डॉ. हरेंद्र चंद्र महतो ने कहा कि अस्पताल में दवा की कमी है। उसका वजह आवंटन नहीं होना है। आवंटन के लिए सरकार को आवेदन दिया गया है। जैसे ही आवंटन प्राप्त होगा वैसे ही जल्द दवा की कमी को दूर कर लिया जाएगा।

### मरीज बोले

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के नाम पर काफी धन राशि खर्च हो रही है। विकास की कई योजनाएं प्रस्तावित हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अहम दवाओं की कमी मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य पर पानी फेर रहा है। इलाज के लिए आए मरीज ने बताया कि डाक्टर द्वारा पर्ची पर लिखी छह दवाइयों में से दो दवा अस्पताल में मिला।

# शिविर में चौथे दिन भी सर्वर डाउन, महिलाएं निराश

**नवीन मेल संवददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के सभी सातों पंचायत सचिवालयों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लगाये गये शिविर कि कार्यप्रणाली से ग्रामीण महिला काफी नाराज हैं। 3 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित इस शिविर में मंगलवार को चौथे दिन तक सिर्फ 42 आवेदन का ही रजिस्ट्रेशन हो पाया है। महिलाएं सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक पंचायत सचिवालय में हाथ में फार्म लेकर खड़ा रही। इसके पश्चात निराश होकर घर लौटी। मंगलवार तक केतार में 17, बलीगढ़ 4, लोहरगाडा. 9, पाचाडुमर 2, परसोडीह 0 और परती कुशवानी में सिर्फ 1 आवेदन का ही पंजिकरण हो पाया है। मुकुन्दपुर मुखिया मुंगा साह, लोहरगाडा. मुखिया नीलम देवी, बलीगढ मुखिया ललिता कुमारी ने बताया की चौथे दिन भी सर्वर डाउन रहने की वजह से ऑन लाइन पंजीकरण हो सका। साइट का सर्वर डाउन रहने और रजिस्ट्रेशन नहीं होने से महिलाओं और जनप्रतिनिधियों में भी सरकार के प्रति नाराजगी है।

## अंजान शहीद के समीप दानरो नदी पर छह करोड़ की लागत से बनेगा उच्च स्तरीय पुल

# बहुरूपियों को सबक सिखाने के लिए जनता तैयार : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा सदर प्रखंड अंतर्गत मधेया पंचायत में अंजान शहीद के समीप दानरो नदी पर पांच करोड़ 90 लाख 90 हजार 600 रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत इसका निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पुल निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि दानरो नदी पर लगभग 152.16 मीटर लंबी पुल का निर्माण किया जाएगा। यह मधेया-भरठिया रोड को जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से मधेया, भरठिया, महुपी, सोनपुरवा, उमरा टिकर, उड़सुगी आदि गांव की करीब 10 हजार से अधिक आबादी को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि काफी लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण उक्त स्थल पर पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। इस पुल के निर्माण से इस क्षेत्र के ग्रामीणों को गढ़वा एवं शाहपुर रोड में जाने के लिए दूरी काफी कम हो जाएगी। उन्हांने कहा कि आज गढ़वा में चप्पे-चप्पे पर छोटी से बड़ी विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं। साढ़े चार साल पूर्व तक गढ़वा में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव था। परंतु पिछले साढ़े चार साल में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद गढ़वा पूरी तरह से विकसित क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज घूम घूमकर गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों में कमियां ढूंढ रहे हैं। इस चुनाव में अपना सुर, ताल एवं राग बदल कर पूरे क्षेत्र में अलाप करते चल रहे हैं, उन्हें अपने कार्यकाल में दो-चार उपलब्धियों को जनता के बीच बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि झूठ के दम पर चुनावी नैया पार करने वाले लोग जनता को बेवकूफ बनाना बंद करें। ऐसे लोगों को जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है। पूर्व के लोगों ने अपनी कमियों को छुपाने के लिए दूसरे पर गलत आरोप लगाने की अब नई शुरूआत की है। लोग हर बार पैंतरा बदलकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। परंतु गढ़वा की जनता इस बार पैंतराबाजों को सबक सिखलाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



# जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। गढ़वा जिला के विभिन्न पर्यटन संभावनाओं के क्षेत्र में पर्यटकीय विकास के लिए जिला स्तरीय सभी संबंधित पदाधिकारियों, सांसद, विधायक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इसके बाद जिले के गैर-अधिसूचित पर्यटन स्थलों को अधिसूचित करने के संबंध में विचार किया गया। गढ़वा जिलान्तर्गत विभिन्न पर्यटन व तीर्थस्थल जैसे- लहसुनिया पहाड़, लगमा ब्रह्मस्थान खजुरी एवं चिनिया प्रखंड में चिरका डैम आदि को अधिसूचित करने का प्रस्ताव रखा गया। जबकि विभिन्न अधिसूचित पर्यटन स्थलों को अद्यतन श्रेणी में परिवर्तन के संबंध में भी बात की गई। गढ़वा जिले के पर्यटन, तीर्थस्थल अन्नराज डैम, गढ़देवी मंदिर को डी कैटेगिरी से बी व सी कैटेगरी में उन्नत करने की बात कही गई। अधिसूचित पर्यटन स्थलों के पर्यटकीय विकास के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। वहीं ए और बी श्रेणी के पर्यटन स्थल के रख-रखाव एवं सफाई आदि हेतु (एएमसी) के प्रस्ताव दिए गयें। बंशीधर महोत्सव के तर्ज पर गढ़देवी महोत्सव के आयोजन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिले के सभी प्रवेश द्वार तथा मुख्य अधिसूचित पर्यटन स्थल पर साइनेज/होर्डिंग्स अधिष्ठापन करने के संबंध में विशेष सुझाव दिए गयें। पर्यटन विभाग के द्वारा रोड साइड पर (वे साइड एमेनिटीज) की सुविधा उपलब्ध कराने, पर्यटन विभाग के द्वारा बजट होटल निर्माण व इको पार्क निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की गई। गढ़वा स्थित अन्नराज डैम में जलक्रीड़ा व साहसिक क्रीड़ा के संचालन के संबंध में भी चर्चा की गई। पर्यटन विभाग द्वारा व्यापक मास्टरप्लान के तहत किसी एक पर्यटन स्थल को उच्च स्तर पर विकास हेतु अन्नराज डैम को उच्च स्तर की पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में विशेष चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक सुझावों को रखा गया। बैठक में संचालन समिति द्वारा पर्यटन एवं खेलकूद विकास के लिए प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य के लिए भूमि उपलब्ध कराने, पूर्व में निर्माण प्रखण्ड स्टेडियम की मरम्मति, जीर्णोद्धार करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# आरोपी शिक्षक शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी प्रतिनियोजित विद्यालय में नहीं दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद का भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मवि रहता टू में प्रतिनियोजित किये जाने के बाद भी अपने मूल विद्यालय में जमे हैं। बता दें कि एक मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद उक्त शिक्षक अपने मूल विद्यालय में ही जमे हुए है। इतना ही नहीं उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना करते हुए सहायक शिक्षक शेख तौहीद नियमित रूप से विद्यालय आने के साथ ही बकायदा अपना बायोमैट्रिक व स्कूल में उपस्थिति हाजिरी भी बना रहे है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा उक्त शिक्षक को उत्क्रमित मवि धंगरडीहा से स्थांतरण किए जाने संबंधी पत्र बीईईओ को अग्रेषित करने के 6 दिन बीतने के बाद भी उन्हें मूल विद्यालय से विरमित नही किया जाना शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।



### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र के चेकनाका के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान अंबिकापुर निवासी सुधीर लाल की 55 वर्षीय पत्नी सुषमा देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुषमा अपने मायके आई थी। मायके से घर लौट रही थी। इस दौरान रंका चेक नाका के पास बाइक से गिर गई। स्थानीय लोगों के मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

## पूर्व मंत्री ने उपायुक्त से धुरकी बीडीओ पर कार्रवाई की मांग की

# सगमा बीडीओ के पूरे मामले की जांच करायी जाये : केसरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने जिले के उपायुक्त से सगमा बीडीओ सह धुरकी प्रखंड के प्रभारी बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा अनुसूचित जनजाति के गुप्ता गौड़ के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार करने को लेकर बीडीओ पर कार्रवाई करने की मांग की है। उपायुक्त को दिये आवेदन में उन्होंने कहा है कि कई जांच टीम द्वारा अनुमंडल में जांच कर मंतव्य के साथ रिपोर्ट मांगा गया था, लेकिन बीडीओ सत्यम कुमार ने सभी जांचों को प्रभावित किया। गुप्ता गौड़ के आवेदन पर कभी जांच नही किया गया। अनुसूचित जनजाति के गुप्ता गौड़ के साथ बुरी तरह से मारपीट करने व सत्यम कुमार द्वारा धुरकी के प्रभार में रहते रात भर बालू पार कराने, पूरे प्रखंड क्षेत्र में माफियागिरी करने, गरीबों से पैसा ठगने की कई शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि गुप्ता गौड़ को रात्रि 10 बजे बालू माफिया कह कर उनके द्वारा पीटा गया। सगमा प्रखंड मात्र 5 पंचायतों का छोटा प्रखंड है। सगमा बीडीओ द्वारा मारपीट करना आम बात है। उन्होंने कहा कि 28 जून को दूसरी बार उनके पास आवेदन दिया गया जिसमें साफ लिखा गया है कि उपायुक्त द्वारा 8 जुलाई को जांच कर अपने मंतव्य के साथ जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर मांगा गया था, जो की गुप्ता गौड़ के आवेदन पर जांच किया ही नहीं गया। एक बीडीओ को दूसरे बीडीओ (धुरकी) का जांच दे दिया जाता है।



### यह है आरोप

पूर्व मंत्री ने उपायुक्त को सौंपेआवेदन में कहा है कि बीडीओ व प्रमुख मिलकर पशु शेड देने के नाम पर 38 लाभुकों से 13-13हजार रुपये लिया गया, जिसे सूद सहित किसी तरह 15 लाभुकों को 14-14 हजार रुपये वापस कराया गया। विधवा मुनि कुंवर का रुका पेंशन चालू कराने के नाम पर बीडीओ द्वारा पांच हजार रुपए ले लिया गया, लेकिन पेंशन चालू नही हुआ। इस तरह के कई अन्य आरोप बीडीओ पर है, जिसकी गहनता से जांच कराने की जरूरत है।

## न्यूज बॉक्स

### गढ़वा की अस्मिता से खिलवाड़ करना बंद करें मंत्री : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**गढ़वा।** के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि आस्था का केंद्र गढ़देवी मंदिर झारखंड ही नहीं, अन्य राज्यों में भी विख्यात और प्रसिद्ध मंदिर है। यह मंदिर हिंदू भावनाओं से जुड़ा है। गढ़वा वासियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है, लेकिन मंत्री मिथलेश ठाकुर गढ़देवी मंदिर के तोरण द्वार पर अपने माता-पिता का नाम इस तरह से लिखे हैं, जैसे उनके माता-पिता ही गढ़देवी मंदिर की स्थापना किए हैं। मंत्री ने उस गेट पर( तोरण द्वार ) शब्द लिखना भी मुनासिब नहीं समझा। पूर्व विधायक ने कहा कि वह पहले भी कई अवसरों पर बोले हैं कि ये आक्रमणकारी है। यह ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर पूर्व मंत्री गिरीनाथ सिंह के सहयोग से जमीन माफियागिरी करने के साथ अब यहां के देवी-देवताओं को भी हड़पने का असफल प्रयास कर रहे हैं, जिसे कभी भी गढ़वावासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर होने की स्थिति में वह समस्त गढ़वा वासियों से आग्रह करते हैं कि इस तरीके के जनप्रतिनिधि जो ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर यहां की संप्रभुता पर आक्रमण करे, उसके विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ने की भी आवश्यकता पड़े तो लड़कर भी अपने मान सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। सभी गढ़वावासी के सहयोग से मंत्री के इस कुकृत्य को वह सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी मंत्री ने उन पर मानहानि सहित तीन मुकदमा में गलत तरीका से फंसा कर मेरी आवाज को दबाने का नाकामयाब प्रयास कर चुके हैं। पर वह जब तक जिंदा हैं, गढ़वा के मान सम्मान की रक्षा के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके लिए अगर कोई सबसे ज्यादा जिम्मेवार है तो गिरिनाथ सिंह है। जिन्होंने चंद रुपए के स्वार्थ में साढ़े चार वर्ष तक मंत्री के काली कमाई में कमीशन लेकर मंत्री के खिलाफ एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं किएं और अब मंत्री के इशारे पर दोबारा लोगों को दिग्भ्रमित करते घूम रहे हैं। मंत्री से मोटी कमीशन लेने के बदले साढ़े चार वर्ष तक ये धृतराष्ट्र की भूमिका में रहे। उन्होंने कहा कि जुबान पर जाब लगा रहा और अब यह भी बोलते हैं कि मंत्री जी भ्रष्ट हैं, जो उनके मुंह से शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि वह मंत्री को एक सलाह देता देते हैं कि वह गढ़देवी मंदिर के तोरण द्वारा से अपने माता-पिता का नाम अपने हाथों जाकर मिटाएं, जिससे गढ़वा वासी की आत्मा को ठंडक एवं शांति मिले।

### भ्रष्टाचार विरोधी झामुमो सरकार को उखाड़ फेंके जनता : भानु



**भवनाथपुर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक भवनाथपुर (टाऊनशीप) में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही शामिल हुए। बैठक में आगामी संगठनात्मक व आंदोलनात्मक कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। 10 अगस्त को रांची में होने वाले प्रदेश स्तरीय बैठक में भाजयुमो जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष शामिल होने को लेकर योजना बनाई गई। 11 अगस्त व 12 अगस्त को मंडल स्तर पर 13 अगस्त को विधानसभा स्तर पर श्री बंशीधर नगर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर घर पर तिरंगा लगाने का निर्णय लिया गया। 16 अगस्त से दीवार लेखन का अभियान चलाया जाएगा। आगामी कार्यक्रम को लेकर हर मंडल में 20 अगस्त तक बैठक किया जाएगा। 23 अगस्त को भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में हजारों युवाओं के साथ शामिल होने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि युवा विरोधी भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार है। पारा शिक्षक से लेकर सभी अनुबंधकर्मी को झामुमो ने धोखा देने का काम किया है। झारखंड की जनता झामुमो सरकार में त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में गुंडाराज, माफिया राज चरम पर है। युवाओं को रोजगार बेरोजगारी भत्ता के नाम पर सिर्फ धोखा मिला। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं को सिर्फ धोखा मिला। बैठक में जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह, अलख निरंजन, रविन्द्र सोनी, मनोज सिंह, राहुल मेहता, शैलेश चौबे, धनंजय यादव, निरंजन पाठक, राहुल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### टॉउन हाल में 25 अगस्त को होगा वैश्यों का महासम्मेलन



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से ज्योति लोक होटल में प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने बताया कि 25 अगस्त को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से पलामू प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस दिन मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार टाउन हाल में पलामू, गढ़वा, लातेहार तीनों जिलों से वैश्य एकत्रित होंगे। महासम्मेलन में वैश्यों की एकता एवं एकजूटता पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्रवार राजनीतिक हिस्सेदारी औरअति पिछड़े एवं गरीब वैश्य परिवारों के उत्थान हेतु आर्थिक सहयोग करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में गरीब महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सहयोग किया जाएगा। इसके अलावे जितने भी मेधावी छात्र हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पलामू उनकी जन्मभूमि है इसलिए यह कार्यक्रम का आगाज वह पलामू की धरती से कर रहे हैं जो कि पूरे झारखंड में 15 से 20 दिन के अंतराल में पांचो प्रमंडल में ऐसा भव्य महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री अरविंद गुप्ता ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिला के वैश्य पलामू में एक एकजुट होंगे और अपने राजनीतिक हिस्सेदारी तय करेंगे । कार्यक्रम का संयोजक अरविंद गुप्ता को बनाया गया है एवं एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जा रहा है, जिससे लोग संपर्क कर सकते हैं वह यह है 8709023802। पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह पलामू में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है जहां तीनों जिला के वैश्य भाई बंधु एक मंच पर एकता का परिचय देंगे और संगठन को एक मजबूती प्रदान करेंगे पलामू जिला युवा अध्यक्ष शुभम प्रसाद ने कहा कि पलामू के पावन धरती ऐसा वृहद कार्यक्रम पहली बार होने जा रहा है। जहां वैश्य परिवार के 54 उपजातियों के सदस्य एक साथ आएंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पलामू प्रमंडल के जितने भी वैश्य परिवार के सदस्य हैं सभी को आमंत्रित किया है एवं अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में अपने सहभागिता निभाएं एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं मौके पर उपस्थित जिला महामंत्री राजेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजहंस अग्रवाल एवं युवा कोषाध्यक्ष श्री रितेश कुमार मौके पर उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रतिबंधित मांस को बेचते महिला गिरफ्तार

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंबाटोली की रहने वाली सलीमा बीवी पति आबिद अंसारी के घर प्रतिबंधित मांस काटकर बेचने के नियत से रखा गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने पुलिस टीम गठित कर छापामारी कर सलीमा बीबी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। छापामारी का नेतृत्व पुअनि रामाकान्त गुप्ता, आईआरबी के जवान, जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक बने घनश्यान यादव

**कुंदा (चतरा)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुंदा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष घनश्याम यादव को अभियान के प्रखंड संयोजक मनोनीत किया है। सह संयोजक मनोज यादव व हिरावन मलहार को बनाया गया है। इस संबंध में जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने पत्र जारी कर मनोनीत किया है। संयोजक बनाये जाने पर प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में अनुज साहू,लवकुश गुप्ता, रविंद्र भारती,दिलीप साहू समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव में तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान करकट गांव के परसबनिया टोला निवासी स्व. केवल उरांव के 28 वर्षीय पुत्र अर्जुन उरांव के रूप में हुई हैं। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह गांव के कुछ ग्रामीण शौच के लिए निकले थे। इस दौरान तालाब में तैरता हुआ एक शव दिखाई दिया। इसके बाद इसकी सूचना लातेहार पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस का दल घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहां पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## फाइलेरिया के नियंत्रण व उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम

# लिम्फैटिक फाइलेरिया एक परजीवी रोग है : डॉ. संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर महाविद्यालय के लेक्चर थिएटर हॉल में लिम्फैटिक फाइलेरिया के नियंत्रण व उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने दीप प्रज्वलित कर किया। असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश ने औपचारिक रूप से पिरामल फाउंडेशन के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व सहकर्मियों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को उनसे परिचित करवाया। यह कार्यक्रम संत जेवियर महाविद्यालय व महुआडांड़ प्रशासन के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही थी। पिरामल समूह की परोपकारी शाखा है। फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सृजन व युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत परियोजनाएं चलाता है। ये परियोजनाएं विभिन्न समुदायों, कॉरपोरेट नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों, सरकारी निकायों के साथ साझेदारी में शुरू की जाती हैं । अधिकारियों में संजय कुमार, देवनंजन बनर्जी (प्रोग्राम मैनेजर), तनिमा घोष (प्रोग्राम लीडर), आशीष कुमार (प्रोग्राम ऑफिसर), राघवेंद्र कुमार पांडेय (गांधीवादी), अरुण कुमार गिद्ध (एमटीएस, महुआडांड़) शामिल थे। कार्यक्रम मैनेजर संजय कुमार ने पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों व प्रोफेसर को लिम्फेटिक फाइलेरिया के कारण, लक्षण व निवारण पर चर्चा की। उन्होंने कहा लिम्फेटिक फाइलेरिया को हिंदी में हाथी पैर (एलिफैंटाइसिस) कहा जाता है। यह एक परजीवी रोग है, जो लिम्फ नोड्स और लिम्फ वाहिकाओं को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि लिम्फैटिक फाइलेरियासिस संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। उनके काटने से एक परजीवी जमा हो जाता है जो लसीका तंत्र में चला जाता है। अधिकांश मामले लक्षणहीन होते हैं। शायद ही कभी, लसीका तंत्र को दीर्घकालिक क्षति के कारण पैरों, बाहों और जननांगों में सूजन हो जाती है। इससे बार-बार होने वाले जीवाणु संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है, जो त्वचा को सख्त और मोटा कर देता है। उन्होंने कहा कि फिलेरियासिस के उपचार में एंटी पैरासाइट दवाएं और एंटीबायोटिक्स का उपयोग किया जाता है। उपचार की अवधि वैज्ञानिक रूप से सिद्ध प्रोटोकॉल्स द्वारा परिभाषित की जाती है। इसके लिए इनके द्वारा कैंप स्थापित भी किया जाएगा। जिसमें महुआडांड़ के लोगों को महाविद्यालय के सहयोग से निःशुल्क दवा भी प्रदान की जाएगी। पिरामल फाउंडेशन के पूरी टीम ने विद्यार्थीयों से अपील की कि इस जानकारी को जितना हो सके व्हाट्सएप्प, फेसबुक पर शेयर कर अपने ग्रामीण लोगों को एक साथ जानकारी दे।




# पांकी के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में कई दिनों से बंद है एमडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में पिछले कई दिनों से एमडीएम बंद है। स्कूली बच्चे बिना भोजन किए ही भूखे पेट घर वापस लौटने को विवश हैं। स्कूलों में एमडीएम बंद होने से बच्चों की उपस्थिति में काफी गिरावट आई है। बताया जाता है कि कहीं चावल के अभाव तो कहीं राशि के अभाव में एमडीएम बंद है। सबसे बड़ी बात है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी बंद पड़े एमडीएम को चालू करने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं कर रहे हैं। पांकी प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोगाड़, न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह समेत आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में पिछले दस दिनों से एमडीएम (मध्याह्न भोजन) बंद है। मध्याह्न भोजन बंद होने से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में काफी गिरावट देखने को मिल रहा है।गोगाड़ राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों ने बताया कि पिछले दस दिनों से भोजन नहीं मिल रहा है। स्कूल के शिक्षक जगनारायण साहू ने बताया कि चावल के अभाव में एमडीएम बंद है। स्कूल के प्रिंसिपल राकेश कुमार डिप्टेंशन कराकर निमाचक चल गए हैं। उन्हें प्रभार नहीं मिला है। स्कूल में मात्र एक ही शिक्षक हैं। स्कूल में बच्चों की नामांकन 100 से अधिक है। किसी तरह स्कूल चला रहे हैं। गोगाड़ राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षक के अभाव में बच्चे क्लास रूम में खेलते नजर आए। न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह में राशि के अभाव में एमडीएम बंद है। यहां बच्चों के नामांकन 34 से अधिक है, लेकिन उपस्थिति की बात करें तो 5 - 6 से कभी अधिक नहीं रहते हैं। न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह के प्रधानाध्यापक सह सचिव अनिल कुमार का निधन कुछ माह पूर्व हो गया है। स्कूल का संचालन नारेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया जा रहा है। न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह के शिक्षक नारेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक के निधन के बाद उन्हें प्रभार नहीं मिला है। कर्ज लेकर किसी तरह एमडीएम का संचालन कर रहे थे। उधार सामान नहीं मिल रहा है, इसके साथ धान रोपाई का काम चल रहा है। रसोईया लोग भी धान रोपने में लगे हुए हैं, जिसके कारण एमडीएम बंद है। पूरे मामले में एमडीएम के प्रखंड कोऑर्डिनेटर अमृतेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी शिक्षक के द्वारा चावल के अभाव में एमडीएम बंद होने की जानकारी उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। यह शिक्षकों की घोर लापरवाही है।




## चुनाव की तैयारी में जुटा जेबीकेएसएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** विधानसभा चुनाव में जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां में कवायद तेज हो चुकी है। इसी क्रम में सोमवार को चतरा में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की बैठक हुई, जिसमें जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जानकारी देते हुए नवगठित जिला कमेटी के प्रवक्ता बिजली महतो ने बताया कि गठन से पूर्व पर्यवेक्षकों द्वारा व्यापक समीक्षा की गई। इसके पश्चात नवगठित कमेटी के सदस्यों को केंद्रीय नेतृत्व के सिद्धांतों को व्यापक तौर पर जन- जन तक पहुंचाने के प्रदत निर्देशों को सभी ने अंगिकार करते हुए अपनी निष्ठा व प्रतिबद्धता जताये। वहीं सर्वसम्मति से चयनित सदस्यों में चार संगठन सचिव दर्शन दांगी, अशोक भारती,हजारी कुमार भोक्ता, रितेश कुमार कोषाध्यक्ष शशि कुमार, महामंत्री राजू कुमार राम,कृष्णा कुमार वर्मा मिडिया प्रभारी अजीत कुमार, सोनू कुमार प्रवक्ता बिजली महतो, सुल्तान सिद्दीकी,अमर कुमार महतो के अतिरिक्त कुल दस सदस्यों का मनोनयन किया गया। जिसमें राम विनय रविदास, संदीप कुमार भोक्ता, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रभूषण प्रसाद, लोकनाथ कुमार, अनिल कुमार चौधरी, आशीष कुमार दांगी, सरयु महतो, वीरेंद्र कुमार दांगी एवं उदय गंझू का नाम शामिल हैं।

### अजय गुप्ता को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर हर्ष

**पांकी।** अजय गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर पांकी प्रखंड वासियो सहित कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। यहां स्थानीय लोगों ने कहा कि अजय गुप्ता के कुशल नेतृत्व क्षमता एवं कुशल व्यवहार का ही नतीजा है कि आज प्रदेश नेतृत्व ने झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री में उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। उनके नेतृत्व में पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर अजय गुप्ता को लगातार क्षेत्र से व प्रदेश से बधाइयां मिल रही है।

## न्यूज बॉक्स

### उपविकास आयुक्त ने शिविर का किया निरीक्षण



**लातेहार।** उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार ने मंगलवार को मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के के तहत लाभुकों का फार्म भरवाने व पंजीकरण कराने वाले शिविरों का निरीक्षण किया। बता दें कि शिविर में महिलाओं का फार्म भरने के दौरान सर्वर के सही से कार्य नहीं करने व महिलाओं को हो रही परेशानियों की जानकारी उपायुक्त ने स्वयं ली। उपायुक्त ने अंवाटीकर स्थित शिविर में पहुंच कर लाभुक महिलाओं से बात की। किया महिलाओ ने बताया कि पिछले तीन दिनों से शिविर में आ रही हैं। फॉर्म अभी तक अपलोड नहीं हो पाया है। पूछने पर पता चलता है कि सर्वर डाउन है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि अभी पूरे राज्य में सर्वर की समस्या है। जल्द ही सर्वर ठीक हो जाएगा। उप विकास आयुक्त के साथ लातेहार नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन भी मौजूद थे।

### प्रज्ञा केंद्र के भरोसे रहने से योजना फ्लाप हो रही : अयूब



**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता अयूब खान ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म मंगलवार को भी एक पंचायत में कुछ लोगों का ही फार्म ऑनलाइन किया जा सका। इसके बाद सर्वर दिन भर स्लो रहा। चौथे दिन भी सर्वर स्लो रहा। प्रज्ञा केंद्र के भरोसे रहने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फ्लॉप होने के कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र में वेबसाइट सर्वर की परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री से झारखंड पोर्टल में मंईयां सम्मान योजना का फार्म इंट्री कराने की मांग की है।

### एसडीओ ने किया मंईया सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण



**चंदवा।** एसडीओ अजय रजक ने मंगलवार को प्रखंड के चकला,कामता, अलौदिया पंचायत का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के फार्म की इंट्री कार्य में लगे ऑपरेटर से जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से भी बात की। कहा कि राज्य सरकार ने योजना के तहत फार्म भरने की तिथि को बढ़ा दिया है। मौके पर बीडीओ चंदन प्रसाद,सीओ सह सीडीपीओ जयशंकर पाठक, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, प्रमोद जयसवाल, संदीप टोप्पो समेत कई लोग शामिल थे।

# 37 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आठवीं क्लास के 37 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख मिकी देवी,जिला परिषद सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी,मुखिया मृदुला देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है, जो छात्रों के शैक्षणिक उन्नति में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र योजना से प्राप्त साइकिल से समय की काफी बचत कर नियत समय पर स्कूल पहुंचेंगे। वितरण के दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 37 मिडिल स्कूलों के छात्रों के बीच कुल 832 साइकिलों का वितरण किया जाना है, जिसमे छह सौ साइकिल विभाग द्वारा प्राप्त है। स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय के 17 छात्र, 20 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया है। बाकी बच्चे सारे छात्रों के बीच यथाशीघ्र साइकिलों का वितरण किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार, बीपीओ जुनिका हेमब्रम, प्रधानाध्यापक राजेंद्र दास, खेल शिक्षक संत कुमार सिंह समेत कई छात्र उपस्थित थे।

# हड़ताली अनुसचिवीय कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में गुरुद्वारा में माथा टेका

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग), लातेहार में अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मंगलवार को लातेहार प्रखंड स्थित सीआरपीएफ गुरुद्वारा जाकर मथा टेका प्रार्थना व अरदास किया कि झारखंड सरकार का हृदय परिवर्तन हो। उनकी 9 सूत्री मांग मान ली जाए। जिला सचिव मनोज पासवान ने कहा कि हड़ताल का 16 वां दिन है। हड़ताल तक जितने भी धर्मस्थल हैं वहां जाकर पूजा, प्रार्थना, दुआएं मांग रहे हैं। कर्मचारियों के पास अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक सप्ताह में हृदय परिवर्तन सप्ताह मनाया जा रहा हैं। एक अगस्त को सरना स्थल व दो अगस्त को मस्जिद में प्रार्थना की गयी। तीन अगस्त को चर्च व गिरजाघर में प्रार्थना किया गया। पांच अगस्त को मंदिर में पूजा किया गया। छह अगस्त को गुरूद्वारा जाकर सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना किया गया। सात अगस्त को हड़ताली कर्मचारी झारखंड सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए हवन कार्यक्रम रखा हैं।





कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।
Email – dddopalamu@gmail.com

–: आम सूचना:–

पलामू जिला के वासियों को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2024–25 में राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्र के (04) चार शीर्ष क्रमशः दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधन कार्यकर्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत नस्ल की बछिया पालकों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरूस्कृत किया जाना है।

पलामू जिला के (04) चार शीर्ष उत्कृष्ट कृत्रिम गर्भाधान कर्मियों का चयन जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू की देख–रेख में किया जायेगा जिनके द्वारा दुधारू पशुओं का टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधन, पारा–भेट, कार्याकलाप टैगिंग इत्यादि में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। क्रमशः चार–चार उत्कृष्ट पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों एवं देशी/उन्नत नस्ल की बछिया पालन में वैसे पशुपालकों का चयन किया जायेगा जिनके द्वारा प्रतिदिन 80 से 100 लीटर से अधिक दूध का उत्पादन उन्नत देशी नस्लों की गायों/बछिया की देख–रेख, गोबर एवं गो–मूत्र का सदुपयोग एवं वितीय स्थिति सुदृढ़ करने सहायक होने संबंधी कार्यों का उत्कृष्ट योगदान दिया जा रहा है।

अतः दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/नस्ल की बछिया पालन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों की पुरूस्कृत करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। पूर्ण बायोडाटा के साथ एक पन्ने का सफलता का कहानी जिसमें उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य यथा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल मौसमी हरा चारा का उत्पादन, डेयरी फार्म की साफ–सफाई, बैंक ऋण की स्थिति एवं उनके जिविकोपार्जन व आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधी सफलता की कहानी एवं अपने निर्मित गौशाला का स्वयं के साथ रंगीन फोटो कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर जमा करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 331964 Palamu(24-25)D


# पुलिया क्षतिग्रस्त, आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौल चौक से पंचायत सचिवालय जाने के लिए सोती नाला पर बना पुलिया पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश में मिट्टी कटाव होने से जर्जर हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें उक्त रास्ते से पंचायत सचिवालय समेत स्वास्थ्य उपकेंद्र , प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र को भी जोड़ता है। ऐसे में जर्जर पुलिया से लोग मजबूरन चार पहिया समेत वाहन से गुजरते हैं, जिससे अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है। इस मामले में पूर्व मुखिया प्रयाग राम ने स्थानीय प्रशासन से समुचित संज्ञान लेते हुए अविलंब जिर्णोद्धार कराने की मांग की है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना | दिनांक–06.08.2024

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/07/2024-25

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–मधेया में अनजान शहीद के पास दानरो नदी (डाण्डू) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 5,90,90,600.00 | 11,82,000.00 | 10000.00 | 24 माह | 152.16 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–08.08.2024 से दिनांक–17.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 332003 Rural Development(24-25)#D



कार्यालयः नगर पंचायत, मझिआँव

आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नगर पंचायत मझिआँव में स्वीकृत आवास का पूर्णता प्रतिशत 90 प्रतिशत से नीचे है, जो बहुत ही असंतोषजनक है।

ज्ञातव्य है कि योजना का कार्यकाल दिसम्बर 2024 तक ही प्रस्तावित है, इसी समय–सीमा के अन्दर सभी आवासो को पूर्ण किया जाना है। इस निकाय अर्न्तगत लगभग 70 आवासों का कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है।

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एंव आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1110 दिनांक 30.07.2024 के द्वारा वैसे आवास जिनका कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है वैसे आवासो को विशेष अभियान **"मेरा घर, मेरा अभिमान"** के तहत "आवास पूर्णता पखवाड़ा" दिनांक 01–15 अगस्त, 2024 तक अभियान को चलाते हुए पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त है।

अतः उक्त के आलोक मे सभी माननीय जन प्रतिनिधियों, आमजनो तथा प्रबुद्वजनो से सहयोग एंव भागीदारी के अपेक्षा रखते हुए संबंधित लाभुको से अनुरोध है कि 15 अगस्त 2024 तक आवास पूर्ण कर सजग एंव जागरूक नागरीक होने का परिचय दें। रूफ स्तर के लाभुको की सूची नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 331937 Urban Development (24-25)_D

## एक नजर

### सेन्हा : वाहन जांच के दौरान वसूले गए 9000 रुपये जुर्माना



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप वाहन जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में हेलमेट, ट्रिपल सवारी, वाहन का कागजात तथा ड्राइविंग लाइसेन्स सहित वाहन से सम्बंधित अन्य चीजों का जांच यातायात प्रभारी एस आई सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में दल बल के साथ वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही जांच के दौरान हेलमेट,वाहन का कागजात में त्रुटि पाये जाने पर ग्यारह वाहनों से लगभग नौ हजार रुपया जुर्माना के तौर पर वसूला गया। वही यातायात प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### ऑटो चोरी करते एक चोर धराया

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्बाटोली गांव में बीती रात अज्ञात चोरों को ऑटो चोरी करते हुए ग्रामीण रंगे हाथ पकड़ा. इसके बाद ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ कर भंडरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि ग्रामीणों की आवाज सुन मौके से बाकी चोर फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि निवासी जमाल अंसारी रोजाना की तरह अपने घर के बाहर ऑटो खड़ा कर सोने चला गया था। इसी बीच कुछ अज्ञात चोरों ने ऑटो चोरी कर ले जा रहे थे। जिसकी भनक घर वालों को लगते ही शोरगुल कर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घर से 400 फीट की दूरी पर ऑटो सहित एक चोर को धर दबोचा। बाकी चोर मौके से फरार हो गए।

### गायत्री परिवार से जुड़ी सामाजिक नेत्री किरण देवी का निधन

**लोहरदगा।** गायत्री परिवार लोहरदगा से जुड़ी सामाजिक नेत्री, धर्मनिष्ठ, मृदुभाषी और मिलनसार महिला किरण देवी नहीं रही। वह 54 वर्ष की थीं। सोमवार देर रात 12:30 बजे उन्होंने महादेव आश्रम नावाडीपाड़ा, लोहरदगा स्थित देवकुंज भवन में अंतिम सांस लिया। किरण देवी लोहरदगा गायत्री परिवार और लोहरदगा गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी राजेंद्र प्रताप देव की पुत्रवधू और शहर के जाने-माने सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता बलबीर देव की धर्मपत्नी थीं। वह अपने पीछे एक पुत्र विश्वजीत देव और तीन पुत्रियां पूजा, अर्चना, निशा समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका इलाज वेल्लोर और रांची में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव सेन्हा प्रखंड के बदला पंचायत अंतर्गत आराहांसा नदी तट पर किया गया।

## बारिश के कारण मिट्टी का कटाव होने से सड़क क्षतिग्रस्त

### पैदल आने-जाने को विवश हैं ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी से बाबा टांगीनाथ धाम जाने वाली सड़क में बंदुआ-महुआडीह गडवाल निर्माण नही होनी के कारण सड़क दुर्घटना को कर रहा है आमंत्रित। ग्राम के समीप सड़क किनारे मिट्टी का कटाव होने के कारण छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण नाले में पानी का जमाव होने से मिट्टी का कटाव हो गया है, जिसके कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और वाहनों का परिचालन जोखिम भरा हो गया है ज्ञात हो की डुमरी से टांगीनाथ धाम तक का सड़क निर्माण किया गया है जिसमें बंदुवा से महुआडीह तक का पूर्व में ही पीसीसी बना हुआ था इसे छोड़कर नया सड़क बनाया गया है पुराना पीसीसी सड़क भी जर्जर हो चुका है जो एक चक डेम नाले के बगल से बना हुआ है और नाला में पानी का अधिक बहाव होना के कारण मिट्टी के कटाव होने से सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है वही ग्रामीणों ने सही तरीके से सड़क के किनारे यथाशीघ्र गढ़वाल बनाने तथा सड़क निर्माण करने की मांग की है जिससे परिवहन का पूर्ण आवागमन हो सके।

उपायुक्त ने पल्स पोलियो अभियान की बैठक की, दिए निर्देश

## हर हाल में इसी माह टीकाकरण का कार्य शत प्रतिशत किया जाए



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पल्स पोलियो कार्यक्रम (25 अगस्त 2024) को लेकर मंगलवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने, पल्स पोलियो कार्यक्रम के दौरान आनेवाले बच्चों के पूर्ण टीकाकरण के सर्वेक्षण और डेटा प्रबंधक को इससे संबंधित डेटा संग्रह और एनालिसिस रिपोर्ट तैयार करने का निदेश दिया गया। इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा प्रखण्डों में पूर्ण टीकाकरण के स्थिति की समीक्षा की गई और उपलब्धि पर रोष व्यक्त किया गया। निदेश दिया गया कि इस माह टीकाकरण का कार्य सभी प्रखण्डों में सौ प्रतिशत कर लिया जाए। आवश्यकता पड़ने पर शिविर लगाया जाए। प्रखंड स्तर पर कर्मियों की कमी रहने पर जिला मुख्यालय से टीम भेज का कर कार्य संपन्न कराया जाए।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुक अब प्रज्ञा केंद्रों में जमा कर सकेंगे आवेदन

# 21-50 वर्ष की महिलाओं को सरकार से प्रतिमाह 1 हजार की आर्थिक सहायता

*लाभार्थी आवेदन-पत्र को पूर्ण रूप से भरकर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ नजदीकी प्रज्ञा केंद्र, शहरी क्षेत्र में बनाए केंद्र एवं पंचायत में जमा कर सकते हैं*

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के भरे हुए आवेदन फॉर्म अब जिला के 317 प्रज्ञा केंद्रों में भी जमा होंगे। इस योजना के अंतर्गत 21-50 वर्ष की महिलाओं को राज्य सरकार प्रतिमाह 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करेगी जिसके लिए लोहरदगा जिला के सभी 66 पंचायत भवनों और नगर परिषद क्षेत्र में बनाये गए केंद्र में फॉर्म प्राप्त और जमा किये जा रहे हैं। अब इसके अलावा लोहरदगा जिला में सभी 317 प्रज्ञा केंद्रों में भी आवेदन फॉर्म लिया और भरकर जमा किया जा सकता है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत राज्य में 21 वर्ष से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं में शिक्षा,स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार,महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए यह राज्य सरकार एक महत्कांक्षी योजना है। योजना के लाभ पाने के लिए 21 से 50 वर्ष के आयुवर्ग के महिला लाभार्थियों आवेदन-पत्र को पूर्ण रूप से भरकर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र,शहरी क्षेत्र में बनाये केन्द्र एवं पंचायत में जमा कर सकते हैं। सभी पंचायत भवन,शहरी क्षेत्र में बनाये गये केन्द्र एवं सभी 317 प्रज्ञा केन्द्र में आवेदन स्वीकार किये जा रहें हैं। शिविर 03 अगस्त 2024 से प्रारंभ है जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित है। उक्त जानकारी सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास ने दी।



### डीसी ने किया शिविर का निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत सेन्हा के अरु पंचायत सचिवालय भवन में संचालित शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों को दी जा रही सुविधाओं, आवेदन पत्र का पोर्टल पर अपलोड करना समेत बिंदुओं का अवलोकन किया। साथ ही प्रखंड व अंचल अधिकारी को निदेश दिया कि जो भी आवेदिका शिविर में आएं उन्हें आवेदन पत्र दिया जाय और भरा हुआ आवेदन पत्र जमा लिया जाए। किसी भी लाभुक को आवेदन पत्र प्राप्त करने और जमा करने में समस्या नहीं हो। भरा हुआ आवेदन पत्र जमा पोर्टल पर अपलोड करने के लिए पर्याप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर्स शिविर में रहें। आज इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### लोहरदगा सहायक निदेशक ने किया शिविर का निरीक्षण



**लोहरदगा।** प्रमोद दास, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, लोहरदगा द्वारा मंगलवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत नया नगर परिषद कार्यालय और पुराना नगर परिषद कार्यालय में लगाये गए शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में आ रहे आवेदन, लाभुकों को दी जा रही सुविधाओं, आवेदन पत्र का पोर्टल पर अपलोड करना समेत बिंदुओं का अवलोकन किया। साथ ही नगर परिषद के पदाधिकारियों को शिविर को सफल बनाए जाने का निदेश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### 25 अगस्त को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाया जाएगा

**गुमला।** गुमला जिला के सभी प्रखंडों गांवों और मोहल्लों सहित अंतिम व्यक्ति तक 25 अगस्त 2024 से 27 अगस्त 2024 तक पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के समस्त बूथों पर 0 जीरो से 5 वर्षों के बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप के दो बूंद पिलाई जाएंगी। इसी के निमित्त घाघरा प्रखंड के बीडीओ दिनेश कुमार के कार्यालय कक्ष में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य समिति का हुआ बैठक। बैठक में आगामी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो अभियान सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। प्रखंड में 18920 बच्चों को पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए प्रखंड में सभी 103 बूथ पर पोलियो ड्रॉप 0 से 5 वर्षों के बच्चों को पिलाई जाएगी। आगामी 25 अगस्त को बूथों में और 26 और 27 अगस्त को सहियाओं के द्वारा डोरं टू डोरं जाकर पल्स पोलियो का ड्रॉप बच्चों को पिलाया जाएगा। इसकी सफलता के लिए माइक्रो प्लान बनाकर 100% पोलियो ड्रॉप पिलाने की बात कही। वही कुष्ठ रोग अभियान आगामी 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए भी सहिया के द्वारा डोर टू डोर जाकर रोगी का पहचान कर एवं उसका विवरणी तैयार कर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी के कार्यालय में जमा करेंगे।वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए हार्ड टू रीच एरिया, ईटा भट्ठा तथा आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को जाकर रोगी का पहचान करने की बात कही।

### फलदार पौधों के संरक्षण व संवर्द्धन से आर्थिक उन्नयन संभव : नीरज कुमार




**लोहरदगा।** हिंडालको सीएसआर के तहत आर्थिक उन्नति एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत आसपास के ग्रामीण किसानों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। फलदार पौधों में आम एवं लीची के उन्नत किस्म के 500 पौधों का वितरण हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार की उपस्थिति में महिला एवं पुरुष किसानों के बीच वितरण किए गए। इस मौके पर नीरज कुमार ने कहा कि फलदार पौधों के संरक्षण एवं संवर्द्धन से आपका आर्थिक उन्नयन संभव हो सकेगा। बगडू खान प्रबंधक राज सिन्हा ने पौधरोपण को आर्थिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से कारगर है। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में विदुषी बहुगुणा, भास्कर सिन्हा, अनिल सिंह, रूपक दुबे, प्रदुमन कुमार, वीरेंद्र गोप, मंजू, अनीता के अलावा ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम में हिस्ट्री दलदलीय बगरू छपी कर गए भुसावल आदि के ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### आदिवासी दिवस पर आजसू करेगा आदिवासी अखाड़ा का भव्य कार्यक्रम

**चैनपुर।** केंद्र आजसू पार्टी ने आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर आदिवासी अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जायगा जिसमें प्रखंड से लेकर केंद्रीय के आजसू नेता होंगे सामिल। आजसू पार्टी ने क्षेत्र वासी से की है अपील साथ आप सभी को सुचित किया जाता है कि 09 अगस्त, शुक्रवार समय 11:0 बजे गुमला विधानसभा स्तरीय क्षेत्र चैनपुर के लुथरन मैदान में आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर आदिवासी अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता आदरणीय डॉ देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी गोपीनाथ सिंह, जिला अध्यक्ष दिलिप नाथ साहु,जिला उपाध्यक्ष अरूण पण्डा, उपस्थित रहेंगे। इस शुभ अवसर पर पारम्परिक गीत, संस्कृति, भाषा, ढोल नगाड़ा को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासियत के पहचान को बनाए रखना और पहचानना आने वाले पीढ़ी को अपने संस्कृति को बताना है। आप सभी प्रिय कार्यकर्ता से आग्रह है, अपने अपने क्षेत्र से पारम्परिक गीत, नाटकीय कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए खोड़हा लेकर आना है। इस कार्यक्रम में चुल्हा प्रमुख से लेकर केंद्रीय कमिटि तक की उपस्थिति अनिवार्य है।

स्वामी करपात्री जी महाराज की जयंती मनी

## हिंदू समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक थे स्वामी जी

*करपात्री जी महाराज सनातन धर्म संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्षरत रहे हैं*



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार को ब्रह्मलीन स्वामी करपात्री जी महाराज की 117वीं जयंती मनाया गया। स्वामी करपात्री सेवा आश्रम परिसर मसमानो में रुद्राभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विन्देश्वर उरांव ने कहा कि धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज सनातन धर्म संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्षरत रहे है। उन्होंने अखिल भारतीय रामराज्य परिषद् के माध्यम से कांग्रेस को चुनौती देकर सही रास्ते पर लाने का प्रयास किया था। स्वामी करपात्री जी महाराज हिन्दू समाज के लिए सच्चे पथ प्रदर्शक थे। विहिप के प्रदेश परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने स्वामी करपात्री जी महाराज को हिन्दू समाज का आदर्श बताया। इस मौके पर स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने देवदुर्लभ मानव जीवन को सार्थक करने के लिए आह्वान किया। मौके पर मुरली धर अग्रवाल, प्रदीप शूक्ला, बबलू महतो, अभय कुमार महतो, नवीन कुमार पटेल, अशोक कांस्यकार, लक्ष्मीनारायण भगत, मुकेश प्रसाद सिंह, लाल त्रिलोक नाथ साहदेव, लाल शेष शयनम नाथ साहदेव, रामकेश्वर साहू, सुरेश भगत, सुनीता देवी सहित सैकड़ों भक्त जन उपस्थित थे।

सिकल सेल एनीमिया अभियान पर शिविर का आयोजन

## सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत विकारों का एक समूह है : डॉ अभिषेक

*2000 से अधिक विद्यार्थियों की जांच की गई*



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित केओ कॉलेज में सिकल सेल एनीमिया जांच अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिले के युवाओं को मुख्य रूप से लक्षित करते हुए कार्तिक उरांव कॉलेज में एक कैंप का आयोजित कर उक्त कॉलेज के लगभग 2000 से अधिक आम नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया जांच किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी उपस्थित रहें एवं दिल्ली से आए मुख्य चिकित्सक डॉ.अभिषेक रंजन (डीएम क्लिनिकल हेमोटोलॉजी) के द्वारा सभी उपस्थित नागरिकों को सिकल सेल एनीमिया के संबंध में काउंसलिंग एवं आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित लोगों की काउंसलिंग की साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया के संबंध में कई महत्वपूर्ण बातों को रखा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत विकारों के एक समूह में से एक है जिसे सिकल सेल रोग के रूप में जाना जाता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं के आकार को प्रभावित करता है, जो शरीर के सभी भागों में ऑक्सीजन ले जाते हैं। इससे शरीर में तीव्र दर्द उत्पन्न होता है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई वैवाहिक दंपत्ति है जो सिकल सेल एनिमिक है एवं यदि वे बच्चे को जन्म देना चाहते हैं तो क्या परहेज किया जा सकता है।

### नवंबर तक शत-प्रतिशत हो जाएगी जांच : उपायुक्त

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद किया। उन्होंने आगामी योजनाओं से भी सभी को अवगत करवाया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में नवंबर माह तक सभी 0-40 वर्ष के शत प्रतिशत नागरिकों का नवंबर माह तक सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया का जांच कराने का लक्ष्य है। जिसके लिए मरीजों को जिले में ही चिकित्सा सुविधा मिल सके इस पर योजना बनाई जा रही है एवं जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मीटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसपीएमसीआईएल) एवं जिला प्रशासन के संयुक्त पहल से सिकल सेल एनीमिया जांच को लेकर विशेष अभियान चलाएं जा रहें है, उक्त अभियान के सफल आयोजन में एसपीएमसीआईएल के द्वारा फंडिंग,जांच एवं विभिन्न शिविरों के आयोजन में सहयोग किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री मंईयां योजना का फॉर्म किया गया ऑनलाइन



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईया योजना का फॉर्म ऑनलाइन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र के 21 से 50 वर्ष तक कि महिलाओं का फॉर्म भरकर मौके पर मौजूद प्रज्ञा केंद्र संचालको से ऑनलाइन कराया गया। वही पंचायत क्षेत्र के पंचायत भवन में कैम्प आयोजित कर लोगों का आवेदन ऑनलाइन किया गया। सरकार द्वारा संचालित योजना के माध्यम से बहन बेटी और बहुओं का सम्मान और आजीविका के लिये मुख्यमंत्री मंईया योजना के माध्यम से झारखंड सरकार सहयोग के तौर पर प्रत्येक माह 1000 रुपैया देगी जो मुख्यमंत्री का जो मुख्यमंत्री के द्वारा महिलाओं को सशक्त व समृद्ध बनाने का सराहनीय पहल है। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न तरह का महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। वही अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ राकेश कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मइया योजना का फॉर्म ऑनलाइन के लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में 01 अगस्त से 15 अगस्त तक मुख्यमंत्री मंईया योजना का फॉर्म भर कर ऑनलाइन कार्य किया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव नागमनी उरांव, गुहा उरांव, ओमप्रकाश साहू, सुजीत उराँव आंगनबाड़ी सेविका बसन्ती उराइन, मरियम देवी, मोहरमुनी उराईन के अलावे नीरज साहू, अब्दुल मोतल्लीब अंसारी, सुखदेव लोहरा प्रज्ञा केंद्र संचालक तथा महिलाएँ उपस्थित थे।

जन शिकायत निवारण दिवस पर दूर दराज से आए नागरिक

## डीसी ने ऑनलाइन माध्यम से आवेदकों से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाता है। जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से आ रहे लोगों को देख उपायुक्त के दिशा निर्देश पर कुछ माह पूर्व ई-जन शिकायत का भी आयोजन किया जा रहा था एवं उसके टेस्ट करने के पश्चात अब नियमित रूप से जिले के ई जन शिकायत का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के दूर दराज में रहने वाले नागरिक अपने नजदीकी ब्लॉक ऑफिस में जाकर ऑनलाइन मध्यम से अपनी शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रख सकते हैं। मंगलवार को इसी क्रम में उपायुक्त ने उनके कार्यालय में आम नागरिकों से मिलने से पूर्व उन्होंने ई जन शिकायत का आयोजन किया जिसमें विशुनपुर, सिसई एवं घाघरा प्रखंड के लगभग 51 आवेदकों ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के मध्यम से उपायुक्त से मुलाकात की एवं उनकी शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसमें मुख्य समस्या बारिश से घर ध्वस्त, अबुवा, आवास राशन एवं सड़क की थी। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को ई-जन शिकायत का भी होगा आयोजन, आवेदक पूर्वाह्न 10:30 बजे अपने नजदीकी ब्लॉक ऑफिस में जाकर जुड़ सकते हैं उपायुक्त से ऑनलाइ माध्यम से उपायुक्त के निर्देश के आलोक में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से ई जन शिकायत का आयोजन किया जाएगा।

### ई-जन शिकायत का होगा आयोजन

13 अगस्त को भरनो, कामडारा, बसिया से ई जन शिकायत का आयोजन होगा। इसी प्रकार 20 अगस्त को रायडीह, डुमरी, चैनपुर में ई जन शिकायत का आयोजन होगा। तथा 27 अगस्त को गुमला, पालकोट एवं जारी से ई जन शिकायत का आयोजन होगा। नागरिकों से अपील है कि वे दिए गए तिथि अनुसार अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाएं एवं ई जन शिकायत के माध्यम से उपायुक्त से ऑनलाइन जुड़ कर अपनी समस्याओं को रखें।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02RI / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–05.08.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/24/23-24 | विश्रामपुर | 1 | कलटु मोड से मुरमा कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.50कि0मी0 | 1196.026 | ग्यारह करोड़ छियान्बे लाख दो हजार छः सौ रू0 मात्रे | 15 माह | द्वितीय |
| | | विश्रामपुर | 2 | कौड़िया से तमदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.30मि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | विश्रामपुर से कौड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.10कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | गुवासराय से जमारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 9.25कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 332052 Rural Development (24-25)_D

संपादकीय

## ऋणजाल और चीन के वर्चस्व की चाल

टोक्यो में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा गया था कि हिंद-प्रशांत देश में किसी की दबंगई स्वीकार नहीं की जाएगी। क्वाड के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा, 'हम स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए 'क्वाड' की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।' लेकिन दक्षिण एशिया में आर्थिक उथल-पुथल (श्रीलंका एवं पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट के साथ बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बाद कथित विद्रोह) ने बीजिंग के लिए इस विशाल एवं अविकसित क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा कर दी हैं। कोविड काल के दौरान दुनिया भर में बड़े पैमाने पर तरलता के प्रवाह ने मुद्रास्फीति को जन्म दिया, जिससे अमेरिकी डॉलर का मूल्य बढ़ गया। मजबूत अमेरिकी मुद्रा ने कई दक्षिणी एशियाई देशों को आर्थिक संकट में डाल दिया। इससे श्रीलंका और पाकिस्तान में भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया। इन देशों की आर्थिक कमजोरियों पर नजर रखने वाला चीन दक्षिण एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए सैन्य, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक साधनों का उपयोग करने पर तुला है। बीजिंग का लक्ष्य प्रमुख एशियाई शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक पहुंच बनाना, भारत को घेरना, महत्वपूर्ण समुद्री संचार लाइनों को सुरक्षित करना तथा झिंजियांग व तिब्बत जैसे अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। भारत और भूटान को छोड़कर इस क्षेत्र के अधिकांश देश बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) में शामिल हैं। चीन इस क्षेत्र के कई देशों की बड़ी आधारभूत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अपनी शर्तों पर ऋण दे रहा है जो चीन के रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं और इस क्षेत्र में उसका प्रभाव बढ़ाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया स्थित आरएएनडी कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ रक्षा विश्लेषक प्रोफेसर डेरेक ग्रासमैन का मानना है कि ह्यभारत दक्षिण एशिया में चीन से आर्थिक प्रतिस्पर्धा में हार नहीं रहा, बल्कि जीत भी सकता है। खबरों से पता चलता है कि भारत दक्षिण एशिया के पसंदीदा ऋणदाता के रूप में चीन को चुनौती देने की योजना बना रहा है और उसके बीआरआई के पीछे छिपे इरादे का मुकाबला करना चाहता है। श्रीलंका और पाकिस्तान की आर्थिक विफलता के बाद, नई दिल्ली ने पड़ोसी देशों को ऋण देने में भारी वृद्धि करने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। दक्षिण एशियाई समकक्षों को वैकल्पिक ऋण सुविधा प्रदान करने वाले देश के रूप में भारत के उभार के कारण अरबों डॉलर के निवेश वाली बड़ी आधारभूत परियोजनाओं की फंडिंग करने में चीन की रुचि कम हो रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि एक ऋणदाता के रूप में भारत की भूमिका में बहुत तेजी से बढ़ी है। भारत में कई लोगों का मानना है कि चीन ऋण-जाल कूटनीति अपना रहा है, जो दूसरों की संपत्तियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से कर्ज देता है।

> चीन इस क्षेत्र के कई देशों की बड़ी आधारभूत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अपनी शर्तों पर ऋण दे रहा है, जो उसके रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं और इस क्षेत्र में उसका प्रभाव बढ़ाने में मदद करते हैं।

# निरंकुशता के कारण शेख हसीना का निष्कासन?



आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

बांग्लादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसुना करने से पनपे विद्रोह, आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लम्बे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसुना करने के कारण ही हसीना आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बांग्लादेश बेहाल हो गया, हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया, एक विस्कोटक स्थिति बनी, क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धान्त है कि आदर्श ऊपर से आते हैं, क्रांति नीचे से होती है। बांग्लादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी, बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड, हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये, सरकारी सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। निश्चित ही पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रहीं। शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। बीजिंग और नई दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## प्रकृति की अनदेखी से बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं



सुनील कुमार महला

मानसून के इस सीजन में कहीं कहीं बहुत अधिक बारिश हो रही है , इससे जहां एक ओर हमारे देश में अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं घटित हो रही हैं। दरअसल आज हम प्रकृति के संरक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से बारिश भी बहुत अधिक होने लगी है तो कहीं पर सूखा भी पड़ने लगा है। बारिश शहरों व बड़े महानगरों से लेकर गांव गलियों तक के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल रहा है। आज बढ़ती जनसंख्या के बीच हमारे शहर भी नियोजित ढंग से नहीं बसाये जा रहे हैं ,मनमाने ढ़ंग से निर्माण हो रहे हैं और उसका खामियाजा हमें निचले इलाकों में पानी भरने, बाढ़ आने के रूप में देखने को मिल रहा है। हमारे देश में भूस्खलन की घटनाएं तो जैसे आम होने लगीं हैं, विशेषकर बारिश के सीजन में। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन का कारण कहीं न कहीं अधिक बारिश भी है। बारिश ही नहीं बल्कि बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, धारा कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखीय गतिविधियों, मानवीय गतिविधियों द्वारा गड़बड़ी और इन कारकों के किसी भी संयोजन से ढ़लानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है। भूकंप के झटके और अन्य कारक भी पानी के भीतर अनेक बार भूस्खलन को प्रेरित कर सकते हैं। हमारे देश भारत में भूस्खलन एक बहुत ही गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। भूस्खलन की घटनाएं खड़ी ढ़लान वाली भूमि, चट्टानों में जोड़ व दरारें होने, ढ़ीली मिट्टी (वृक्ष कटाई के कारण), चरागाहों के कम होने के कारण होती हैं। वनों में आग लगने(दावानल) से मिट्टी कमजोर पड़ जाती है और वहां भूस्खलन की घटनाएं घटित होने लगतीं हैं। मानवीय गतिविधियों जैसे वनों की अंधाधुंध कटाई, कंक्रीट के जंगलों में बढ़ोतरी (निर्माण कार्य) से भी भूस्खलन होता है। वास्तव में देखा जाए तो भूस्खलन के प्राकृतिक व मानवीय दोनों ही कारण हैं। एक ओर जहां भारी बारिश, भूकंप, मिट्टी का प्राकृतिक रूप से क्षरण, ज्वालामुखी विस्फोट भूस्खलन के प्राकृतिक कारण हैं तो वहीं दूसरी ओर खनन, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण, वनों की कटाई मानवजनित कारणों में से हैं। इन दिनों हमारे देश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून आसमानी आफत का रूप ले चुका है। बीते कुछ दिनों से दक्षिण से उत्तर भारत तक जहां देखो वहीं पर पानी का रौद्र रूप देखने को मिला। हाल में ही केरल के वायनाड में तीव्र भू-स्खलन ने मुंडक्कई, चूरलमाला कस्बों का अस्तित्व तक ही मिटा दिया। भीषण त्रासदी में सैकड़ों लोग मारे गए। पशुधन, जान माल को काफी नुकसान पहुंचा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।सच तो यह है कि विनाशकारी लैंडस्लाइड अब राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है। केरल जैव विविधता की दृष्टि से भारत के संपन्न राज्यों में से एक है, ऐसे में केरल जैसे राज्य में लगातार भूस्खलन चिंता का विषय हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## गुरुकुल की छात्राओं के साथ सरसंघचालक का अनूठा संवाद



कृष्णमोहन झा
लेखक, विशेष टिप्पणीकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।

श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय अमरोहा की छात्राओं को गत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह उनके लिए अनूठा अनुभव था जब सरसंघचालक ने सहज सरल बोधगम्य भाषा में उनके मन की जिज्ञासा को शांत किया। छात्राएं प्रश्न पूछ रही थीं और सरसंघचालक उनके प्रश्नों का इस तरह उत्तर दे रहे थे मानों उनके और छात्राओं के बीच सामान्य वातार्लाप चल रहा हो। छात्राओं को निःसंकोच अपने प्रश्न पूछने की अनुमति थी और मोहन भागवत भी चेहरे पर स्मित हास्य के साथ पूरी तरह सहज होकर उनके हर प्रश्न का जबाब दे रहे थे। छात्राओं को पल भर के लिए भी यह आभास नहीं हुआ कि उन्हें आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति से रूबरू होने का सौभाग्य मिला है। संघ प्रमुख की व्यस्तता के कारण इस अनूठे संवाद का सिलसिला यद्यपि आधे घंटे तक ही जारी रह सका परन्तु श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की छात्राओं के लिए यह यादगार अनुभव रहा। छात्राओं ने सरसंघचालक से धर्म, अध्यात्म, राष्ट्र भक्ति , नारीशक्ति सहित अनेक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे और और उनकी हर जिज्ञासा का सुंदर समाधान संघ प्रमुख ने किया। जब एक छात्रा ने उनसे प्रश्न किया कि आप सरसंघचालक होने के साथ देश के प्रधानमंत्री व अन्य वरिष्ठ पदों को प्राप्त कर सकते थे। आपने ऐसा क्यों नहीं किया तो संघ प्रमुख ने कहा कि मेरे साथ यहां जो कार्यकर्ता बैठे हैं ,सभी ऐसे हैं। हम सब यहां कुछ होने के लिए नहीं बल्कि देश की सेवा करने के लिए आए हैं। किसी भी स्वयंसेवक से पूछो वह शाखा चलाने की इच्छा जताएगा। उसके लिए संघ का आदेश सर्वोपरि है। एक अन्य छात्रा का प्रश्न था कि अर्जुन के बलशाली होने पर भी श्रीकृष्ण के उपदेश की आवश्यकता पड़ी थी परन्तु आज उनके अभाव में क्या गीता उपदेश देने में सफल हो पाएगी। इस पर संघ प्रमुख ने उसे सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सत्य हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**आत्मा ईश्वर के प्रतिबिंब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुंदरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है।**

## हमारी अनंत क्षमताएं



श्री श्री परमहंस योगानंद


आप स्वयं में पर्याप्त हैं; क्योंकि आपकी आत्मा में ही है सभी निधियों से बड़ी निधि - ईश्वर। सभी महान गुरुजन बताते हैं कि इस शरीर के भीतर अमर आत्मा उस ईश्वर की चिनगारी है, जो सबका पोषण करते हैं। हमारा सच्चा व्यक्तित्व कहाँ से आता है? वह ईश्वर से आता है। वे परम चेतना हैं, परम अस्तित्व हैं, और परम आनन्द हैं। अपने अन्तर में एकाग्रचित होकर, आप अपनी आत्मा के दिव्य आनन्द को सीधे भीतर में अनुभव कर सकते हैं और बाहर भी। यदि आप स्वयं को इस चेतना में स्थिर कर सकें, तो आपका बाह्य व्यक्तित्व विकसित हो जाएगा और सब प्राणियों के लिए आकर्षक बन जाएगा। आत्मा ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुन्दरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है। अन्य कोई विशिष्टता जिसे आप व्यक्त करते हैं, न्यूनाधिक एक आरोपण मात्र है- वे वास्तविक 'आप' नहीं हैं।

**आत्म-विश्लेषण करें :** आपके भीतर कुछ है जो हमेशा आपको उस 'कुछ और' को ढूँढने के लिये उकसाता रहता है जिसका अभाव आपको अपने जीवन में महसूस होता है। सभी मनुष्यों के अन्त में उपलब्धि हासिल करने की एक गहरी आकांक्षा पैठी होती है। क्यों? क्योंकि हम परमपिता से टूट कर अलग हो चुके हैं। हम ईश्वर में निहित अपने शाश्वत धाम से भटक चुके हैं, और हम उस खोई हुई पूर्णता को पुनः प्राप्त करने के लिये लालायित रहते हैं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




धर्म-अध्यात्म

## झारखंड में देवी पार्वती के सिद्धा स्वरूप की प्रतिमा

शिव शंकर सिंह पारिजात



झारखंड के संथाल परगना प्रमंडल के पाकुड़ जिले के अंतर्गत झारखंड-बंगाल की सीमा पर स्थित महेशपुर राज प्रखंड के श्मशान क्षेत्र के निकट मई, 24 के मध्य में बांसलोई नदी के कुलबोना घाट में बालू की खुदाई के दौरान खड़ी मुद्रा में शाक्त देवी की एक अत्यंत सुघड़ कलात्मक प्रतिमा मिली है जो अपनी मूर्तिकला की विशिष्टताओं के कारण आम जनों के साथ इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। करीब चार फीट ऊंची विशिष्ट शैली की जटा-मुकुट धारण किये ब्लैक बैसाल्ट पत्थर से निर्मित कमल पद्म पर आसीन इस प्रतिमा की पहचान विशेषज्ञों ने देवी पार्वती के सिद्धा स्वरूप में की जो एक हजार पुरानी बताई जा रही है। हाथों में शिवलिंग, त्रिशूल और घट लिये हुए चार भुजाओं वाली यह मूर्ति प्रथम दृष्टया शैव मत से संबंधित देवी पार्वती अथवा किसी शाक्त देवी की लग रही थी। किंतु शास्त्रों एवं विभिन्न पुराणों में वर्णित देवी पार्वती के एक हजार स्वरूपों से निश्चित रूप से निर्धारित करना कि यह किस देवी की है, कठिन प्रतीत हो रहा था। किंतु प्रतिमा की सूक्ष्म रूप से मीमांसा करने के पश्चात कोलकाता विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग की पूर्व अध्यक्ष तथा जानी-मानी मूर्ति-विज्ञानी प्रोफेसर दुर्गा बसु और कोलकाता के ही मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राध्यापक, पुराविद् अरबिंदो सिन्हा राय, जो झारखंड और बिहार के पुरातात्विक सर्वेक्षणों से निकटता से जुड़े रहे हैं, के अनुसार यह मूर्ति देवी पार्वती के एक स्वरूप सिद्धा की है। इस संबंध में मूर्ति विज्ञानी प्रो.बसु ने बताया कि सिद्धा देवी पार्वती के महत्वपूर्ण रूपों में एक है, जब उन्होंने दक्षपुत्री सती के रूप में यज्ञ-कुंड में अपना शरीर त्यागने के पश्चात हिमालय-पुत्री के रूप में जन्म लेकर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने हेतु कठिन तपस्या कर सिद्धि लाभ किया था। प्रो. बसु बताती हैं कि देवी पार्वती के इस तपस्विनी सिद्धा रुप का उल्लेख अग्नि पुराण सहित अन्य ग्रंथों में किया गया है। देवी के इस सिद्धा रुप की पहचान का काम पुराविदों के लिये चुनौतीपूर्ण रहा। पुराविद् श्री सिन्हा राय बताते हैं कि महेशपुर राज में मिली इस मूर्ति में देवी पार्वती के दो प्रमुख रूप सिद्धा और ललिता, दोनों के लक्षण समाविष्ट हैं।

**(लेखक पूर्व जनसंपर्क उपनिदेशक एवं इतिहासकार हैं।)**

टेक की बात

## सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारत-बांग्लादेश व्यापार बंगाल भूमि बंदरगाहों से अनिश्चितकाल के लिए बंद

**एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश में अशांति और प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद भारत-बांग्लादेश व्यापार बाधित हो गया है। मंगलवार को व्यापारियों ने बताया? कि यह फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए बाधित रहेगा।

पश्चिम बंगाल एक्सपोर्टर्स कोऑर्डिनेशन कमेटी के सचिव उज्जवल साहा ने कहा कि राज्य के भूमि बंदरगाहों के माध्यम से व्यापार, बांग्लादेश कस्टम्स द्वारा माल की निकासी न होने के कारण रुका हुआ है, जिससे सैकड़ों ट्रक पार्किंग में खड़े हो गए हैं। पेट्रापोल, गोझाडांगा, महादीपुर, और फुलबाड़ी भूमि बंदरगाहों पर व्यापार प्रभावित हुआ है। साहा ने बताया कि रविवार को बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में बुधवार तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर तीन दिवसीय अवकाश घोषित किया गया था।

उत्तर 24 परगना जिले में स्थित सबसे बड़े भूमि बंदरगाह पेट्रापोल में व्यापार बंद है क्योंकि बांग्लादेश के बेनापोल कस्टम्स ने काम नहीं किया है। सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भूमि बंदरगाहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने बांग्लादेश में फैक्ट्रियों की सुरक्षा और आपूर्ति लाइनों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के चलते, सभी राजनीतिक गुटों के लिए यह आवश्यक है कि वे कपड़ा और अन्य फैक्ट्रियों की सुरक्षा करें और सीमा पार आपूर्ति लाइनों को खुला रखें। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोड़िया ने बांग्लादेश में राजनीतिक घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की और भारतीय निर्यातकों पर इसके महत्वपूर्ण प्रभाव का उल्लेख किया।

बांग्लादेश का भारत को निर्यात मुख्य रूप से वस्त्र और परिधान पर केंद्रित है, जो उनके निर्यात का 56 प्रतिशत है।



### निर्यात में 542.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आई

बांग्लादेश, भारतीय इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है, और 2024-25 के अप्रैल-जून अवधि के दौरान निर्यात में 542.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई है। यह पिछले वर्ष से 8.2 प्रतिशत की कमी है। बांग्लादेश, दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत, एशिया में बांग्लादेश के लिए दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत का बांग्लादेश को निर्यात 2023-24 में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर से गिरकर 2022-23 में 12.21 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि आयात दो बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 1.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत के प्रमुख निर्यात में सब्जियां, कॉफी, चाय, मसाले, चीनी, कन्फेक्शनरी, परिष्कृत पेट्रोलियम तेल, रसायन, कपास, लोहा और इस्पात, और वाहन शामिल हैं, जबकि प्रमुख आयात मछली, प्लास्टिक, चमड़ा और परिधान हैं।

## पुश्तैनी जमीन-जायदाद के बंटवारे में अब नहीं होंगे झगड़े-झंझट

**लखनऊ।** मात्र 5,000 रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्त संबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद उत्तर प्रदेश में अब पारिवारिक बंटवारे और प्रबंधन में भी बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे तथा जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारजनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी 5,000 रुपये तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक खर्च के कारण प्रायः परिवार में विभाजन की स्थिति में विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस भी होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा आम आदमी के ईज ऑफ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं।

### नीतीश कैबिनेट की बैठक में 36 एजेंडों पर लगी मुहर

# स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में जल्द निकलेगी भारी संख्या में बहाली

**एजेंसी। पटना**

पटना में नीतीश कैबिनेट की बैठक हुई। जहां 36 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए। मंत्रिपरिषद ने उद्योग विभाग के अधीन हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय बिहार पटना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी है। वहीं, बिहार सांख्यिकी संवर्ग नियमावली 2024 को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट में बिहार खरीद अधिनमानता नीति 2024 को भी स्वीकृति मिल गई है। अब 20% राशि का सामान कंपनियों को बिहार से ही खरीदना होगा। वहीं, परिवहन विभाग के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय में निम्न वर्गीय लिपिक के 102 पदों और पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विभिन्न स्तर के 4315 पदों के सृजन को मंजूरी मिली है।

36 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर कैबिनेट की मंजूरीः बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की प्राधिकृत अंश पूंजी 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है। राज्य के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग राजकीय उच्च मार्ग पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के विभिन्न सड़कों नगर विकास अंतर्गत सड़कों पर वाहनों के तीव्र गति के कारण दुर्घटना को कम करने के लिए अधिकतम गति सीमा निर्धारित करने के लिए परिवहन विभाग को एक कमेटी बनाने के लिए अधिकृत करने की स्वीकृति मिली है। ये डॉक्टर्स सेवा से बर्खास्तः कैबिनेट ने स्वास्थ्य विभाग के तहत डॉक्टर नौशाद अली को वित्तीय अनियमितता के कारण बर्खास्त करने की अनुशंसा की है। इसके अलावे डॉक्टर गुप्ता सुषमा संजय, डॉक्टर अकबर मसाहिदी और डॉक्टर संतोष कुमार को अनिधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण सरकारी सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दे दी है।



### पटना जू में टॉय ट्रेन चलाने का फैसला

वहीं, बिहार राज्य अंतर्गत बैठकों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री होम स्टे बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना 2024 को स्वीकृति दे दी गई है। कैबिनेट ने बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भारती प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली 2024 को स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट में संजय गांधी जैविक उद्यान पटना में टॉय ट्रेन शुरू करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए 9 करोड़ 88 लाख 60 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। वहीं, दानापुर रेल मंडल के माध्यम से इसे संचालित किया जाएगा।

## गोपालगंज में पुलिस टीम पर हमला

### शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान तस्करों ने 2 चौकीदारों को घोंपा चाकू

**एजेंसी। गोपालगंज**

बिहार के गोपालगंज में शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर तस्करों ने हमला कर दिया। घटना जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोइनी बच्चा बाबू के मेला की है। छापेमारी के दौरान इस दौरान चाकू लगने से दो चौकीदार बुरी तरह जख्मी हो गए जिन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक चौकीदार को गोरखपुर रेफर कर दिया।

**मेला में शराब बिक्री हो रही थीः** इस मामले में पुलिस ने दोनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मांझागढ़ थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोइनी बच्चा बाबू के मेला में शराब बिक्री की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच और शराब तस्करों के गिरफ्तारी के लिए मौके पर दल बल के साथ पहुंची। इसी दौरान शराब तस्करों ने पुलिस टीम के साथ गए दो चौकीदारों पर चाकू से हमला कर दिया।

**दो आरोपी गिरफ्तारः** दोनों चौकीदार रामबाबू यादव और बैजू साह जख्मी हो गए।

# बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल सरकार और सीमा क्षेत्र के निवासियों के साथ समन्वय बैठक की

**एजेंसी। कोलकाता**

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत की आठवीं और 107वीं बटालियन के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों और सीमावर्ती गांवों के लोगों के साथ समन्वय बैठक की। इसका उद्देश्य सीमावर्ती समुदायों और स्थानीय अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करना था। बांग्लादेश में उपजे हिंसक हालात के बीच यह तालमेल सीमा सुरक्षा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। पहली बैठक बोर्नबेरिया सीमा चौकी, आठवीं बटालियन बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के साथ आयोजित की। इसमें राणाघाट के एसडीओ और एसडीएम, हंसखाली के बीडीओ, डीएसपी (सीमा) पश्चिम बंगाल, बीएल और एलआरओ के अधिकारी, हंसखाली के सहायक कृषि निदेशक और हंसखाली गांव के सभापति/सरपंच, पंचायत के सदस्य शामिल थे। आठवीं बटालियन की बैठक में प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें सीमा क्षेत्रों में ऊंची फसलों का प्रबंधन, जूट डंपिंग की समस्या, कर्फ्यू के बाद सीमा सड़कों पर नागरिक आवाजाही और बिना बाड़ वाले क्षेत्रों में बाड़ लगाने के लिए भूमि अधिग्रहण शामिल थे। इन मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। 107वीं बटालियन की बैठकें उत्तरपाड़ा और मुस्तफापुर सीमा चौकियों पर हुईं। यहां बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेशी सेना के कार्यभार संभालने के बाद मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। बीएसएफ ने घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए सतर्कता की जरूरत बताई। ग्रामीणों को रात के समय सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़क पर न जाने की सलाह दी गई। यह निर्णय हुआ कि बाजार की दुकानें रात नौ बजे तक बंद हो जाएं और मस्जिदों से ग्रामीणों को सीमा से दूर रहने की घोषणा की जाए। किसानों को जरूरी कार्य के लिए ही गेट का उपयोग करने और जरूरत पड़ने पर बीएसएफ से मदद लेने का निर्देश दिया गया।



# एक साथ दिल्ली पहुंच रहे एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचल तेज है। महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे दिल्ली पहुंच रहे हैं। उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होनी है। इसके साथ ही इस मुलाकात को लेकर कई तरह के चर्चाएं हैं। दावा किया जा रहा है कि मोदी से मुलाकात के दौरान आरक्षण और राज्य से जुड़े विषयों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन कहीं ना कहीं ऐसा लग रहा है कि एकनाथ शिंदे का दिल्ली दौरा पूरी तरीके से सियासी है। साथ ही साथ एकनाथ शिंदे के दिल्ली दौरे को लेकर कई तरह की कयास भी लग रहे हैं। एकनाथ शिंदे का यह दिल्ली दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। यह तीन दिनों के लिए उनका दौरा होगा जिसमें वह इंडिया ब्लॉक के गठबंधन सहयोगियों से मुलाकात करेंगे। ऐसे में कई सवाल महाराष्ट्र की राजनीति को लेकर तैर रहे हैं।

उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे का एक साथ दिल्ली दौरा कहीं कुछ और संकेत तो नहीं दे रहा है। यह दौरा कहीं कोई प्रयोग की कोशिश तो नहीं है। या फिर महज संयोग है। लेकिन लेकिन चुनाव को देखते हुए अटकलें का दौर लगातार जारी है। इसका बड़ा कारण एक और भी है कि हाल के दिनों में एकनाथ शिंदे लगातार शरद पवार से मुलाकात करते रहे हैं। उद्धव ठाकरे के दिल्ली दौरे पर शिव सेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि यह एक राजनीतिक यात्रा है। वह राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि सहित इंडिया ब्लॉक के सभी नेताओं से मुलाकात करेंगे। राउत ने आगे बताया कि हम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीट-बंटवारे की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। जैसा लोकसभा चुनाव में किया गया था, वैसा ही किया जायेगा। यह घटनाक्रम वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला के उस बयान के लगभग एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि सबसे पुरानी पार्टी दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती यानी 20 अगस्त को महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल फूंकेगी।



# गेमिंग ऐप घोटाला : ईडी ने कोलकाता में की छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश में करोड़ों रुपये के गेमिंग ऐप घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में एक आवासीय परिसर में छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। ईडी टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान भी थे। ईडी अधिकारियों की टीम सुबह कोलकाता के बाहरी इलाके कालिकापुर में एक आवासीय परिसर पहुंची। परिसर के भीतर एक इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय-सह-आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया।

हालांकि, ईडी अधिकारी गेमिंग ऐप के संबंध में छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन डिटेल साझा नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि मामले में कुल घोटाला 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। सूत्रों के अनुसार, निवेशकों द्वारा जिन लोगों को इस ऐप के माध्यम से ठगा गया था, उन्होंने अपना पैसा इस ऐप में निवेश किया था। इस पैसे को पहले अमेरिकी डॉलर में बदला गया और फिर चीन में जमा किया गया। इस पूरे मामले में कालिकापुर स्थित यह विशेष कार्यालय ऐसे संदिग्ध पैसों के लेनदेन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करता था। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के अलावा, गेमिंग ऐप के ऑपरेटरों के पूरे देश के अन्य शहरों और कस्बों में भी परिचालन केंद्र हैं। घोटाले की कार्यप्रणाली कई अन्य गेमिंग ऐप्स की तरह थी, जिनके खिलाफ ईडी काफी समय से जांच कर रही है। शुरूआत में निवेशकों को मोटी रकम का लालच देकर छोटी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता था। शुरूआत में वादे पूरे किए जाते थे और निवेशक आकर्षक रकम जीत जाते थे। जब निवेशकों के एक वर्ग के मन में और भी अधिक रिटर्न का लालच पैदा हो जाता था, तो उसके बाद ऐप संचालक उन्हें ज्यादा रुपये निवेश करने के लिए लुभाते थे। इसके बाद, वास्तविक घोटाला शुरू हुआ, जहां निवेशकों के लिंक्ड बैंक खातों में भुगतान जमा होने से रोक दिया गया।




## आठ बंदूकधारी नक्सलियों से बहादुर बेटी ने पिता की बचाई जान

**नारायणपुर।** जिले के नक्सल प्रभावित झारा गांव में बीती रात आठ बंदूकधारी नक्सलियों ने एक ग्रामीण सोमधर कोर्राम उम्र 50 वर्ष को उसके घर पंहुचकर हत्या की नीयत से उस पर कुल्हाडी से हमला कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद 17 वर्षीय बेटी सुशीला कोर्राम ने पिता पर कुल्हाड़ी से पहला हमला होने के बाद हिम्मत दिखाते हुए नक्सलियों के सामने अड़ गई, और कुल्हाड़ी को छीनकर फेंकने के साथ ही शोर मचा दिया। जिसके बाद आस-पास के लोग घर आ पहुंचे। इसे देखकर बंदूकधारी नक्सली मौके से फरार हो गए। घटना के तत्काल बाद ग्रामीण की बेटी सुशीला ने साहस का परिचय देते हुए पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल नारायणपुर ले गई। वहां ग्रामीण की खराब हालत को देखते हुए उसे मेकॉज रेफर किया, जहां उसका उपचार जारी है। नक्सली हमले से घायल ग्रामीण सोमधर कोर्राम की बेटी सुशीला कोर्राम ने बताया कि शाम को पिता खेत गए हुए थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ढाका रूट पर एयर इंडिया की उड़ानें फिर से शुरू, यात्रियों को दी छूट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर में अपनी शाम की उड़ानें एआई 237/238 फिर से शुरू करेगी। इसके अलावा, ढाका में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने कहा है कि वो ढाका से आने-जाने वाली एयर इंडिया उड़ान पर ग्राहकों को एक बार की छूट देगा, ऐसी बुकिंग पर जो 4 से 7 अगस्त के लिए की गई हो, अगर वो इसे रिशेड्यू करना चाहते हैं तो। इसके लिए टिकट 5 अगस्त या उससे पहले बुक किया गया होना चाहिए। एयर इंडिया ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी। पोस्ट मे लिखा गया है, एयर इंडिया 6 अगस्त 2024 को दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर पर अपनी शाम की उड़ानें एआई237/238 संचालित करेगी। इसके अलावा, ढाका में मौजूदा स्थिति के कारण, एयर इंडिया ग्राहकों को पुनर्निर्धारण पर एक बार छूट दे रही है। अगर वे 4 से 7 अगस्त 2024 के बीच ढाका से आने-जाने वाली किसी भी एयर इंडिया की उड़ान पर की गई बुकिंग के साथ ऐसा करना चाहते हैं। टिकट 5 अगस्त को या उससे पहले बुक किए गए होने चाहिए। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में, हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बता दें कि इससे पहले एयर इंडिया ने सोमवार को बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के बीच ढाका से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी थी। बांग्लादेश की नेता शेख हसीना के देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने व गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरने के बाद एयर इंडिया ने यह घोषणा की थी।

एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट में लिखा था, बांग्लादेश की स्थिति को देखते हुए, हमने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्हें यात्रा के पुनर्निर्धारण और टिकटों के रद्दीकरण शुल्क पर छूट दी गई है।



## शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,355 अंक तक टूटा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन घरेलू शेयर बाजार को गिरावट का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी और एक प्रतिशत से अधिक की छलांग भी लगाई लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली का जोर और वैश्विक दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अपनी पूरी बढ़त गंवा कर लाल निशान में पहुंच गए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में मेटल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए निकाले टेंडर

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। इन यूनिपोल पर पहली बार क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। सात साल के लिए यूनिपोल का आवंटन किया जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल को हटाने और नए यूनिपोल का टेंडर करके नए सिरे से आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर अमल करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाल दिए हैं। पांच साल बाद यूनिपोल के टेंडर हुए हैं।

एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि 76 नए यूनिपोल के लोकेशन चिन्हित किए गए। इनके लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। सर्वाधिक कीमत की बिड लगाने वाले को यूनिपोल आवंटित किए जाएंगे। यूनिपोल के टेंडर की डिटेल और यूनिपोल की लोकेशन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर इन 76 यूनिपोल के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी यूनिपोल का आवंटन हो जाने से प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए की आमदनी होने की उम्मीद है। चयनित कंपनियां सात साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी।

प्राधिकरण ने यूनिपोल की डिजाइन को आकर्षक बनाने के प्रयास किए हैं। हालांकि, यूनिपोल के आकार व डिजाइन प्राधिकरण के मानकों के हिसाब से ही होंगे।

## 2024-25 में भारत हासिल कर सकता है 7.2 % जीडीपी वृद्धि दर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फाइनेंशियल एडवाइजरी फर्म डेलॉइट की मानें तो वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था की जीडीपी वृद्धि दर 7 से 7.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, मजबूत विनिर्माण, मजबूत बैंक बैलेंस शीट और बढ़े हुए निर्यात की वजह से संभव हो सकती है। डेलॉइट के 'भारत आर्थिक आउटलुक' के अगस्त महीने के अपडेट में कहा गया है कि केंद्रीय बजट 2024-25 में कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने और विनिर्माण क्षेत्र में कई पहलों से आपूर्ति पक्ष में सुधार, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में मदद मिलेगी। खासकर यह ग्रामीण क्षेत्रों में होगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह भरोसा कायम है, क्योंकि भारत ने वित्त वर्ष 2023-2024 में 8.2% की वृद्धि दर्ज की है, जो लगातार तीसरे वर्ष सभी अपेक्षाओं से अधिक है। मजबूत विकास के बीच, ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में खर्च के नए पैटर्न उभरकर सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टिकाऊ वस्तुओं (ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित) के साथ-साथ सेवाओं पर खर्च करने की दिशा में एक बड़ा बदलाव आया है, जैसा कि 'घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण-2022-23' द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है। यह उपभोग की संरचना में व्यापक बदलाव की ओर इशारा करता है, जिसमें गैर-खाद्य और विवेकाधीन वस्तुएं शामिल हैं।

## पशु प्रोटीन की तुलना में पौधे आधारित प्रोटीन ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक : शोध


**नई दिल्ली।** एक शोध में यह बात सामने आई है कि सभी पौधों में आवश्यक अमीनो एसिड होते हैं जो इस बात को गलत साबित करते हैं कि पौधों की तुलना में पशु-आधारित प्रोटीन अधिक स्वास्थ्य लाभ देते हैं। वाशिंगटन डीसी में जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. नील बर्नार्ड का कहना है हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक प्रमुख अध्ययन से पता चला है जब गोमांस, मुर्गी, मछली, डेयरी उत्पादों या अंडों से प्राप्त प्रोटीन के बजाय पौधों पर आधारित प्रोटीन का सेवन किया जाता है, तो मृत्यु दर कम हो जाती है। लम्बे समय तक उच्च प्रोटीन-उच्च मांस आहार के कारण हड्डियों और कैल्शियम संतुलन संबंधी समस्याएं, कैंसर का खतरा, लिवर संबंधी समस्याएं और कोरोनरी धमनी रोग की स्थिति बिगड़ सकती है।

# आंतों के स्वास्थ्य से है आपकी त्वचा का संबंध


**एजेंसी। नई दिल्ली**

त्वचा में होने वाली समस्याओं को लेकर विशेषज्ञों ने बताया है कि आपके पेट का स्वास्थ्य और आपकी त्वचा के बीच सीधा संबंध है। त्वचा और आंत की बढ़ती समस्याओं को लेकर डॉक्टरों ने जीवनशैली और आहार के महत्व पर जोर दिया है। आंत का स्वास्थ्य त्वचा के स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है क्योंकि आंत-त्वचा एक दूसरे से जुड़ी हैं। आंत माइक्रोबायोटा में असंतुलन सूजन का कारण बन सकता है, जो त्वचा पर मुंहासे, एक्जिमा या रोसैसिया जैसी स्थिति के रूप में दिखाई दे सकते है।

स्वस्थ आंत को बनाए रखने से प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को रेगुलेट करने में मदद मिलती है जो त्वचा की सूजन को कम कर सकती है और समग्र त्वचा की स्थिति में सुधार कर सकती है। अच्छे बैक्टीरिया वाली आंतें खाना पचाने और शरीर को जरूरी पोषक तत्व देने में मदद करती हैं, जो त्वचा की सुरक्षा परत को मजबूत बनाने का काम करती है। सीलिएक रोग (ग्लूटेन संवेदनशीलता) से जुड़ा डमेर्टाइटिस हर्पेटिफॉर्मिस एक ऐसा उदाहरण है जहां आंत का स्वास्थ्य सीधे त्वचा को प्रभावित करता है। अस्वस्थ आंत से बढ़ी हुई सूजन त्वचा की समस्याओं को बढ़ा सकती है, जिसमें सोरायसिस, रोसैसिया, मुंहासे और एक्जिमा शामिल हैं। मणिपाल हॉस्पिटल पुणे के एचओडी एवं मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. प्रसाद भाटे ने आईएएनएस को बताया, ''आंत का स्वास्थ्य त्वचा के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आंत के माइक्रोबायोटा में असंतुलन सूजन का कारण बन सकता है जो त्वचा संबंधी समस्याओं के रूप में प्रकट हो सकता है। स्वस्थ आंत बनाए रखने से प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को रेगुलेट करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा की सूजन कम हो सकती है और समग्र त्वचा की स्थिति में सुधार हो सकता है।''उन्होंने आगे कहा, आहार आंत और त्वचा दोनों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फाइबर, प्रोबायोटिक्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे कि दही, केफिर, पत्तेदार साग, जामुन, मेवे और वसायुक्त मछली, आंत और त्वचा दोनों के स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। ये खाद्य पदार्थ संतुलित आंत माइक्रोबायोम को बनाए रखने में मदद करते हैं।



# नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे पहले ही प्रयास में किया क्वालीफाई




**89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में प्रवेश**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने पहले ही प्रयास में 89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में प्रवेश किया। चोपड़ा ने का सर्वोच्च थ्रो में 89.34 मीटर का है। यह थ्रो उन्होंने 2022 में तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित 'स्पीड मीट' इवेंट के दौरान स्थापित किया गया था।
भारत के अन्य भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने 80.21 मीटर के साथ समापन किया। इस पूर्व उन्होंने पहले प्रयास में 80.73 का थ्रो फेंका था और दूसरे में फाउल किया। भाला फेंक मुकाबाला दो ग्रुप चरणों और खिताब के लिए होता है। ग्रुप चरण में 84 मीटर का थ्रो भी क्वालीफाई करने के लिए मान्य होता है, जबकि टॉप 12 खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

## वह मेरा स्वर्ण पदक जीतने का सपना पूरा करेगी : पिता महावीर फोगाट






## विनेश फोगाट बड़ा उलटफेर करते हुए 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में चार बार की विश्व चैंपियन जापान की युई सुसाकी पर 3-2 से उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद महिलाओं के फ्रीस्टाइल 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। फोगाट पहले राउंड में 0-1 से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 30 सेकंड में 2 पॉइंटर के साथ स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। भारतीय खिलाड़ी अधिकांश मैच में रक्षात्मक थी लेकिन बाद के चरण में उसने चैंप-डी-मार्स एरेना में जीत हासिल करने के लिए खुद को पूरी तरह से लागू किया।विनेश अब दिन के अंत में क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच के खिलाफ खेलेंगी। सुसाकी मौजूदा विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। वह महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल में निर्विवाद रानी हैं और उन्होंने एक भी अंक गंवाए बिना टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता। गौरतलब है कि 2010 के बाद से सुसाकी केवल पांच मुकाबले हारी हैं। दूसरी ओर, विनेश अपने तीसरे ओलंपिक में भाग ले रही हैं। 2016 के रियो ओलंपिक में वह चोट के कारण मामूली अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं। टोक्यो ओलंपिक में, वह 53 किग्रा क्वार्टर फाइनल में वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार गईं।

## भारतीय पुरुष टीटी टीम पहले मैच में चीन से हारकर बाहर



**पेरिस।** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम मंगलवार को राउंड 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी टीम से हारकर पेरिस 2024 ओलंपिक से बाहर हो गई। सर्वश्रेष्ठ पांच मुकाबलों वाले मैच में, 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन चीन से 0-3 से हार गई। सबसे पहले, पुरुष युगल मैच में, दुनिया के नंबर 1 एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी वांग चुकिन और पांच बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मा लोंग ने हरमीत और मानव को 3-0 (11-2, 11-3, 11-7) से हराया।
राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और दुनिया के 41वें नंबर के भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शरत कमल ने दुनिया के नंबर 2 एकल खिलाड़ी फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ मुकाबले का दूसरा मैच खेला, जिन्होंने पेरिस 2024 में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता था। शरत ने पहला गेम जीता लेकिन अंततः मुकाबला 1-3 (11-9, 7-11, 7-11, 5-11) से हार गए। उस मैच में जो भारत का दिन बना सकता था, दुनिया के 59वें नंबर के मानव ने वांग चुकिन के खिलाफ अच्छा खेला, लेकिन चीनी खिलाड़ी का कौशल स्तर बिल्कुल बेजोड़ था, क्योंकि ठक्कर 0-3 (11-9, 11-6, 11-9) से हार गए।

## किरण पहल 400 मीटर के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**पेरिस।** भारतीय क्वार्टर-माइलर किरण पहल पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं और मंगलवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं। पहल ने रेपेचेज राउंड में 52.59 सेकेंड का समय लिया, जो पहले राउंड में उनके 52.51 सेकेंड के समय से धीमा था। 24 वर्षीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सका क्योंकि प्रत्येक हीट में केवल शीर्ष एथलीट, साथ ही रेपेचेज में कुल मिलाकर दो सर्वश्रेष्ठ एथलीट ही आगे बढ़े। पेरिस 2024 में, 200 मीटर से 1500 मीटर (बाधा सहित) तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पधाओं के लिए एक रेपेचेज राउंड शुरू किया गया। नया प्रारूप पुरुषों और महिलाओं दोनों की दौड़ में कुल छह अलग-अलग दूरी को कवर करता है, जिसमें सामान्य तीन के बजाय चार राउंड शामिल हैं। नए रेपेचेज प्रारूप में, जो एथलीट राउंड एक हीट में भाग लेकर क्वालीफाई नहीं कर पाते, उनके पास रेपेचेज हीट में भाग लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका होगा। यह नया रेपेचेज प्रारूप पूर्व प्रणाली की जगह लेगा, जब एथलीट सबसे तेज समय के माध्यम से आगे बढ़ते थे। , जिन्हें कभी-कभी हीट में शीर्ष स्थानों के अलावा 'लकी लूजर' के ??रूप में भी जाना जाता है।

## किशोर जेना का फाइनल के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल




**पेरिस।** भारत के किशोर जेना का पेरिस ओलंपिक के एथलेटिक्स मुकाबले में भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो गया है। इसके बाद भारतीय उम्मीदें नीरज चोपड़ा पर टिक गई हैं, जो कुछ देर बाद दूसरे ग्रुप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। किशोर जेना से काफी उम्मीदें की जा रही थी, क्योंकि उन्होंने एशियाई खेलों में नीरज से पीछे रहकर रजत पदक जीता था। लेकिन वह अपने उस प्रदर्शन को पेरिस में नहीं दोहरा पाए और ग्रुप ए से फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करने से चूक गए। अब उनका भाग्य दूसरे ग्रुप बी पर निर्भर करेगा, जिसमें देखना होगा कि एथलीट कैसा प्रदर्शन करते हैं क्योंकि शीर्ष 12 एथलीटों को ही फाइनल में जगह मिलती है। किशोर जेना ने अपना पहला थ्रो 80.73 मीटर फेंका। लेकिन उनका दूसरा थ्रो फाउल हो गया। तीसरे थ्रो में उन्होंने 80.21 मीटर का स्कोर किया है। वह ग्रुप-ए में 9वें स्थान पर रहे। 28 वर्षीय जेना पिछले साल शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने एशियाई खेलों में 87.54 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता था।यह प्रदर्शन उन्हें फाइनल में स्थान दिला सकता था लेकिन पेरिस में उनका सर्वश्रेष्ठ 80.73 मीटर ही रहा।

## एसए-20 में खेलते नजर आएंगे दिनेश कार्तिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिनेश कार्तिक अगले वर्ष नौ जनवरी से शुरू होने एसए-20 टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह इस टूर्नामेंट में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे। कार्तिक ने इस वर्ष जून में अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास लेने की घोषणा की थी। उसके बाद एसए-20 कार्तिक का पहला टूर्नामेंट होगा।
कार्तिक ने भारत के लिए 180 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अपने आखिरी आईपीएल सत्र 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए खेला था। आरसीबी ने उन्हें 2025 के आईपीएल सत्र के लिए मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच के रूप में साइन किया है। रॉयल्स फ्रैंचाइजी के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कार्तिक का टीम में स्वागत करते हुए कहा, ह्यदिनेश आधुनिक भारतीय सीमित ओवर के एक महान खिलाड़ी हैं और उनके अपार अनुभव से हमारी टीम को बहुत मदद मिलेगी।'
इस अवसर पर कार्तिक ने कहा, ह्यदक्षिण अफ्रीका में मेरी बहुत ही अच्छी यादें रही हैं और मेरे सामने जब यह मौका आया तो मैं मना नहीं कर सका। मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए उत्साहित हूं।'
टी 20 सर्किट में कार्तिक को उनके साथियों और क्रिकेट के कई विशेषज्ञों के द्वारा काफी ऊंचा आंका जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कार्तिक के पास टी-20 प्रारुप का अधिक अनुभव है। कार्तिक वर्तमान में स्काई स्पोर्ट्स के लिए द हंड्रेड की कमेंट्री कर रहे हैं। कार्तिक ने अब तक कुल 401 टी-20 मैच खेले हैं। आईपीएल में वह कोलकाता नाइट राइडर्स सहित छह टीमों का हिस्सा रहे हैं। कार्तिक आईपीएल में सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक थे। वह पूरे 17 सीजन में केवल दो ही मैच में अनुपस्थित रहे थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोल्ड (बीसीसीआई) के द्वारा केवल रिटायर भारतीय खिलाड़ियों को ही विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति है।




## क्रिकेटर मशरफे मुर्तजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे बिन मुर्तजा पर गुस्सा दिखाया है। गुस्साए लोगों ने मुर्तजा के घर को आग लगा दी है। यह घटना प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई। बांग्लादेश में अभी अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि खुलना डिवीजन में नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य मुर्तजा ने इस साल की शुरूआत में हुए आम चुनावों के दौरान अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में लगातार दूसरी बार अपनी सीट जीती थी। माना जा रहा है कि मुर्तजा ने छात्रों के प्रदर्शन और सामूहिक गिरफ्तारियों पर चुप्पी साधे हुए थी, इससे प्रदर्शनकारी निराश थे।

## भारत ए के खिलाफ सीरीज विश्व कप तैयारी के लिए शानदार : ताहिला मैक्ग्रा

**एजेंसी। मेलबर्न**
स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ताहिला मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलिया-ए के साथ अपने आगामी कार्यकाल को 'विश्व कप की एकदम सही तैयारी' बताया है। इस सीरीज के जरिए वो अपने ऑफ-सीजन के बाद कुछ नई तरकीब आजमाना चाहती हैं। मैक्ग्रा भारत ए के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए की अगुवाई करेंगी। यह श्रृंखला बुधवार से ब्रिस्बेन के एबी फील्ड पर शुरू होगी। अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के बाद से यह मैकग्रा का पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा। उन्होंने इससे पहले ब्रेक और घर पर समय बिताने के लिए द हंड्रेड ड्राफ्ट के लिए अपना नामांकन छोड़ने का विकल्प चुना था। मैकग्रा ने सीरीज से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। यह विश्व कप से पहले कुछ मैच खेलने और कुछ नई चीजें आजमाने का एक अच्छा मौका है। मैकग्राथ, मल्टी-फॉर्मेट टूर के व्हाइट-बॉल सेगमेंट में भाग लेने के लिए तैयार दो अनुबंधित ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके साथ तायला व्लामिन्क भी होंगी। वह इस साल की शुरूआत में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स की अपनी पूर्व साथी श्वेता सेहरावत, किरण नवगीरे और सोप्पाधंडी यशश्री के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं। मैक्ग्रा ने कहा, मुझे लगता है कि यह विश्व कप की तैयारी के लिए एकदम सही है। इस सीरीज से मैं अपनी तैयारियों को पुख्ता कर सकती हूं, साथ ही अपनी रणनीति और मेरे खेल के कौन से हिस्से में कुछ खास करना है इस पर विचार भी कर सकती हूं। मैं कुछ चीजों पर काम कर रही हूं, इसलिए विश्व कप में जाने से पहले उन्हें आजमाने का मौका मिलना मेरे लिए एकदम सही तैयारी है। ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज की सबसे अच्छी बात यह है कि वे बहुत मजेदार हैं। यह एक उत्साही समूह, युवा प्रतिभाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, साथ ही पुराने घरेलू सुपरस्टार्स के साथ वहां जाने का अवसर है और बस एक साथ आकर भारत ए के खिलाफ खेलना हमेशा वास्तव में रोमांचक होने वाला है।

## डब्ल्यूआर बनी विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियन

**एजेंसी। अस्ताना, कजाकिस्तान**
विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ठीक अगले दिन शतरंज के सबसे छोटे फॉर्मेट ब्लिट्ज शतरंज की विश्व टीम चैंपियनशिप पहली बार खेली गयी जिसका खिताब विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के नेतृत्व वाली डबल्यूआर चैस टीम नें भारत की टीम एमजीडी 1 को एक करीबी मुकाबले में 3-1 से पराजित करते हुए अपने नाम कर लिया , दोनों टीम के बीच हुए बेस्ट ऑफ 2 फाइनल में एमजीडी 1 पहले बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी की कार्लसन के जीत के बाद भी 3.5-2.5 से हार गयी ।



भारत की एमजीडी1 रही उपविजेता



## नई दिल्ली को 7-0 के अंतर से हराकर झारखंड ने खोला खाता बेटियों ने दिखाया दम

**रांची।** दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने दमदार जीत के साथ शुरूआत की है। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने पहले ही मुकाबले में नयी दिल्ली को 7-0 के अंतर से बड़ी शिकस्त दी है। इस मुकाबले में बबिता कुमारी ने 3, पुनिता कुमारी ने 2, पूजा कुमारी और संजना उरांव ने 1-1 गोल कर झारखंड को पहले मुकाबले में जीत दिलाई। टीम की कप्तानी प्रियतम तिर्की कर रही है। टीम में अनीशा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, क्रांति उरांव, नैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनिता कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामती होरो, एब्लिन कुजूर, पूनम कुमारी, ललिता बोयपाई शामिल हैं। टूर्नामेंट से पहले अंडर 17 बालिका टीम को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा द्वारा 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। पहले ही मुकाबले में झारखंड की दमदार जीत पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह,टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाये और बधाई दी है।

### भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखिरी बार वनडे शृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था

## 27 साल बाद शृंखला गंवाने से बचने के लिए आज खेलेगा भारत

**एजेंसी। कोलंबो**
पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद श्रृंखला गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।
गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे श्रृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरूआत नहीं करना चाहेंगे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे श्रृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था। अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था। भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे श्रृंखलाएं हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही।
भारत वर्तमान श्रृंखला को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह श्रृंखला बराबर करने पर टिकी हैं। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है।
स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से अपना विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरूआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है लेकिन अभी तक वह इसमें नाकाम रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संवारना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। श्रीलंका के स्पिनर भारत के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी अबूझ पहेली बने हुए हैं। स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक श्रीलंका के स्पिनरों को खेलने में असफल रहे हैं।



**भारत :** शुभमन गिल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

**श्रीलंका :** पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका (कप्तान), कामिंडु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, डुनिथ वेलालेज, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, जेफरी वेंडरसे

## अश्विनी पोनप्पा ने प्रकाश पादुकोण के बयान की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर अश्विनी पोनप्पा ने लक्ष्य सेन के पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण की टिप्पणी की आलोचना की है। पोनप्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में खिलाड़ियों पर अनुचित तरीके से दोष मढ़ने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि विफलताओं के लिए केवल खिलाड़ियों को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया जा रहा है, जबकि तैयारी और रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोचों की इसी तरह जांच क्यों नहीं की जा रही है। पोनप्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, यह देखकर निराशा हुई। अगर कोई खिलाड़ी जीतता है, तो हर कोई श्रेय लेने के लिए आगे आता है और अगर वे हारते हैं, तो यह सिर्फ.खिलाड़ी की गलती है!

# सरकार दिव्यांगों के समावेशी विकास पर कर रही फोकस: चंपाई सोरेन

- अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस
- दिव्यांगजनों के शिक्षा के लिए स्टेट यूनिवर्सिटी की परिकल्पना पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि दिव्यांगजनों को सामान्य जीवन में समावेशी भागीदारी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिव्यांगजनों के लिए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गयी है। वह मंगलवार को होटल बीएनआर में आयोजित स्टेट लेवल कंसल्टेटिव वर्कशॉप को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सोच यह है कि मनुष्य जीवन के लिए कुछ ऐसा करें, जो मिसाल बन सके। दिव्यांगजनों के लिए समावेशी विश्वविद्यालय एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सब के पास सब कुछ नहीं है। हमारे दिव्यांगजन भी उनमें शामिल हैं। उनके समावेशी विकास पर फोकस किये बिना संपूर्ण विकास की बात बेमानी होगी। सामान्य मानव जीवन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने सरायकेला खारसावां के राजनगर प्रखंड में ओडिशा की सीमा पर स्थित एक गांव का जिक्र करते हुए बताया कि वहां के स्कूल के नेत्रहीन हेडमास्टर कैसे शिक्षा देते थे। उनके ही कार्यों से प्रेरणा लेकर दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड मूल रूप से धनी प्रदेश है। जंगल-झाड़ से सुसज्जित है, लेकिन पिछड़ा भी है। पिछड़ेपन के लिए वह किसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन आगे इसे कैसे विकसित बनायें, इस पर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो, तो हर समस्या का समाधान संभव है। सरकार उच्चतर शिक्षा के लिए लगातार सुविधाएं विकसित कर रही है। छात्रों को हर सुविधा दी जा रही है। अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस है। उन्होंने कार्यशाल में आये प्रबुद्धजनों से कहा कि उनके सुझाव लेकर वह समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना को साकार करेंगे। कार्यशाला में उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि समाज के विशेष वर्ग दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण बनाना होगा। यह सिर्फ विभाग ही नहीं, हम सभी का दायित्व है। समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना में भी यही तथ्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की क्षमता पहचान कर उनके विकास पर फोकस करना हमारा लक्ष्य है। दिव्यांगजनों की कुल 21 कैटेगरी है। उनकी कैटेगरी के अनुसार उनकी आवश्यकता को ध्यान में रख उनके लिए कोर्सेज डिजायन करना होगा। क्लास डिजायन करना होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि लातेहार जिले में बतौर उपायुक्त अपनी पदस्थापना के दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए एक नई सुबह नामक कार्यक्रम की शुरूआत की थी। उसी तरह देवघर में उड़ान और गुरुकुल कार्यक्रम के माध्यम से 40 हजारों दिव्यांगों को लाभ पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि दिव्यागजनों के अलावा सामान्य छात्रों के लिए भी विभिन्न योजनाएं लेकर आएंगे। कार्यशाला में निदेशक उच्चतर शिक्षा रामनिवास यादव, असिस्टेंट रजिस्टार कोऑपरेटिव सर्विस विवेक सिंह, संस्था मनोविकास, दिल्ली के मैनेजिंग सेक्रेटरी डॉ. अलोक भुवन, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## आजीवन सजा काट रहे 30 कैदियों को रिहा किए जाने पर बनी सहमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन 67 कैदियों के रिहाई से संबंधित मामलों पर पुनः विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली दो बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 67 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के मामलों पर अधिकारियों के साथ गहन-विचार विमर्श किया। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार विचार-विमर्श के उपरान्त 30 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति दी। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड अनुराग गुप्ता, कारा

# किसानों को कृषि और वन उपज के लिए प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करें : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की तृतीय बैठक संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि झारखंड में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का गठन हुआ है। इसका उद्देश्य विभिन्न वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना है। ऐसे में इस सहकारी संघ की जानकारी किसानों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि वे इससे जुड़कर उत्पादों का लाभ ले सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है उसे परंपरागत कृषि काफी प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस कृषक पाठशाला में किसानों को वैकल्पिक खेती का प्रशिक्षण दें। उन्हें वनोपज से जोड़ें। इसके लिए उन्हें संसाधन भी उपलब्ध कराने की पहल करें ताकि विपरीत परिस्थितियों में वे कृषि कार्य से जुड़कर अपने को मजबूत बनाए रख सकें। महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र फुदी को प्रोफेशनल तरीके से चलाने का सुझाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि फुदी स्थित नवनिर्मित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उसे प्रोफेशनल तरीके से चलाया जाए। यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रीय सहकारी संघ अथवा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सहकारी परिषद् से समझौता ज्ञापन कर वहां प्रोफेशनल-वोकेशनल कोर्सेज करवाया जाए ताकि राज्य के नवयुवकों का स्किल विकास हो, उन्हें रोजगार मिल सके। पीपीपी मोड में भी चलने की संभावना तलाशी जाए।

### वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाया जाये

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाएं जाने चाहिए। वनोपज से जुड़े ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ें। इनके उत्पादन से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दें, ताकि वह व्यावसायिक रूप से इनका उत्पादन कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाह तथा रेशम -तसर की खेती की झारखंड में काफी संभावनाएं हैं। ऐसे में इसके उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा कि केंदू पत्ता वनोपज को भी सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के दायरे में लाने की संभावनाएं तलाशें। इससे केंदू पत्ता के उत्पादन से जुड़े श्रमिकों को फायदा मिलेगा।

### सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करें

मुख्यमंत्री ने राज्यभर में अवस्थित सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि किसानों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि लैम्प्स और पैक्स से आज भी किसानों की एक बड़ी संख्या निबंधित नहीं है। ऐसे में छूटे हुए सभी किसानों को जोड़ने की पहल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैम्प्स-पैक्स भवनों की मरम्मत के साथ उसके उचित रख-रखाव और बेहतर प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, आंवला, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे कई वनोपज हैं, जिसकी उपयोगिता और बाजार में काफी ज्यादा मांग है लेकिन इसके उत्पादकों को इसका उचित फायदा नहीं मिल रहा है।

### मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उनका समूह बनाकर सिध्कोफेड से जोड़ा जाए एवं उनके मधु को वैश्विक बाजार उपलब्ध करने के लिए अमूल, सफोला, हिमालय जैसी बड़ी कंपनियों-संस्थाओं से समझौता ज्ञापन किया जाए ताकि मधु संग्राहकों को उचित मूल्य मिल सके एवं लोगों को उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्यवर्धक मधु उपलब्ध हो सके।**

# जीना है तो डर के जियो, जीवन में एक पल भी हंसना न : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल



मरांडी ने हेमंत सरकार के लिए राजकीय एंथम लिखा है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर एंथम में लिखा है कि जीना है तो डर के जियो, जीवन में एक पल भी हंसना न,। साथ ही कहा है कि प्रदेश में आए दिन हो रही चोरी से एक बार तो स्पष्ट हो चुकी है कि चोरों को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार ने झारखंड में चोरी को राजकीय व्यवसाय मान लिया है, तभी तो चोरी और चोरों पर कार्यवाही करने के बजाव उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में चोरों का आतंक अंधेरे की गहराई से अधिक भयावह हो चुका है। अब झारखंड का हाल ऐसा हो गया है कि लोगों को अंधेरों से ज्यादा, चोरों से डर लगने लगा है। अंधेरे की शिकायत तो फिर भी सूरज से की जा सकती है लेकिन चोरी की शिकायत किससे की जाए। शासन-प्रशासन तो चोरों को तथा उनकी चोरी को बचाने में लगा हुआ है।

# राज्य सरकार से नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद नहीं : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को झारखंड



मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए सरकार की योजनाओं के कार्यान्वन के रिकॉर्ड पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जो सरकार आज तक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति नहीं बना पाई, 1932 का खतियान लागू नहीं कर पाई, बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पाई, ऐसी सरकार से किसी नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद करना भी बेमानी है। प्रतुल ने कहा कि दरअसल इस सरकार के भ्रष्टाचार ने झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल घूम आए। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री अभी जेल में हैं। मुख्यमंत्री के तमाम दरबारी जेल के भीतर हैं। राज्य में हाहाकार मचा है। विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। इन सबसे ध्यान बांटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना तैयारी के 'मइयां सम्मान योजना' को ले आए। प्रतुल ने कहा कि पहले ही चार दिनों में इस योजना के प्रति सरकार की मंशा की कलई खुल गई।

## पेज एक का शेष

### मंईयां योजना आवेदन में हो...

आवेदन प्राप्त करने को लेकर कैंप लगाए गए थे, लेकिन कुछ कैंपों में अव्यवस्था के कारण आवेदन जमा करने आई महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, मंगलवार को सतारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू गिरिडीह के सदर प्रखंड के तेलोडीह पंचायत भवन कैंप पहुंचीं। पंचायत भवन में मौजूद महिलाओं से सीएम मंईयां सम्मान योजना के फॉर्म भरने में प्रक्रिया में हो रही परेशानियों से अवगत हुईं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी परेशानियों से सीएम अवगत हैं। जल्दी आप सभी के वगैर परेशानी के फॉर्म जमा होंगे। साथ ही कहा कि उनकी परेशानियां को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी बहनों के वास्ते इस योजना की शुरूआत की है। कल्पना सोरेन ने कहा कि फॉर्म भरने में हो रही परेशानी को लेकर सीएम हेमंत सोरेन चितिंत हैं और विभागीय स्तर पर लगातार बैठकें कर तकनीकी अड़चनों को दूर करने की दिशा में काम कर रहे हैं। शिविर की समय सीमा 10 अगस्त से बढ़कर 15 अगस्त तक कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना का बिचौलियों से दूर रखने के वास्ते ही फार्म निःशुल्क मुहैया कराये जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सुदीप्य कुमार सोनू समेत स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### जयप्रकाश पटेल को झारखंड...

रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इस याचिका पर सुनवाई आगे जारी रहेगी। इसे लेकर शिकायतकर्ता झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी किया गया है। जयप्रकाश पटेल वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गए थे। इस साल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी और उसके टिकट पर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। पार्टी बदलने के बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया था। इसे लेकर विधानसभा में भाजपा विधायक दल एवं प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने उनके खिलाफ स्पीकर के ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उनकी विधायकी समाप्त कर दी गई थी। जयप्रकाश पटेल ने इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि स्पीकर ट्रिब्यूनल ने उनका पक्ष पूरी तरह सुने बिना फैसला दिया है, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता बहाल की जानी चाहिए। बता दें कि दल-बदल के मामले में स्पीकर ट्रिब्यूनल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम की भी सदस्यता रद्द की है। उन्होंने भी इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन अदालत ने उनके मामले में भी स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

### हसीना को ब्रिटेन से अब तक..

अड़चन यह है कि ब्रिटेन के गृह कार्यालय के अनुसार देश के आव्रजन नियम उन व्यक्तियों को ब्रिटेन आने की अनुमति नहीं देते हैं, जो वहां शरण लेने के लिए आते हैं। उसमें कुछ ऐसे क्लाज देखे जा रहे हैं जिसके चलते वह एक बार ब्रिटेन चली आवें , फिर बाकी सब पूरा किया जाता रहेगा। लेकिन जब तक यह नहीं हो जाता , तब तक तो हसीना भारत में ही रहेंगी। मालूम हो कि इसके पहले ब्रिटेन ने हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान को जनवरी 1972 में पाकिस्तानी जेल से रिहाई पर शरण देने की पेशकश की थी। उधर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने बांग्लादेश में जारी हिंसा पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि सभी को मिलकर काम करना चाहिए और हिंसा को समाप्त करना चाहिए। डेविड लैमी ने अपील की कि बांग्लादेश हिंसा की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र को इसका नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन देश के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा में कार्रवाई देखना चाहता है। यूके और बांग्लादेश के बीच लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। और दोनों देश साझा राष्ट्रमंडल मूल्यों को साझा करते हैं। इधर सर्वदलीय बैठक में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर शेख हसीना ने 5 अगस्त को भारत सरकार से भारत आने की अनुमति देने का आग्रह किया था। उनके रक्षा अधिकारियों ने पीएम हसीना के विमान सी-130 जे को भारतीय वायु सीमा में प्रवेश करने की इजाजत देने का आग्रह किया ।उसी विमान में सात 7 सैन्यकर्मियों की सुरक्षा में शेख हसीना भारत आईं। वह विमान 6 अगस्त की सुबह 9 बजे 7 सैन्य कर्मियों को लेकर वापस बांग्लादेश जाने के लिए उड़ा और समय से सुरक्षित बंगला देश के हवाई अड्डे पर उतर चुका है। इस विमान पर भारत की एजेंसियों की तरफ से निगरानी रखी गई। जिस समय शेख हसीना को लेकर बंगला देश से विमान भारत के लिए उड़ा था, उस दौरान भारत की वायु सेना को एलर्ट मोड में कर दिया गया था। राफेल की फ्लीट सहित अन्य लड़ाकू विमानों को बंगला देश व चीन से सटी भारतीय सीमा व आसमान पर निगरानी में लगा दिया गया था। जब तक हसीना का विमान हवाईअड्डे पर सही सलामत दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिंडन एयर फोर्स हवाई अड्डे पर लैंड नहीं कर गया , तब तक वायु सेना सहित सेना के तीनों विंग एलर्ट मोड पर रहे। हालांकि अभी भी उनको सजग रखा गया है , लेकिन 5 अगस्त की स्थिति अलग थी ।

### बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के..

भवनों और अवसंरचना पर हमले की घटनाएं तथा यातायात एवं रेल अवरोध शामिल थे। यह हिंसा जुलाई माह तक जारी रही। इस अवधि के दौरान, हमने बार-बार संयम बरतने की सलाह दी और कहा कि बातचीत के जरिए स्थिति को शांत किया जाए। इसी प्रकार की बात उन विभिन्न राजनीतिक शक्तियों से की गई, जिनके साथ हम संपर्क में थे। उन्होंने सदन में कहा कि 21 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बावजूद, सार्वजनिक आंदोलन में कोई कमी नहीं आई। तत्पश्चात लिए गए विभिन्न निर्णयों और कार्रवाइयों ने स्थिति को और प्रतिकूल बना दिया। इस समय आंदोलन एक सूत्री एजेंडे के इर्द-गिर्द केंद्रित था, वह यह कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ देना चाहिए। 4 अगस्त को, घटनाक्रम ने अत्यंत गंभीर मोड़ लिया। पुलिस थानों और सरकारी प्रतिष्ठानों सहित पुलिस पर हमले तेज हो गए, और इस तरह हिंसा और अधिक बढ़ गई। पूरे देश में सरकार से जुड़े लोगों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह थी कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमले हुए। इसका पूरा आकलन अभी भी पूरी तरह से नहीं किया जा सका है।

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने संसद..

पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार एक जुलाई से पांच अगस्त तक छात्र आंदोलन और विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें से कइयों को पहले ही रिहा किया जा चुका है। संसद भंग किए जाने के बाद अब राष्ट्रपति और सेना प्रमुख के साथ मिलकर विभिन्न राजनीतिक दल अंतरिम सरकार का गठन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा और सरकार विरोधी प्रदर्शन के चलते विगत सोमवार को दोपहर बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने त्यागपत्र देकर तत्काल ही देश छोड़ दिया था।

### क्यों ब्रिटेन में शरण लेना..

बांग्लादेश का मुक्ति संग्राम शुरू हुआ तब पाकिस्तानी फौज ने शेख रेहाना को भी नजरबंद कर दिया था। वर्ष 1975 में परिवार में कई सदस्यों की हत्या होने के बाद वो जर्मनी से भारत आई थीं। उस समय दोनों बहनें लगभग 6 साल तक भारत में रही थीं। इसके बाद बांग्लादेश गई थीं। रेहाना ने पर्दे के पीछे से बहन की राजनीति पार्टी के लिए बहुत काम किया । शेख रेहाना ने 1975 में हुई पिता के हत्या के मुद्दे को वैश्विक पटल पर कई बार उठाने का बड़ा काम किया।उन्होंने 1979 में स्वीडन के स्टॉकहोम में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय मांग के रूप में उठाया था। इसके बाद 10 मई 1979 को उन्होंने ऑल-यूरोपीय बकशाल सम्मेलन में एक ऐसा भाषण दिया था, जिसके चलते उनको वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। इस सम्मेलन में यूरोपीय देशों के प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय एनजीओ के कई वरिष्ठ लोगों ने हिस्सा लिया था। शेख रेहाना की शादी शफीक सिद्दीकी से हुई थी, जिनका बांग्ला देश में शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान माना जाता है। शफीक सिद्दीकी ढाका यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे हैं और वो ढाका कॉमर्स कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन भी हैं। रेहाना के तीन बच्चे हैं- एक बेटा और दो बेटी। उनके बेटे का नाम रादवान सिद्दीकी है, बड़ी बेटी का नाम टुली सिद्दीकी ,छोटी का नाम अजमीना है । रादवान ढाका में एक इंटरनेशनल संस्थान में काम करते हैं। वह आवामी लीग के रिसर्च संस्था में भी बहुत मदद करते हैं। रेहाना की बड़ी बेटी ळ४'रस्र र्रि० ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद है। छोटी बेटी एक संस्था में रिस्क एनालिसिस एडिटर है।

### लोहरदगा में आटा..

स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही असफाक अंसारी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. डीके सिंह, झारखण्ड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टीएन साहु ने राजभवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर राज्यपाल म ने उपस्थित सभी कुलपतियों से कहा कि विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो, हमारे विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करें तथा एकेडमिक कैलेंडर का पूर्णतः पालन हो। हमारे विश्वविद्यालय छात्रहित में सदा सक्रियता से कार्य करें। हमारे शिक्षण संस्थानों में सर्वत्र ज्ञान का माहौल हो एवं सभी अनुशासित होकर अपना कार्य करें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त राज्यपाल से सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. गोपाल पाठक ने राजभवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की स्थिति से अवगत कराया।

### सूक्ष्म खाद्य उद्यम क्षेत्र के हजारों उद्यमियों को 153 करोड़ रुपये के निवेश से मिली सब्सिडी : सत्यानंद

**रांची।** राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई) का औपचारिकीकरण बैंकर्स कॉन्क्लेव-2024 का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद



उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले कई उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते छोटे उद्यमियों को राज्य सरकार के स्तर से दी जा रही मदद की जानकारी दी और कहा कि पीएमएफएमई एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य उद्यम के क्षेत्र में सूक्ष्म स्तर पर उद्यमियों को वित्तीय एवं तकनीकी सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा अबतक इस योजना के तहत कुल 153 करोड़ रुपये के निवेश से हजारों छोटे उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की गयी है। इस योजना के माध्यम से लगभग बारह हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव सहित अन्य कई पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस का 'एक मुलाकात अपनों के साथ' अभियान शुरू

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस का 'एक मुलाकात अपनों के साथ' अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कांके शहरी प्रखंड, मोराबादी प्रखंड, रातू रोड उत्तर प्रखंड, रातू रोड दक्षिण प्रखंड, किशोरगंज, हिदपीढ़ी, अरगोड़ा, हिनू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, कार्यकतार्ओं तथा कांग्रेसजनों से मुलाकात की और संगठन तथा सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। सबसे पहले वे कांके शहरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल उरांव से उनके आवास में मिले। इसके बाद मोराबादी प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्की करमाली के आवास में कांग्रेसजनों से मुलाकात की। इसके अलावा भी उन्होंने कांग्रेस के अन्य क्षेत्रों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात की और उनसे सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।

### चॉक बॉल संघ ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रांची।** झारखंड राज्य चॉक बॉल की ओर से जयपाल सिंह स्टेडियम में 14 वी जूनियर राष्ट्रीय चॉक बॉल प्रतियोगिता में जलंदर में भाग लेकर आए हुए खिलाड़ियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। ज्ञात है कि झारखंड चॉक बॉल कि बालिका टीम तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया था। इसी को लेकर संघ की ओर से खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी दीपक वर्मा, चॉक बॉल झारखंड के महासचिव ब्रजेश कुमार, अंश वर्मा, जय श्रीवास्तव, समेत कई गणमान्य व्यक्तियो ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। यह जानकारी सचिन लोहड़ा ने दी।

### अद्वितीय प्रतिभा की धनी थीं सुषमा स्वराज : कर्मवीर

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व. सुषमा स्वराज अद्वितीय प्रतिभा की धनी थी। पार्टी में कार्य करने वाली बहनों केलिए वे प्रेरणा स्त्रोत हैं। श्री सिंह ने कहा कि स्व. सुषमा जी को ईश्वर ने बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न बनाया था। वे कुशल वक्ता, कुशल संगठनकर्ता व राजनेता रहीं। भारत की विदेशमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी नई पहचान बनाई थी। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,पंकज सिन्हा, मनोज दुबे आदि शामिल थे।

### भूमि विवाद में हुई थी राजेश मुंडा की हत्या

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास बीते एक अगस्त को राजेश मुंडा नाम के व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में शामिल सौरभ कुमार सिंह नाम के एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बतलाया कि वह चन्दवे बस्ती के राम पाहन, जो जमीन दलाली का काम करता है, उसके साथ लोगों को धमकाने का काम किया करता है। राजेश मुण्डा का राम पाहन के साथ फोरलेन सड़क में अधिग्रहण की जाने वाली जमीन, अंचल कार्यालय में जमीन के दस्तावेजीकरण और मुआवजा को लेकर जमीनी विवाद था। राम पाहन के कहने

### अवैध हथियार रखने के दोषियों को सात साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार क्यूम अंसारी और निजाउल अंसारी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को दोषियों पर 13 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ने की राशि नहीं देने पर दोनों को अतिरिक्त नौ महीने जेल काटनी होगी। पहला दोषी क्यूम अंसारी नगड़ी थाना क्षेत्र के बरसा गांव निवासी और निजाउल अंसारी लोहरदगा के कुडू थाना के जोनरो गांव निवासी है। दोनों को पुलिस ने सात सितंबर, 2018 को लोडेड देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ नगड़ी थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 139/18) दर्ज कराई थी।

### पारा शिक्षकों के नियमितीकरण संबंधी असम सरकार के फैसले को प्रदेश भाजपा ने सराहा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने असम सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के नियमितीकरण के फैसले की सराहना की है। वहीं असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा सरकार और इंडी ठगबंधन की सरकारों की नीति और नीयत में यही फर्क है। कहा कि भाजपा नेतृत्व की सरकार अपनी घोषणाओं को जमीन पर उतारने में विश्वास करती है जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार जनता को ,किसानों को युवाओं को महिलाओं को केवल धोखा देती है। कहा कि एक तरफ लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के नेतृत्व वाली असम की भाजपा सरकार ने 5 वर्षों से सेवा दे रहे अनुबंधित समग्र शिक्षा असम के पारा शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा की औपचारिकता किए नियोजित करने का फैसला लिया है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## बीएसएफ महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा



**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने अपने दौरे के दूसरे दिन उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित आईसीपी पेट्रापोल और 68वीं बटालियन की सीमा चौकी राणाघाट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रवि गांधी (अतिरिक्त महानिदेशक, पूर्वी कमान) और मनिंदर प्रताप सिंह (महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल) फ्रंटियर के साथ सामरिक और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। चौधरी का यह दौरा बांग्लादेश में हाल ही में हुई घटनाओं के संदर्भ में इन प्रमुख स्थानों पर बीएसएफ की तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया।

## पेट्रापोल बॉर्डर पर उतारे गए 45 बांग्लादेशी यात्री, ढाका-कोलकाता बस सेवा ठप

**कोलकाता।** भारतीय सीमा पर स्थित भूमि बंदरगाह पेट्रापोल पर मंगलवार को 45 बांग्लादेशी नागरिकों को ढाका जाने वाली बस से उतरना पड़ा, क्योंकि दोनों देशों के बीच बस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल के कारण सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा है। श्यामली परिवहन के मालिक अबानी घोष पश्चिम बंगाल परिवहन निगम के साथ भारत से बस सेवाओं का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि अव्यवस्था और कर्फ्यू के बीच हमने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए सेवा चलाने के हर संभव प्रयास किए। हमें आज से सेवाओं के सामान्य होने की उम्मीद थी, लेकिन जैसे ही हमारी बस सौहार्द बॉर्डर प्वाइंट पेट्रापोल पर पहुंची तो हमें बताया गया कि अंतर-देशीय बस सेवाएं अगली सूचना तक बंद कर दी गई हैं।

### बांग्लादेश में गैर मुस्लिमों पर नहीं थम रहे हमले

# खतरे में अल्पसंख्यक समुदाय

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से हिंदू, बौद्ध सहित गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों पर हमलों की घटनाएं लगातार जारी हैं। विभिन्न जिलों में हिंसा, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस अस्थिरता के माहौल में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एक्य परिषद् ने मंगलवार शाम पिछले दो दिनों के दौरान देशभर में हुए गैर मुस्लिम समुदाय (हिंदू, बौद्ध और क्रिश्चियन) के घरों और पूजा स्थलों पर हमले की सूची जारी की है। इसके मुताबिक शेरपुर के शत्रीबर्दी में युवक एकता परिषद के अध्यक्ष के घर पर हमला कर लूटपाट की गई। इसी तरह, खुलना के रूपसा थाने के हाइसगाती गांव में श्यामल कुमार दास और स्वजन कुमार दास के घर पर हमला हुआ। खुलना जिले में ही जिला एकता परिषद के अध्यक्ष बिमान बिहारी अमित और युवक एकता परिषद के अध्यक्ष अनिमेष सरकार रिंटू के टुटपाड़ा स्थित घरों पर भी हमला कर लूटपाट की गई। दाकोप के बनिसांता के आमतली में जयंत गाइन के घर पर हमला हुआ। वहीं, खुलना के ही कई अन्य इलाकों में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले, तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। फेनी में दुर्गा मंदिर पर हमला किया गया। दिनाजपुर में फूलतला श्मशान घाट पर कब्जा कर लिया गया और परबतिपुर के काली मंदिर समेत पांच मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। मंगलवार को बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद ने अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले की जो सूची जारी की है, उसमें 56 घटनाओं का जिक्र है।

दिनाजपुर के सेताबगंज बोचागंज में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले और लूटपाट की घटनाएं जारी हैं। चिरिरपोर्ट थाने के धल्ला गांव में भी अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के घरों पर हमला कर तोड़फोड़ की गई। नर्सिंगदी में पूजा उदयापन परिषद के नेता दीपक साहा के घर और कार्यालय पर हमला कर लूटपाट की गई। लक्ष्मीपुर में चंद्रगंज के गौतम मजुमदार के घर पर हमला, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की गई। किशोरगंज के कुलियारचर के अगोरपुर गांव में नकुल कुमार और सुशांत के घर पर आगजनी की गई। चटगांव के राउजान में उज्ज्वल चक्रवर्ती के घर पर हमला हुआ।



## अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस राजी

**ढाका।** बांग्लादेश में लंबे समय तक सत्तारूढ़ रहीं शेख हसीना के छात्र आरक्षण आंदोलन की हिंसक लपटों के बीच देश छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बांग्लादेश के प्रमुख बांग्लाभाषी अखबार प्रोथोम अलो के अनुसार, नोबेल पुरस्कार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को राजी हो गए हैं। प्रोथोम अलो और द डेली स्टार अखबार के अनुसार, आंदोलन के समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार तड़के एक वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि प्रो यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उनकी प्रो यूनुस से बात हो गई है। छात्रों के आह्वान पर वह बांग्लादेश की रक्षा के लिए यह अहम जिम्मेदारी लेने को तैयार हो गए हैं। उन्होंने अपनी सहमति दे दी है।

### हिंसा और तख्तापलट केवल छात्र आंदोलन नहीं

## बांग्लादेश की घटना से भारत को सबक लेने की जरूरत

» **जब अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान के साथ अन्य कई आतंकी ताकतें किसी देश में हस्तक्षेप करती हैं, तो ऐसा ही होता है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन इतना बढ़ा कि शेख हसीना को अपनी सत्ता छोड़कर देश से भागना पड़ा। वह भारत पहुंचीं और कई देशों से अपने लिए शरण की गुहार लगाती दिखीं। लेकिन, यह मत सोचिए कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है, वह बांग्लादेश तक ही सीमित है। क्योंकि, जब अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान के साथ अन्य कई आतंकी ताकतें किसी देश में हस्तक्षेप करती हैं, तो ऐसा ही होता है। इसका इसके पहले सबसे बेहतर उदाहरण अफगानिस्तान और श्रीलंका में हुआ तख्तापलट है। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई शेख हसीना की सरकार ने ये सोचा भी नहीं होगा कि पाकिस्तान की राह पर चलकर वहां भी सेना के इशारे पर तख्तापलट की साजिश होगी और वह भी छात्र आंदोलन की आड़ में, जिसमें देश की आतंकी ताकतें भी शामिल होंगी।

यह जो आंदोलन बांग्लादेश में देखने को मिला, यह केवल बांग्लादेश तक ही सीमित है, ऐसा सोचना हमारे लिए भी खतरनाक हो सकता है। क्योंकि, पश्चिमी देश जो दूसरे देशों के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करते हैं, तो उसका असर ऐसा ही होता है। शेख हसीना लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी प्रक्रिया के जरिए चौथी बार चुनकर वहां की सत्ता पर काबिज हुई थीं। लेकिन, वहां बेगम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन, जमात-ए-इस्लामी यह पचा नहीं पा रही थी और फिर अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का जिस तरह से उन्हें सपोर्ट मिला, उसी की तस्वीरें आपको बांग्लादेश में नजर आ रही है। शेख हसीना अमेरिका और चीन की परवाह किए बिना बांग्लादेश को 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के तहत विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही थीं। इस वजह से एशिया के कई देशों के मुकाबले 'विकास और हैप्पीनेस' के मामले में बांग्लादेश बेहतर स्थिति में था, जो अमेरिका और चीन सहित पाकिस्तान की कई ताकतों को एकदम पसंद नहीं आ रहा था। सुपर पावर अमेरिका बांग्लादेश में एयरबेस के लिए जमीन मांग चुका था और शेख हसीना ने इससे इनकार कर दिया था। अमेरिका इससे नाराज था और वह चाहता था कि हसीना बांग्लादेश का चुनाव हार जाएं।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एलओआर यानी लेटर्स ऑफ़ रेकमेंडेशन की सबसे ज्यादा जरूरत विदेश में पढ़ने जाने वाले स्टूड़ेंट्स को होती है। एलओआर की ही मदद से स्टूड़ेंट्स को एडमिशन देने वाली कमेटी समझ पाती है कि स्टूडेंट कोर्स करने की सभी योग्यताओं को पूरा करता है। एलओआर मुख्य रूप से प्रोफेसर द्वारा लिखा जाता है जो आपके बारे में सब कुछ जानता है और इसके अलावा वे यूनिवर्सिटीज के लिए स्टूड़ेंट्स को शॉर्टलिस्ट करने में भी हेल्प करता है। एलओआर स्टूड़ेंट्स के लिए यूनिवर्सिटीज में एक रैफरी की भूमिका निभाता है।

# विदेशी विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए एलओआर लिखवाना होता है अनिवार्य




## कॉमन मिस्टेक्स

*एलओआर तैयार करना कोई आसान काम नहीं है। वास्तव में, यह आपके एमएस एप्लिकेशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है जिसके लिए बहुत समय और योजना की आवश्यकता होती है। लेकिन एलओआर लिखते समय कुछ सामान्य गलतियां होती है। यहां सबसे आम और बार-बार होने वाली भूलों की लिस्ट दी गई है-*

- **सबसे पहली भूल है इंटरनेट से एक सामान्य एलओआर को कॉपी-पेस्ट करना।**
- **आपके रेफरी को आपको अच्छी तरह से जानना चाहिए और आपका संदर्भ लिखने के लिए उचित रूप से योग्य होना चाहिए।। गलत रेफरी को चुनना आपकी भूल हो सकती है।**
- **आपका एलओआर केवल आपके एसओपी और सीवी का पुनरावलोकन नहीं होना चाहिए।**
- **आपका एलओआर विश्वविद्यालय के लेटरहेड पर टाइप (हस्तलिखित नहीं) होना चाहिए और एक सीलबंद लिफाफे के अंदर रखा जाना चाहिए। अन्यथा, आपके एलओआर की प्रामाणिकता संदिग्ध है।**
- **आपके एलओआर में प्रासंगिक जानकारी का अभाव होना आपकी गलती हो सकती है।**
- **वर्तनी की गलतियाँ एक बड़ी गलती हैं। यह उस व्यक्ति की विश्वसनीयता के बारे में संदेह पैदा कर सकता है जो आपकी सिफारिश कर रहा है।**
- **एलओआर में राजनीतिक रूप से गलत भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।**
- **आपका एलओआर लगभग एक पृष्ठ लंबा होना चाहिए – जिसका अर्थ है कि ए4 पेज पर लिखे जाने पर लगभग 500 से 600 शब्द होने चाहिए।**

## आवश्यक विशेषताएं

एलओआर उन उम्मीदवारों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है जो विदेश में कोर्स करने के लिए या फिर जॉब प्रोफाइल के लिए आवेदन करते हैं। इसके लिए किसी उम्मीदवार की योग्यता निर्धारित करने के लिए आवंटित मूल्यांकन समिति ने उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात नहीं की है या उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर नहीं जाना है और उन्हें यह नहीं पता होगा कि उम्मीदवार कितना प्रतिभाशाली और सक्षम है जब तक कि उनके मौजूद दस्तावेज उनके व्यक्तित्व और लक्षणों को उजागर नहीं करते। एलओआर का मसौदा तैयार करते समय आपको कुछ प्रमुख पॉइंट्स पर ध्यान देना है।

- **एलओआर को सटीक रूप से स्पष्ट करने की आवश्यकता है। यह अनिवार्य रूप से पूरी जानकारी के साथ होना चहिए ताकि पाठक को आवेदक और उनके व्यक्तित्व के बारे में पता लगाया जा सकें।**
- **इसको ज्यादा आकर्षित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि तब ऐसा लगेगा कि लिखने वाला व्यक्ति उम्मीदवार की अतिरंजित छवि पेश करने की कोशिश कर रहा है।**
- **एक एलओआर को होलिस्टिक एप्रोच के साथ लिखा जाना चाहिए ताकि एक उम्मीदवार की ताकत और उपलब्धियों पर जितना प्रकाश डाला जाए, उसके कमजोर बिंदुओं पर भी चर्चा की जानी चाहिए जिससे दोनों के बीच संतुलन बना रहे।**
- **इसमें मौलिकता की भावना के साथ-साथ पर्सनल टच भी होना चाहिए क्योंकि यह कहीं और से कॉपी किया हुआ नहीं दिखना चाहिए।**
- **एलओआर लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें**

## एलओआर कौन लिखता है

- **सबसे पहले, यह कोई ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके साथ आपने अतीत में काम किया हो; जो आपके काम और व्यक्तित्व से परिचित है।**
- **दूसरे, सिफारिश किसी ऐसे व्यक्ति की होनी चाहिए जो आपका सीनियर हो। अपने साथियों और जूनियर से एलओआर मांगना उचित नहीं है।**
- **तीसरा, यह कोई ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो आपके काम से सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ हो। किसी ऐसे व्यक्ति से एलओआर मांगना जो आपके काम या उसके प्रभाव को नहीं समझता है, आपके लिए सही नहीं होगा।**
- **जिन उम्मीदवारों ने अभी-अभी ग्रेजुएशन किया है, वे एलओआर के लिए अपने प्रोफेसर या सुपरवाइजर से संपर्क कर सकते हैं।**
- **जो लोग अपना व्यवसाय करते हैं या पारिवारिक व्यवसाय चलाते हैं, वे अपने वेंडर्स, बैंकरों, सलाहकारों, ग्राहकों, ऑडिशन,इन्वेस्टर्स से एलओआर के लिए संपर्क कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने परिवार के सदस्यों को आपके लिए एलओआर लिखने के लिए न कहें।**

**एलओआर के प्रकार :** अकादमिक एलओआर अकादमिक एलओआर मुख्य रूप से अकादमिक इंस्टीटूशन के सद्स्यों के द्वारा स्टूडेंट्स को दिया जाता है। विदेश में पढ़ाई के लिए गए स्टूड़ेंट्स को वहाँ कि यूनिवर्सिटीज कम से कम एक अकादमिक एलओआर की मांग करती है। ऐसे में स्टूड़ेंट्स अपने पुरानी अकादमिक इंस्टीटूशन से हेल्प ले सकते हैं। इस तरह का एलओआर स्टूड़ेंट्स की योग्यता को दिखाता है कि वे इस कोर्स को शुरू करने के लायक है।

**प्रोफेशनल एलओआर :** विदेशों में ज्यादात्तर यूनिवर्सिटीज मुख्य रूप से मास्टर्स एडमिशन के लिए कार्य अनुभव की मांग करती है। वहीं प्रोफेशनल एलओआर आपको आपके सीनियर द्वारा या फिर आपकी पुरानी कंपनी के सहकर्मीयों द्वारा दिया जा सकता है। इसके अलावा स्टूड़ेंट्स को यह पता होना चाहिए कि प्रोफेशनल एलओआर लेटरहेड पर लिखा होना जरूरी है। प्रोफेशनल एलओआर काम करने की योग्यता के साथ वहाँ के वातावरण, टीमवर्क और शहर पर फोकस करता है।

## एलओआर का फॉर्मेट क्या रहता है

आमतौर पर एलओआर का प्रारूप में 4 से 5 पैराग्राफ में लिखे जाते हैं जिनमें आवेदक की योग्यता के बारे में अच्छी तरह से बताया गया होता है। हर एक पैराग्राफ में एक मुख्य सेक्शन होता है जो कैंडिडेट के बारे में जानकारी देता है। चलिए नीचे दिए गए पाइंट्स से समझते हैं एलओआर के प्रारूप के बारे में।

**फर्स्ट पैराग्राफ :** फर्स्ट पैराग्राफमें स्टूडेंट्स और रेकमेंडेर के बीच अच्छे रिलेशन को बनाना होता है। यह आमतौर पर व्यक्ति की ऐजुकेशन के साथ-साथ प्रोफेशनल डेजिग्नेशन को बताते हुए शुरू किया जाता है और अंत में यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि रेकमेंडेर ऐसा करने में क्यों खुशी जाहिर कर रहा है।

**सेकंड पैराग्राफ :** एलओआर के दूसरे पैराग्राफ में उम्मीदवार की संभावित ताकत के साथ-साथ उन गुणों के बारे में बात करनी चाहिए जो उसे आगामी कोर्स के साथ और अधिक मदद करेंगे।

**थर्ड पैराग्राफ :** थर्ड पैराग्राफ में आपको उम्मीदवार की क्षमताओं के साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के प्रति समर्पण को बताते हुए वास्तविक परिदृश्य के बारे में बताना होगा।

**फोर्थ पैराग्राफ :** आखरी पैराग्राफ में लिखेंगे कि कैसे आपकी क्षमताएं आपको उस कोर्स के लिए एक आदर्श उम्मीदवार बनाती हैं जिसमें आप नामांकन करने वाले हैं ये लिख कर अपने एलओआर को खत्म करेंगे।

## एलओआर लिखते समय ध्यान रखने योग्य आवश्यक टिप्स ये हैं-

*एलओआर आमतौर पर 400-500 शब्द का निबंध होता है। यह पत्र उम्मीदवार के कौशल, क्षमताओं, ताकत और कमजोरियों के बारे में बात करता है। ध्यान रखने योग्य सबसे महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक यह है कि जानकारी सटीक होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप एसोसिएशन की प्रकृति और उसके कार्यकाल का उल्लेख कर रहे हैं। आपके एलओआर पर काम करते समय ध्यान में रखे जाने वाले कुछ पॉइंट नीचे दिए गए हैं:*

1. अधिकांश विश्वविद्यालयों को एलओआर को पिछले संस्थान या कंपनी के आधिकारिक लेटरहेड पर होना आवश्यक है।
2. एक पेशेवर एलओआर जारी करते समय, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एलओआर लिखने वाला अभी भी कंपनी में काम कर रहा हो।
3. आपको यह समझना चाहिए कि एलओआर एसओपी के समान नहीं होता है, क्योंकि वे दो अलग-अलग दस्तावेज हैं।
4. आपके व्यक्तित्व के विभिन्न दृष्टिकोणों और पहलुओं को प्रदर्शित करने के लिए एक आदर्श एलओआर की आवश्यकता होती है जो आपके रेज़्यूमे या एसओपी में नहीं बताए गए हैं।




## एलओआर किसके लिए और क्यों जरूरी

वे सभी जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से एलओआर की आवश्यकता होगी, विशेष रूप से वे जो विदेश में पढ़ाई करने की योजना बना रहे हैं। पढ़ाई के स्तर और कोर्स की फील्ड की परवाह किए बिना; छात्रों को आमतौर पर अकादमिक और पेशेवर पृष्ठभूमि से संबंधित 2 एलओआर की आवश्यकता होती है। कई बार, यूजी लेवल के कोर्स में दाखिला लेने वाले स्टूड़ेंट्स के पास कार्य अनुभव नहीं होता है; इस प्रकार, वे स्कूल के टीचर, इंस्टिट्यूट टीचर, प्रोफेसर,काउंसलर इनसे एलओआर के लिए अनुरोध कर सकते हैं। जबकि मास्टर्स करने वाले स्टूडेंट्स एलओआर के लिए अपने लास्ट नियोक्ता, इंटर्नशिप प्रबंधक, कॉलेज के प्रोफेसर से लैटर प्राप्त कर सकते हैं।